

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 22 अगस्त 2026 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष -42 ■ अंक-144 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 23 अगस्त 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## सिर्फ दो पद गाने के कांग्रेस के फैसले की निंदा

### नवनियुक्त भाजपा पदाधिकारियों की बैठक

**नई दिल्ली,22 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को एक प्रस्ताव पास करके कांग्रेस वर्किंग कमिटी के उस फैसले की निंदा की, जिसमें कांग्रेस के कार्यक्रमों में 'वंदे मातरम' को सिर्फ़ शुरुआती दो छंदों तक ही गाने का फ़ैसला किया गया था। पार्टी ने राष्ट्रीय गीत के पूरे वर्शन के सम्मान की रक्षा करने का संकल्प लिया। यह प्रस्ताव पार्टी की उस बैठक में पारित किया गया, जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने की और जिसमें नव-नियुक्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। पार्टी मुख्यालय में आयोजित बैठक से पहले भाजपा नेताओं ने राष्ट्रगीत के सभी छह पद गाए।बीजेपी ने कहा कि छह छंदों वाला पूरा राष्ट्रगीत भारत की राष्ट्रीय चेतना और स्वतंत्रता संग्राम की विरासत का प्रतीक है। पार्टी ने इसे सांप्रदायिक दबाव, राजनीतिक तुष्टीकरण या वोट-बैंक की राजनीति का शिकार बनाने की कोशिशों का विरोध करने का संकल्प लिया। पार्टी ने 'वंदे मातरम' के इतिहास, महत्व और विरासत को उजागर करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान की भी घोषणा की, जिसमें युवा पीढ़ी को जागरूक करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। महात्मा गांधी के उस बयान का हवाला देते हुए, जिसमें उन्होंने 'वंदे मातरम' को पूरी तरह से देशभक्ति की भावना वाला साम्राज्यवाद-विरोधी नारा बताया था, बीजेपी ने इस संदेश को पूरे देश में फैलाने की योजना साझा की। भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवैधानिक सार्वजनिक पद पर 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक एक राष्ट्रव्यापी सेवा अभियान, या 'सेवा पखवाड़ा' आयोजित करने की योजना बना रही है। 'सेवा संकल्प महोत्सव' नाम के इस 15-दिन के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत देश भर में स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण कार्यक्रम और स्वास्थ्य शिविर जैसी जन-सेवा और कल्याणकारी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

यह अभियान प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक पद पर 25 साल पूरे होने के समय के साथ मेल खाएगा; 7 अक्टूबर 2026 को वे इस पद पर 25 साल पूरे करेंगे, जो उस दिन की याद दिलाएगा जब उन्होंने 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली थी। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को राष्ट्रीय संयोजक के तौर पर इस अभियान की देखरेख की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रमों के तालमेल के लिए हर राज्य में सात सदस्यों की एक टीम बनाई जाएगी, जिसमें एक मंत्री, एक संगठनात्मक महासचिव और पांच वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।



### भाजपा मनाएगी 'सेवा पखवाड़ा

बीजेपी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवैधानिक सार्वजनिक पद पर 25 साल के सफर का जश्न मनाने के लिए 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 'सेवा पखवाड़ा' का आयोजन कर रही है। इस 'सेवा संकल्प महोत्सव' के तहत देशभर में स्वच्छता अभियान, रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर जैसी जन-सेवा गतिविधियों के साथ-साथ पीएम मोदी के सुशासन, विकास और अंत्योदय पर आधारित उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। यह अभियान 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके राजनीतिक कार्यकाल की शुरुआत को चिह्नित करता है। भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवैधानिक सार्वजनिक पद पर 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक एक राष्ट्रव्यापी सेवा अभियान, या 'सेवा पखवाड़ा' आयोजित करने की योजना बना रही है।

### स्कूल बस की चपेट में आकर मासूम की मौत

**बेमेतरा,22 अगस्त।** बेमेतरा के बंसापुर-सेमरिया में शनिवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। डीएवी पब्लिक स्कूल जांता की बस की चपेट में आने से 4 साल की शिवि साहू की मौके पर ही मौत हो गई। शिवि अपनी बड़ी बहन को स्कूल बस में बैठाने के लिए घर से बाहर आई थी। बच्चे बस में चढ़ रहे थे। इसी दौरान बस आगे बढ़ी और बच्ची उसके पहिए की चपेट में आ गई। हादसे के बाद बस ड्राइवर और कंडक्टर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही खड़सरा चौकी पुलिस पहुंची और बस को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। बच्ची के शव को जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस अब हादसे की परिस्थितियों और ड्राइवर की भूमिका की जांच कर रही है।

### चोरों ने ज्वेलर्स दुकान में बोला धावा

**रायपुर,22 अगस्त।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है, जहां चोरों ने ज्वेलर्स दुकान में धावा बोलकर लाखों के गहने पार कर लिए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है। यह पूरा मामला खम्हारडीह थाना क्षेत्र का है। चोरों ने बिती रात कचना के बाजार चौक स्थित शिव ज्वेलर्स दुकान को निशाना बनाया और कटर मशीन से ताला काटकर चोरी की वारदात को अंजाम दे डाला।

**आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस**-बताया जा रहा है कि चोरों ने ज्वेलर्स दुकान से करीब 10 से 15 किलो चांदी और सोने की ज्वेलरी पार किया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

### संविधान के प्रति कांग्रेस के निष्ठा संदेह के घेरे में: राजनाथ

**नई दिल्ली,22 अगस्त।** वंदेमातरम को लेकर छिड़ी बहस के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस द्वारा वंदे मातरम का सम्मान करने से औपचारिक रूप से न केवल इंकार करना, बल्कि सीधे सीधे विरोध करना, अत्यंत दुर्भाग्य जनक और संवैधानिक दृष्टि से बहुत गंभीर विषय है। भारत के संविधान के अनुसार, संसद देश का सर्वोच्च संस्था है और संसद से पारित कोई भी क़ानून हर व्यक्ति के लिये बाध्यकारी है। उन्होंने कहा कि यदि कोई इसे मानने से मना करता है तो निश्चित रूप से संविधान के प्रति उनकी निष्ठा संदेह के घेरे में आ जाती है और यदि राष्ट्र गीत का सम्मान करने से कोई मना करता है.

## पिकअप और ट्रक की टक्कर में 3 मजदूरों की मौत

**अंबिकापुर,22 अगस्त।** बलरामपुर जिले में राजपुर-कुसमी मार्ग पर सेवारी के पास देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मजदूरों से भरी एक तेज रफ्तार पिकअप सड़क पर बाक्साइट लोड ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में पिकअप सवार 3 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 7 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, सूरजपुर जिले के ग्राम नरोला के 10 मजदूर पिकअप वाहन में सवार होकर टमाटर की खेती के सिलसिले में शंकरगढ़ जा रहे थे। देर रात करीब 2 बजे राजपुर थाना क्षेत्र में यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही राजपुर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल राजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने 3 मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान रान साय (34), उदय कुमार (25) और अमर साय (35) के रूप में हुई है। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद 7 गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल कराया है और परिजनों को सूचित कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



## आरक्षण के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन, कई हिरासत में

**नई दिल्ली,22 अगस्त।** दिल्ली में 'रिज़र्वेशन हटाओ आंदोलन' द्वारा जंतर मंतर पर जाति आधारित आरक्षण के विरोध में एक बड़ा प्रदर्शन हुआ, जिसमें आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करने और मौजूदा कोटा नीतियों की समीक्षा की मांग की गई। प्रदर्शनकारियों ने SC, ST, OBC में क्रीमी लेयर के नियम को सख्ती से लागू करने पर जोर दिया, जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में ले लिया। यह घटना आरक्षण प्रणाली में सुधार की बढ़ती सार्वजनिक मांग को रेखांकित करती है।

दिल्ली पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया, जब जाति-आधारित आरक्षण के विरोध में जंतर-मंतर पर लोगों की भारी भीड़ जमा हुई थी। इस प्रदर्शन को मुख्य रूप से सोशल मीडिया के ज़रिए रिज़र्वेशन हटाओ आंदोलन ने संगठित किया था। यह इंस्टाग्राम पर चलने वाला एक कैंपेन है, जिसने अपने फ़ॉलोअर्स से इस प्रत्यक्ष विरोध प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की थी। इंस्टाग्राम पर इस पेज के लगभग 56 लाख (5.6 मिलियन) फ़ॉलोअर्स हैं। विरोध प्रदर्शन स्थल पर बार-बार यह मांग उठाई गई कि सरकारी सहायता और लाभ पाने का आधार केवल जाति नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से पिछड़ापन होना चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा, कोटा नीतियों में बदलाव और आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों के लिए ज़्यादा समर्थन की भी मांग की। 'रिज़र्वेशन हटाओ आंदोलन' के बैनर तले प्रदर्शनकारी जाति-आधारित आरक्षण का विरोध कर रहे थे। वे बैनर, पोस्टर और केसरिया झंडे लिए हुए थे और मांग कर रहे थे कि आरक्षण आर्थिक आधार पर होना चाहिए।

## मोबाइल कैमरे से की थी प्रश्नपत्र की वीडियो रिकार्डिंग

### 36 घंटे में पेपर लीक कांड का खुलासा, प्रोफेसर समेत छह गिरफ्तार



रायपुर,22 अगस्त। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की बीएससी कृषि द्वितीय वर्ष की कीटशास्त्र परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक करने के मामले में राजधानी पुलिस ने घटना के महज 36 घंटे के भीतर मुख्य आरोपी प्रोफेसर सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देश पर एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा थाना तेलीबांधा पुलिस की संयुक्त टीम ने तकनीकी जांच और मैदानी कार्रवाई के जरिए पेपर लीक के पूरे नेटवर्क का खुलासा किया। मामले में दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, प्रकरण का मुख्य आरोपी एवं मास्टरमाइंड योगेश सोनकेसरिया, भारती एग्रीकल्चर कॉलेज, दुर्ग में वर्ष 2019 से प्रोफेसर के पद पर पदस्थ है। आरोप है कि उसने परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र के लिफाफे में छेद कर मोबाइल कैमरे से प्रश्नपत्र की वीडियो रिकॉर्डिंग की और उसकी सामग्री तैयार कर छात्रों को 11 हजार रुपये में बेच दी।

#### परीक्षा से पहले सोशल मीडिया पर वायरल हुआ प्रश्नपत्र

20 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक विश्वविद्यालय के अंतर्गत 28 कृषि महाविद्यालयों में बीएससी कृषि द्वितीय वर्ष द्वितीय सेमेस्टर के एजीसीएच-221 कीटशास्त्र विषय की परीक्षा आयोजित होनी थी। परीक्षा शुरू होने से पहले ही सुबह करीब 8.41 बजे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, कवर्धा के ई-मेल पर प्रश्नपत्र लीक होने की सूचना मिली। इसके बाद संबंधित अधिकारियों को भी ई-मेल से जानकारी दी गई। छात्रों और छात्र प्रतिनिधियों ने व्हाट्सऐप के माध्यम से प्रश्नपत्र के कुछ प्रश्न वायरल होने की सूचना विश्वविद्यालय को दी। शिकायत के बाद थाना तेलीबांधा में छत्तीसगढ़ सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम, 2008 की धारा 4, 5 एवं 10 तथा धारा 316 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

#### 100 से अधिक टीमों ने शुरू की जांच

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने 100 से अधिक टीमें गठित कर रायपुर, दुर्ग, कबीरधाम, बिलासपुर और आसपास के क्षेत्रों में रवाना कीं। साइबर टीम ने सोशल मीडिया पर वायरल प्रश्नपत्र, स्क्रीनशॉट, फोटो, मैसेज और पोस्ट का तकनीकी विश्लेषण किया। प्रश्नपत्र सबसे पहले किस मोबाइल नंबर, अकाउंट अथवा डिजिटल माध्यम से प्रसारित हुआ, इसकी टाइमलाइन तैयार कर डिजिटल संपर्कों और संदिग्धों की गतिविधियों की जांच की गई। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने सबसे पहले अनुज मिंज को दुर्ग से पकड़ा। पूछताछ और मिले साक्ष्यों के आधार पर अन्य आरोपियों तक पुलिस पहुंची।

#### लिफाफे में छेद कर बनाया वीडियो

जांच में सामने आया कि योगेश सोनकेसरिया 17 अगस्त को भारती एग्रीकल्चर कॉलेज की उत्तर पुस्तिकाएं जमा करने कृषि महाविद्यालय रायपुर आया था। इसके बाद उसने आगामी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र प्राप्त किए। सभी प्रश्नपत्र कॉलेज में रखने के बावजूद 20 अगस्त की परीक्षा के कीटशास्त्र विषय का प्रश्नपत्र वह अपने घर ले गया। आरोप है कि घर पर उसने सुई और नुकीले उपकरण से लिफाफे में छोटा छेद किया और मोबाइल कैमरा अंदर डालकर प्रश्नपत्र की वीडियो रिकॉर्डिंग कर ली। इसके बाद प्रश्नपत्र की सामग्री तैयार कर अपने कॉलेज के छात्र अजय नायक और दो अन्य छात्रों को कुल 11 हजार रुपये में बेच दी। आगे अजय नायक ने प्रश्नपत्र त्रिदेव पटेल, नितिन पाण्डेय, अनुज मिंज और आदित्य साहू को उपलब्ध कराया।

#### छह आरोपी गिरफ्तार, दो की तलाश

पुलिस ने मामले में योगेश सोनकेसरिया, अजय नायक, त्रिदेव पटेल, नितिन पाण्डेय, अनुज मिंज और आदित्य साहू को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 11 हजार रुपये नगद, छह मोबाइल फोन, वीडियो रिकॉर्डिंग डिवाइस, केबल तार, मोबाइल कनेक्टर, सुई, सुजा और फेविकोल जब्त किए गए हैं। पुलिस के अनुसार मामले में शामिल दो अन्य आरोपी फरार हैं। उनकी तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर पेपर लीक प्रकरण में अन्य लोगों की भूमिका और पूरे नेटवर्क के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।



## देश को कलंकित करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ जरूरी

### प्रतिबंधित दवा के सेवन से मिली सफलता होती है क्षणिक

**जसवंत क्लॉडियस,वरिष्ठ स्वतंत्र खेल पत्रकार, टी वी कमेंटेटर,रायपुर,छग**

पिछला सप्ताह भारतीय खेल संसार के लिए एक और काला अध्याय जोड़ गया। खेलकूद के माध्यम जहां खिलाड़ी अपने देश का, खुद का, परिवार का नाम रौशन करना चाहते हैं . कुछ समय बाद वही खिलाड़ी खेलकूद टूर्नामेंट के निर्धारित नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अपने देश का, समाज का, और खेल भावना को तार तार कर रहे होते हैं। एक खिलाड़ी का जीवन 16 से 20 वर्ष तक माना जाता है। अर्थात् खेल जीवन की शुरुआत 16 वर्ष से मान लिया जाए तो वह अधिक से अधिक 32 से 35 वर्ष की उम्र की होती है। अर्थात् 16 से 35 वर्ष के दौरान किशोर से लेकर युवा तक कैरियर बनाने की महत्वपूर्ण अवधि होती है। कैरियर किस क्षेत्र में बनाना है ?यह सब कुछ अभिभावकों, शिक्षकों, परिवार के वृद्धजनों से सलाह मशविरा करके तय किया जाता है .खिलाडिय़ों को कोई एक खेल चुनकर उसमें विशेषज्ञता हासिल करने आगे बढऩा पड़ता है। राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी बनने के लिए त्याग, समर्पण, मेहनत ,समय की पाबंदी आदि की मिसाल पेश करनी होती है। इसके लिए एक खिलाड़ी को ना जाने हार-जीत के कितने दौर से गुजरना पड़ता है। इस दौरान लगातार असफलता प्राप्त होने पर खिलाड़ी अपने भविष्य को लेकर चिंतित हो जाता है. यही वो क्षण होता है कि जब खिलाड़ी विजयी होने के लिए नियम विरुद्ध कदम उठाता है। अतिरिक्त शारीरिक शक्ति प्राप्त करने के लिए खिलाड़ी ऐसी दवाइयों का इस्तेमाल करता है, जो उसके लिए प्रतिबंधित होता है. इस उपाय से खिलाड़ी हीरो तो बन जाता है लेकिन उसके मूत्र या पेशाब की जांच होती है तो वह पकड़ में आता है तथा वह हीरो से जीरो हो जाता है। भारत में इन दिनों जिस तरह विभिन्न खेलों के विजेताओं को केंद्र, राज्य सरकारों तथा सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओ या निजी औद्योगिक घरानों द्वारा पैसों, जमीन, आदि से मालामाल कर दिया जाता है तो उभरता हुआ खिलाड़ी को उसके निकट मित्र और सलाहकार उसे इसी गलत मार्ग को अपनाने की सलाह देते हैं। अनुचित तरीके से मिली सफलता से खिलाड़ी यह अनुमान नही लगा पाते हैं कि उनके गलत कृत्य के उजागर होने पर उसका पुरस्कार मिट्टी में मिल जाएगा। परिवार को लज्जा झेलनी पड़ेगी और सबसे दुर्भाग्य की बात उसके कारण देश को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदा होना पड़ेगा। गत दिनों एथलेटिक्स की हेप्टाथलीट स्वप्ना जकार्ता एशियाई खेलों 2018 की स्वर्ण पदक विजेता तथा भालाफेंक के प्रतिभागी शिवपाल सिंह 2019 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता डोप टेस्ट में पकड़े गए।



स्वप्ना के सैंपल में बोल्डेनोन नाम प्रतिबंधित एनाबालिक एंड्रोजेनिक स्टोरायड जबकि शिवपाल सिंह के सैंपल में मेथेनडिप्नोन नामक प्रतिबधित स्टेरापड सेवन की पुष्टि हुई। यह बेहद अफसोस की जानकारी है कि शिवपाल डोप में दूसरी बार पकड़े गए। अब शिवपाल को दस वर्ष का प्रतिबंध लगाया गया है। इस तरह अभी भी भारतीय खेल जगत को कलंकित करने वाले ना जाने कितने खिलाड़ी छुपे होंगे। उनके लिए इन दो खिलाडिय़ों पर हुई कार्यवाही एक चेतावनी है कि वे अगर सामान्य खान पान से प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ नहीं सकते तो मैदान छोड़ दें लेकिन देश के सम्मान को ठेस न पहुंचाए। प्रतिबंधित दवा लेते हुए अभी हाल में हाकी खिलाड़ी मयंक शर्मा पर चार साल और धाविका संजना सिंह पर पांच वर्ष का प्रतिबंध लगाया गया है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने साफ किया है कि इस तरह के 260 प्रकरणों के साथ भारत विश्व में पिछले तीन वर्षों से प्रथम स्थान पर है। खिलाडिय़ों के साथ प्रशिक्षकों आहार विशेषज्ञों और खिलाड़ी की देखरेख कर रहे चिकित्सकों के खिलाफ भी कठोर कार्यवाही होनी चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि ऐसे प्रकरण बढऩे से भारत को भविष्य में हर प्रकार के खेल आयोजन से वंचित होना पड़ सकता है। खिलाडिय़ों को जागरूक करने के लिए ऐसे विषय को शिक्षा के पाठ्यक्रमों में सम्मिलित किया जाना चाहिए।

# नवपदस्थ कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने जिला कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 22 अगस्त।** नवपदस्थ कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने पदभार ग्रहण करने के बाद जिला कार्यालय की विभिन्न शाखाओं एवं विभागीय कक्षों का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न शाखाओं में पहुंचकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विभागीय कार्यप्रणाली एवं कार्यालयीन व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया।




इसके बाद कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला कार्यालय के विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया और संबंधित विभागों में संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों एवं विभागीय कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी आपसी समन्वय के साथ टीम भावना से कार्य करें। जिले के विकास को गति देने के लिए उत्कृष्टता और गुणवत्ता को प्राथमिकता देते हुए अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले के समग्र विकास के लिए सभी विभागों का बेहतर समन्वय और योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को शासन की योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने तथा आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति राजस्व विभाग के कार्यों को महत्वपूर्ण बताते हुए राजस्व प्रकरणों के निराकरण में समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागीय कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करें, ताकि आम नागरिकों को शासकीय सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार सभी शासकीय कार्यों को अनिवार्य रूप से ई-फाइल के माध्यम से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री नरेन्द्र पैकरा, श्री सागर सिंह राज, श्री रामप्रसाद आचला, एसडीएम पंडरिया श्री संदीप ठाकुर, कवर्धा श्री चेतन साहू, लोहारा श्रीमती शिल्पा देवांगन, बोड़ला श्री आशुतोष शर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री रुचि शार्दूल, अधीक्षक श्री राजेंद्र धुर्वे सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### कबीरधाम जिले को मिली नारी शक्ति के रूप में कलेक्टर तुलिका प्रजापति



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 22 अगस्त।** कबीरधाम जिले की नवपदस्थ कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने आज शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। श्रीमती तुलिका प्रजापति 2016 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी हैं और वे कबीरधाम जिले की 21वीं कलेक्टर हैं। पदभार ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने जिले के प्रशासनिक कार्यों की जिम्मेदारी संभाल ली है। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति इससे पूर्व मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले की कलेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की संचालक, पशुपालन विभाग की उप सचिव के पद पर दायित्वों का निर्वहन किया है। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति बेमेतरा, बलरामपुर और कोरिया जिले में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के रूप में भी कार्य कर चुकी हैं।

### धान संग्रहण केंद्रों का ठाकुर ने किया निरीक्षण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 22 अगस्त।** जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने सेलूद एवं जेवरा सिरसा धान संग्रहण केंद्रों का निरीक्षण कर धान भंडारण, उठाव और परिवहन व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से शेष धान एवं सुरक्षित भंडारण की जानकारी भी ली। सेलूद केंद्र में लगभग 3.93 लाख क्विंटल धान संग्रहित हुआ, जिसमें करीब 7,800 क्विंटल शॉर्टेज की जानकारी सामने आई। राकेश ठाकुर ने आरोप लगाया कि समय पर धान का उठाव और परिवहन नहीं होने से शॉर्टेज की स्थिति बनी तथा इसका आर्थिक बोझ समितियों पर पड़ा। उन्होंने भाजपा सरकार को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हुए समय पर परिवहन और धान के सुरक्षित रख-रखाव की मांग की।

### फर्जी वेबसाइट से खाद्य लाइसेंस के नाम पर ठगी, कारोबारियों को सावधान रहने की अपील

**दुर्ग, 22 अगस्त ।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने खाद्य कारोबारियों को फर्जी वेबसाइटों और अधिक राशि वसूलने वाले बिचौलियों से सावधान रहने की अपील की है। विभाग के संज्ञान में आया है कि फर्जी वेबसाइट foodlicenseportalorg के जरिए खाद्य पंजीयन/लाइसेंस के नाम पर राशि लेकर ठगी की जा रही है। ग्राम हिंगना निवासी हरजिंदर सिंह भी इस वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर 2 हजार रुपये का भुगतान कर धोखाधड़ी का शिकार हुए।उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खाद्य पंजीयन एवं लाइसेंस के लिए आवेदन केवल स्नस्स्ढ्ढ के अधिकृत पोर्टल foscos.fssai.gov.in से ही करें। खाद्य पंजीयन का निर्धारित शुल्क 100 रुपये वार्षिक तथा खाद्य लाइसेंस का शुल्क 5 हजार रुपये है। कारोबारियों से अपील की गई है कि अनधिकृत वेबसाइट, व्यक्ति या च्वाइस सेंटर को व्यक्तिगत जानकारी अथवा निर्धारित शुल्क से अधिक राशि न दें।

### सावन मेला में सीएम की धर्मपत्नी कौशल्या देवी एवं सरोज पाण्डेय हुईं शामिल, झूले का लिया आनंद

**दुर्ग,22 अगस्त।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा आयोजित दो दिवसीय रिमझिम सावन मेला-2026 का शुभारंभ आज विवेकानंद सभागार में भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा डॉ. सरोज पाण्डेय तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया।इस अवसर पर श्रीमती कौशल्या देवी साय एवं डॉ. सरोज पाण्डेय का निगम की एमआईसी सदस्यों एवं पार्षदगण द्वारा गरिमामय स्वागत किया गया। श्रीमती कौशल्या देवी साय,डॉ सरोज पांडेय के साथ महापौर अलका बाघमार ने सावन झूले का आनंद भी लिया। मेले में महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों, प्रतियोगिताओं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं विभिन्न स्टॉलों की व्यवस्था की गई है, जिसका शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक आनंद लिया।सावन मेला हमारी संस्कृति और परंपरा का जीवंत उत्सव ־कौशल्या देवी साय श्रीमती कौशल्या देवी साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश की कला, संस्कृति एवं परंपराओं को सहेजने और उन्हें नई पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। सावन उत्सव हमारी संस्कृति और सभ्यता की खूबसूरत पहचान है। उन्होंने कहा कि दुर्ग का रिमझिम सावन मेला हर वर्ष नई उम्मीद और नई ऊर्जा लेकर आता है। यह आयोजन मनोरंजन, संस्कृति और सामाजिक एकता का सुंदर संगम बन चुका है।उन्होंने कहा कि इस मेले ने दुर्ग शहर की सांस्कृतिक पहचान को नया आयाम दिया है और नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी इसकी सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण है। उन्होंने महापौर अलका बाघमार सहित नगर निगम की पूरी टीम को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन निरंतर होते रहने चाहिए, ताकि हमारी लोक संस्कृति और परंपराएं सदैव जीवंत रहें।डॉ. सरोज पाण्डेय ने कहा कि सावन मेला केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि दुर्ग की आत्मा, संस्कृति और परंपराओं का जीवंत प्रमाण है।

ऐसे आयोजन महिलाओं को अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि सावन मास में आयोजित यह कार्यक्रम समाज के सभी वर्गों को जोड़ने के साथ ही लोक संस्कृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने आयोजन को निरंतर जारी रखने की शुभकामनाएं दीं।महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने कहा कि रिमझिम सावन मेला की सफलता में शहरवासियों, निगम के अधिकारियों-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं सभी स्टॉल संचालकों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि यह मेला अब केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि दुर्ग शहर की सांस्कृतिक पहचान और धरोहर बन चुका है। अगले वर्ष इसे और भी व्यापक एवं भव्य स्वरूप में आयोजित किया जाएगा।महिलाओं ने खेलों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में दिखाई प्रतिभारिमझिम सावन मेले में महिलाओं ने तीज क्वीन, दौड़, कुर्सी दौड़ सहित विभिन्न मनोरंजक खेलों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लोकगीत एवं लोकनृत्य की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और पूरा सभागार सावन के उल्लास से गूंज उठा।

### चीनी हुआ 70 रुपया किलो , कैसे पियेगा आम आदमी चाय

**कवर्धा, 22 अगस्त।** कबीरधाम जिले में गांवों में 70 रुपया चीनी सुनते ही किसानों, मजदूरों के होश उड़ गए उन्होंने कहा की इतना महंगा चाय कैसे पियेंगे। सुबह से ही महंगी चाय पर चर्चा गांव ओर शहरों में शुरू हो गई है ।

## एक नजर

### रेलवे संपत्ति पर अवैध कब्जा, आरोपी गिरफ्तार




**दुर्ग, 22 अगस्त (तछसं.)।** दुर्ग रेलवे संपत्ति पर अवैध कब्जे के 19 साल पुराने मामले में फरार आरोपी को आरपीएफ थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है भिलाई के वीर नारायण नगर निवासी समीम खान के खिलाफ वर्ष 2012 से स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी था आरोपी वर्ष 2010 से सऊदी अरब में रहकर काम कर रहा था आरपीएफ की लगातार पतासाजी और समझाइश के बाद वह भारत लौटा, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर विशेष रेलवे न्यायालय रायपुर में पेश किया गया दुर्ग आरपीएफ टीआई संजीव सिन्हा ने बताया कि दर्ज अपराध क्रमांक 11/2007 में आरोपी के खिलाफ रेलवे संपत्ति अवैध कब्जा अधिनियम की धारा 3 (अ) के तहत मामला दर्ज था वारंट की तामील के लिए गठित टीम आरोपी के बिहार के सिवान स्थित निजामपुर गांव पहुंची और परिजनों से पूछताछ कर उसके सऊदी अरब में होने की जानकारी जुटाई आरपीएफ टीम को आरोपी के घर आने की सूचना मिली इसके बाद दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया गया पूछताछ में उसने वारंट में दर्ज नाम और पता अपना होना स्वीकार किया। कार्रवाई के बाद उसे विशेष रेलवे न्यायालय रायपुर के समक्ष पेश किया गया एक साल में 30 वारंटों की तामील आरपीएफ दुर्ग लंबित वारंटों की तामील के लिए लगातार अभियान चला रही है दुर्ग आरपीएफ टीआई ने बताया कि पिछले एक वर्ष में करीब 30 लंबित वारंटों में आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है लगातार सम्पर्क से भारत लौटने को तैयार आरपीएफ टीम ने आरोपी और उसके परिजनों से संपर्क बनाए रखा और न्यायालय में लंबित मामले की कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के लिए भारत लौटकर आत्मसमर्पण करने की समझाइश दी इस के बाद आरोपी सऊदी अरब से भारत लौटा और आरपीएफ पोस्ट दुर्ग में उपस्थित हुआ ।

### भीम सोनकर जिलाबदर



**भिलाई, 22 अगस्त (तछसं.)।** आपराधिक गतिविधियों में लगातार संलिप्त रहने और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के बावजूद सुधार नहीं होने पर जिला प्रशासन ने गैंगखोली वार्ड-12 निवासी आदतन अपराधी भीम सोनकर (34 साल ) को एक वर्ष के लिए जिलाबदर कर दिया है जिला दंडाधिकारी दुर्ग ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 5 (ख) के तहत आदेश जारी किया है। सोनकर को दुर्ग समेत रायपुर, बेमेतरा, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, राजनांदगांव, बालोद और धमतरी जिले की सीमाओं से बाहर रहने के निर्देश दिए गए हैं कुम्हारी प्रभारी पुरुषोत्तम कुर्रे ने बताया कि खिलाफ 2016 से 2024 के बीच मारपीट, गाली-गलौज और धमकी समेत पांच आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। पुलिस की कई प्रतिबंधात्मक कार्रवाइयों के बाद भी सुधार नहीं होने पर जिलाबदर की कार्रवाई की गई।

### बेरोजगार युवक से 12 लाख की ठगी



**भिलाई, 22 अगस्त (तछसं.)।** पुलिस आरक्षक की नौकरी लगवाने का झांसा देकर बेरोजगार युवक से 12 लाख रुपए ठगने के मामले में उतई पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने वर्ष 2023 में नौकरी लगवाने का भरोसा देकर रकम ली थी। नौकरी नहीं लगने और पैसे वापस नहीं करने पर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत की उतई थाने पुलिस ने दोनों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है उतई टीआई मोहन भारद्वाज ने बताया कि ग्राम सेलूद निवासी गेंदलाल बंछोर ने 20 अगस्त को शिकायत दर्ज कराई उन्होंने बताया कि बेमेतरा के ग्राम अतरिया निवासी उमेश दास मानिकपुरी ने उनके पुत्र विकास बंछोर को पुलिस आरक्षक की नौकरी दिलाने का भरोसा दिया था इस के एवज में 12 लाख रुपए लिए गए रकम लेने के बाद न नौकरी लगाई गई और न राशि वापस की गई बैंक खाते और मोबाइल की जांच शिकायत के बाद पुलिस ने रकम के लेन-देन और उपलब्ध साक्ष्यों की जांच शुरू की। साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ धारा 318 (4) और 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया गया। जांच के दौरान संभावित ठिकानों पर दबिश देकर उमेश दास मानिकपुरी और बिलासपुर निवासी राजेश वर्मा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से प्रकरण से संबंधित बैंक खाता और एक मोबाइल भी जब्त किया है रकम के लेन-देन समेत अन्य पहलुओं की जांच जारी है ।

# रिसाली में विकास कार्यों का विधायक ललित ने किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली,22 अगस्त।** रिसाली निगम क्षेत्र के मैत्रीनगर, शक्ति विहार, लक्ष्मी नगर और इस्पात नगर वार्ड में दो करोड़ पचपन लाख पच्चीस हजार की राशि से सड़क, नाली, सड़क चैड़ीकरण, सामुदायिक भवन, सौंदर्यीकरण और उद्यान संधारण के कार्य किए जायेंगे। शुक्रवार को दुर्ग ग्रामीण विधायक वार्डों तक पहुंचे और विकास कार्यों की नींव रखी। उन्होंने रिसाली निगम क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों को आम जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है। उन्होंने चुनावी दौरे का हवाला देते हुए कहा कि उन्हें क्षेत्र के मतदाताओं ने जिताया है। जबसे वें विधायक बने है लगातार विकास कार्यों की भूमिपूजन प्राथमिकता के आधार में कर रहे है। उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद वे जल्द ही लोकार्पण करने भी आऐंगे। उन्होंने पूरे 40 वार्डों में बिना भेदभाव के स्वीकृत कार्यों को पूरा कराने पर जोर दिया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद सुनंदा चंद्राकर, डॉ. सीमा साहू, अनूप डे, विलास राव बोरकर, धर्मेन्द्र भगत, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, मनीष यादव, शीला नारखेड़े, सविता ढवस, रमा साहू, ईश्वरी साहू, सरिता देवांगन समेत मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, राजू जंघेल आदि उपस्थित थे। रिसाली निगम क्षेत्र के वार्ड क्र. 27 मैत्रीनगर में 44 लाख 9 हजार से नाली, पॉथवे निर्माण, गार्डन निर्माण, सौंदर्यीकरण और पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य होगा। इसी तरह वार्ड 28 शक्ति विहार में डोम शेड, नाली, पेवर ब्लॉक, पुलिया निर्माण, सड़क संधारण, उद्यान नवीनीकरण, नाली निर्माण आदि कार्य 01 करोड़ 08 लाख 89 हजार, वार्ड 29 लक्ष्मी नगर में 62 लाख 14 हजार और वार्ड 30 इस्पात नगर में 39 लाख 32 हजार से विकास कार्य होंगे।इस्पात नगर वार्ड पार्षद अनूप डे ने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर को विकास कार्य की सौगात देने के लिए आभार व्यक्त किया। पार्षद ने भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक का नागरिकों की ओर से अभिनंदन किया। शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया।



# नई श्रम संहिताओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 22 अगस्त ।** भिलाई इस्पात संयंत्र में 21 अगस्त को भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की केंद्रीय टीम के भिलाई प्रवास के दौरान नई श्रम संहिताओं एवं उनके अंतर्गत विभिन्न श्रमिक कल्याणकारी प्रावधानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों और श्रमिकों को नई श्रम संहिताओं के प्रावधानों से अवगत कराना तथा श्रमिक कल्याण से जुड़े विषयों पर संवाद स्थापित करना था। तीन सदस्यीय केंद्रीय टीम का नेतृत्व श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के निदेशक (श्रम सुधार) डॉ. पी. के. जेना ने किया। टीम में अवर सचिव संजय कुमार तिवारी एवं श्रम कल्याण आयुक्त ओ. पी. सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल सहित श्रम प्रशासन, ईपीएफओ, ईएसआईसी और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बीएसपी की विभिन्न यूनियनों के प्रतिनिधियों, मानव संसाधन एवं श्रम कल्याण अधिकारियों तथा एनएसपीसीएल और एसआरयू के कर्मचारियों एवं श्रमिकों ने भी सहभागिता की। डॉ. पी. के. जेना ने नई श्रम संहिताओं के विधायी ढांचे, प्रमुख प्रावधानों और श्रमिक कल्याणकारी उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। संवाद एवं प्रश्नोत्तरी सत्र में प्रतिभागियों ने केंद्रीय टीम के अधिकारियों के समक्ष अपने प्रश्न और सुझाव रखे। कार्यक्रम के दौरान बीएसपी की सीएसआर एवं श्रमिक कल्याण सुविधाओं पर आधारित डॉक्यूमेंट्री भी प्रदर्शित की गई। अंत में महाप्रबंधक राजीव कुमार ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को श्रमिकों एवं कर्मचारियों के बीच नई श्रम संहिताओं और कल्याणकारी प्रावधानों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की महत्वपूर्ण पहल बताया गया।

### 30 सितंबर तक संपत्तिकर जमा करने पर मिलेगी 4 प्रतिशत की विशेष छूट

**भिलाई, 22 अगस्त ।** नगर निगम भिलाई ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 का संपत्तिकर समय पर जमा करने वाले करदाताओं के लिए 4 प्रतिशत की विशेष छूट की घोषणा की है। इस छूट का लाभ लेने की अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित की गई है।

निगम प्रशासन ने समस्त संपत्ति करदाताओं से अपील की है कि वे निर्धारित अंतिम तिथि से पूर्व अपना संपत्तिकर जमा कर विशेष छूट का लाभ उठाएं। संपत्तिकर का भुगतान नगर पालिक निगम कार्यालय, वार्डों में भ्रमण कर रहे टैक्स कलेक्टर अथवा ऑनलाइन माध्यम से किया जा सकता है। निगम ने नागरिकों से समय पर संपत्तिकर जमा करने और 4 प्रतिशत की विशेष छूट का लाभ लेने की अपील की है।

# सीएम पोर्टल में शिकायत पर स्कूल की बाउंड्रीवाल से लगा अवैध कब्जा हटाया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 22 अगस्त ।** नगर निगम द्वारा नागरिकों से ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में सीएम पोर्टल पर प्राप्त एक शिकायत के आधार पर निगम की टीम ने जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत वार्ड क्रमांक 24 हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए शासकीय स्कूल की बाउंड्रीवाल से लगे अवैध कब्जे को हटा दिया।

प्राप्त शिकायत में शासकीय स्कूल की बाउंड्रीवाल से लगे स्थान पर अवैध कब्जा किए जाने की जानकारी दी गई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निगम के संबंधित विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थल का निरीक्षण किया। जांच के बाद अवैध कब्जे की पुष्टि होने पर निगम अमले ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कब्जे को हटा दिया। निगम प्रशासन ने बताया कि नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए ऑनलाइन माध्यमों से प्राप्त शिकायतों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शासकीय भूमि, सार्वजनिक स्थानों और सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# नराकास की बैठक में वार्षिक पुरस्कार वितरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 22 अगस्त ।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 63वीं छमाही बैठक एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 21 अगस्त को भिलाई इस्पात संयंत्र के सिविक सेंटर स्थित भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में कार्यपालक निदेशक एवं कार्यकारी अध्यक्षए नराकास पवन कुमार के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक प्रभारी ;संपर्कए प्रशाण् एवं जनसंपर्कद्ध अमूल्य प्रियदर्शी उपस्थित थे।




सर्वप्रथम अतिथिगण ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ कियाए तत्पश्चात अमूल्य प्रियदर्शी एवं राघवेन्द्र कुमार गर्ग ने शॉलए श्रीफ्ल व पुस्तक भेंटकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए राघवेन्द्र कुमार गर्ग ने कहा कि नराकास के सदस्य संस्थानों ने राजभाषा नीतियों के कार्यान्वयन एवं क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुपालन में सदैव उत्कृष्ट व प्रशंसनीय भूमिका का निर्वहन किया है। इसी का परिणाम है किए नराकासए भिलाई.दुर्ग को नियमित रूप से अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार व सम्मान प्राप्त होने का क्रम बना हुआ है। नराकास परिवार हिंदी में समस्त कार्यालयीन कामकाज सहित अपने समस्त कार्यों में श्रेष्ठ निष्पादन करें तथा निरंतर नए शिखरों को स्पर्श करेए यही हम सबका सतत प्रयास है। बैठक की कार्यवाही में सर्वप्रथम विगत बैठक का अनुपालन प्रतिवेदन एवं आगत तिमाही के लिए कार्यसूची का वाचन किया गयाए जिसके अनुमोदन के उपरांत विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई व महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मुख्य अतिथि पवन कुमार ने वर्ष 2025.26 के लिए सर्वश्रेष्ठ की श्रेणी में नराकास प्रोत्साहन सम्मान घोषित किए जाने कीबधाइयाँ दीं और कहा किए ये पुरस्कार सभी संस्थानों के समेकित प्रयासोंए हिंदी के प्रति समर्पण व राजभाषा नीति के कार्यान्वयन का ही परिणाम है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आने वाले समय में हम और भी श्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। नराकास को पूर्व में भी अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्कृष्टता का यह क्रम निरंतर जारी रहेगा। विशिष्ट अतिथि अमूल्य प्रियदर्शी ने नराकासए भिलाई.दुर्ग को भारत सरकारए गृह मंत्रालयए राजभाषा विभाग द्वारा वर्ष 2025.26 के लिए सर्वश्रेष्ठ की श्रेणी में नराकास प्रोत्साहन सम्मान घोषित किए जाने की बधाइयां दीं तथा आने वाले समय में और भी अधिक प्रतिष्ठित उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा किए पुरस्कार और सम्मान का यह क्रम अनवरत रूप से बना रहेए इसके लिए हमारा यह दायित्व बनता है किए हम न केवल इस स्तर को बनाए रखेंए वरन इसे और भी उच्च स्तर तक ले जाने के लिए निरंतर प्रयास करें। कार्यक्रम में नरेन्द्र सिंह मेहराए उप निदेशक एवं कार्यालयाध्यक्षए भारतए सरकारए गृह मंत्रालयए राजभाषा विभागए क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय ;मध्यद्ध भोपाल की ओर से विशेष रूप से प्रेषित संदेश का वाचन किया गया। संचालन उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी व आभार प्रदर्शन सुश्री वंदना चौधरी ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

## स्नेहा हल्दर ने अबुधाबी शतरंज में जीता चौथा स्थान

**राजनंदगाव,22 अगस्त (तछसं)।** एन.आर.सी.ए.शतरंज संस्था से जुड़ी भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त जूनियर महिला शतरंज़ खिलाड़ी भारत की फिडे मास्टर कलकत्ता निवासी सत्रह वर्षीय कु.स्नेहा हल्दर पिता भोगिरथ हल्दर ने 32वे अबुधाबी इंटरनेशनल शतरंज फेस्टिवल में महिला ब्लिट्ज फार्मेट में आयोजित शतरंज स्पर्धा में चौथा स्थान प्राप्त किया वा देश का नाम रोशन किया इन्हें आयोजको द्वारा अठारह हज़ार रुपए की राशि पुरस्कार में दी गई



है.स्नेहा हल्दर की अन्तराष्ट्रीय शतरंज रेटिंग शतरंज़ के सभी फार्मेट में 2200 से अधिक हो गई है जो इनके शतरंज़ खेल के समर्पण को दर्शाती है.पिछले छः वर्षों से निरंतर स्नेहा हल्दर ने एन.आर.सी.ए. राजनांदगांव जिले की इस संस्था का नाम छत्तीसगढ़,वा भारतवर्ष मैं शतरंज़ के क्षेत्र में बढ़ाया है यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है ,जिसका आभार संस्था द्वारा निरंतर किया गया है.स्नेहा हल्दर की सफलता का श्रेय पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद जी, देबेन्द्रू बरुआ जी,असित बरन चौधरी,सारा बांग्ला शतरंज़ एसोसिएशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम,आर.बी.रमेश सर,आरती मैम,पी.वी.रवि,अभिजीत मंडल, कुमार,वा अन्य सभी को जाता है जिन्होंने इन्हें अपना सहियोग दिया.वर्तमान में स्नेहा हल्दर अबुधाबी में शतरंज खेल की अंतरराष्ट्रीय शतरंज़ स्पर्धा की क्लासिकल फार्मेट की शतरंज़ स्पर्धा खेल रही है वा जल्द भारत की महिला ग्रैंडमास्टर बन ने की ओर अग्रसर है.संस्था के संरक्षक विवेक वासनिक जी, अध्यक्ष मोहम्मद अज़हर नवाज़,मो.शहरयार, बाबू रॉव जी, दीपक चौरसिया, डी.एल.टेम्भूरकर,शेख इदु,रामप्रसाद पाल,वा अन्य सभी पदाधिकारी सदस्यों ने शुभकामनाएं दी वा उज्ज्वल भविष्य की कामना की है..उक्त जानकारी संस्था के संयोजक मतीन खान द्वारा दी गई है.

## श्री शैलम मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग का दर्शन कर साझा किया अनुभव

**डोंगरगढ़,22 अगस्त (तछसं)।** धर्म नगरी डोंगरगढ़ के एक ग्रुप ने श्री शैलम मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग का दर्शन कर अपना अनुभव सांझा किया ।ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि श्रीशैलम स्थित मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग का दर्शन और यात्रा अनुभव अत्यंत



अलौकिक, शांत और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण है। आंध्र प्रदेश में नलमला की पहाड़ियों के बीच और कृष्णा नदी के तट पर बसा यह पवित्र स्थल दुनिया का एकमात्र ऐसा स्थान है जहाँ ज्योतिर्लिंग और शक्तिपीठ दोनों एक साथ स्थित हैंयात्रा और दर्शन का अनुभवप्राकृतिक सौंदर्य पहाड़ियों,हरियाली और बहती कृष्णा नदी (पाताल गंगा) के बीच स्थित होने के कारण यहाँ पहुँचते ही मन को असीम शांति मिलती है।विशेष धार्मिक महत्वः यहाँ भक्तों को अन्य कई बड़े मंदिरों की तरह दूर से नहीं, बल्कि स्वयं ज्योतिर्लिंग का स्पर्श कर अभिषेक करने का दुर्लभ सौभाग्य प्राप्त होता है।माता भ्रामरम्बा दर्शनः मंदिर परिसर में देवी पार्वती के रूप में स्थापित माता भ्रामरम्बा के दर्शन किए जाते हैं, जहाँ ऐसा विश्वास है कि भंवरे के गुंजन जैसी सूक्ष्म ध्वनि सुनाई देती है।व्यवस्थाएंः मंदिर में प्रवेश से पहले मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक सामान जमा करने की सुरक्षित व्यवस्था है। दर्शन के लिए सामान्य और शीघ्र दर्शन दोनों काउंटर उपलब्ध होते हैं।

## कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त शिकायत पर घास भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

**राजनांदगांव ,22 अगस्त (तछसं)।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में आज डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम सेम्हरा में राजस्व विभाग की टीम ने घास मद की शासकीय भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया। कलेक्टर



जनदर्शन में प्राप्त शिकायत के आधार पर राजस्व विभाग द्वारा ग्राम सेम्हरा स्थित खसरा नंबर 449 की भूमि का जांच एवं स्थल निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान उक्त घास मद की शासकीय भूमि पर चुरामन पिता मनबोध द्वारा अतिक्रमण किया जाना पाया गया। इसके बाद अतिरिक्त तहसीलदार श्री सोनित मेरिया के नेतृत्व में राजस्व अमले द्वारा मौके पर पहुंचकर नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई तथा शासकीय भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। जिला प्रशासन ने कहा कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने तथा आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए नियमानुसार कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## छतीसगढ़ में समान नागरिक संहिता के प्रारूप पर मंथन

**रायपुर, 22 अगस्त.**छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता (Uniform Civil Code - UCC) लागू करने और इसका प्रारूप तैयार करने की दिशा में राज्य सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। शासन द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की उपस्थिति में आगामी 27 अगस्त 2026 को राजधानी के कन्वेंशन हॉल, न्यू सर्किट हाउस, सिविल लाइन, रायपुर में एक राज्य स्तरीय परिचयात्मक बैठक आयोजित की जा रही है। इस महत्वपूर्ण और संवेदनशील विषय पर व्यापक विचार-विमर्श करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 200 प्रबुद्ध नागरिक, जनप्रतिनिधि और विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में शामिल होने वाले प्रतिनिधियों के विचार, अनुभव और सुझाव कानून के भावी स्वरूप को गढ़ने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बैठक में समान नागरिक संहिता के विभिन्न प्रावधानों, सामाजिक प्रभावों और व्यावहारिक पहलुओं पर गहराई से चर्चा की जाएगी। राज्य शासन का उद्देश्य एक ऐसा समावेशी और संतुलित प्रारूप तैयार करना है जो राज्य के सभी वर्गों के हितों का ध्यान रख सके।

# चंदखुरी से आरंग तक 71 किलोमीटर की सामाजिक सद्भाव विशाल कांवड़ यात्रा का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़





**तिल्दा-नेवरा,22 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री एवं आरंग विधायक तथा सतनामी समाज के गुरु खुशवंत साहेब ने आज माता कौशल्या की पुण्यधरा चंदखुरी से हजारों कांवड़ियों की उपस्थिति में सामाजिक सद्भाव विशाल कांवड़ यात्रा का शुभारंभ किया।तीन दिवसीय यह ऐतिहासिक यात्रा चंदखुरी से आरंग तक लगभग 71 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। यात्रा गांव-गांव पहुंचेगी और "बोल रहा अब हिंदुस्तान, मनखे-मनखे एक समान" के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएगी। यह कांवड़ यात्रा केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, समरसता और सद्भाव का संदेश देने वाला जनअभियान है। हजारों कांवड़िए इस संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं कि समाज में न कोई भेदभाव हो और न ही दूरी—हर मन में प्रेम तथा हर हृदय में अपनत्व का भाव कायम रहे।

यात्रा के शुभारंभ अवसर पर भाजपा जिला प्रभारी रायपुर ग्रामीण सुरेंद्र पाटनी, छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा, छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजीव लोचन दास महाराज, छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधीय पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन कुमार अग्रवाल सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, सर्व समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सामाजिक सद्भाव के संदेश के साथ शुरू हुई यह यात्रा क्षेत्र में भाईचारे, सामाजिक समरसता और एकता की भावना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

# नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक सफलता के बाद बस्तर में विकास की नई गति : मुख्यमंत्री

**रायपुर 22 अगस्त.** लंबे समय तक नक्सलवाद के कारण विकास की दौड़ में पीछे रहे बस्तर में अब शांति, विश्वास और विकास का नया दौर शुरू हुआ है। सुरक्षा के साथ-साथ सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार, रोजगार और आजीविका के क्षेत्र में तेजी से काम किया जा रहा है। बस्तर की प्राकृतिक संपदा, संस्कृति और पर्यटन की संभावनाओं को विकास से जोड़कर क्षेत्र के लोगों के जीवन में स्थायी बदलाव लाना हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने विगत दिवस मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में पत्र सूचना कार्यालय, चेन्नई के निदेशक श्री पी. अरुण कुमार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए चेन्नई के पत्रकारों के दल से चर्चा के दौरान यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री साय ने पत्रकारों से छत्तीसगढ़ में विकास की बदलती तस्वीर, बस्तर में नक्सलवाद के विरुद्ध मिली सफलता के बाद तेज हुई विकास गतिविधियों, राज्य की नई औद्योगिक विकास नीति, निवेश एवं रोजगार की संभावनाओं तथा शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो रहे विस्तार पर चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि लगभग चार दशकों तक नक्सलवाद ने बस्तर के विकास को गंभीर रूप से प्रभावित किया। दुर्गम क्षेत्रों में सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और संचार जैसी बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना बड़ी चुनौती थी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक सफलता मिली है।

## गलतफहमी की वजह से ही हम अपनों को खो देते हैं: श्रेयांशप्रभ सागर

■ तरुण छत्तीसगढ़

**राजनांदगांव 22 अगस्त।** खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य श्रेयांशप्रभ सागर जी ने आज यहां कहा कि हमें गलतफहमी की वजह से अपने को खोना पड़ जाता है। इससे मन में द्वेष उत्पन्न होता है और हमारी साधना में रुकावट आती है। उन्होंने कहा कि बेहतर होगा कि हम गलतफहमी को मन से निकाल दें और सामने वाले से बात कर गलतफहमी दूर कर लें। जैन बगीचा स्थित ज्ञानवल्लभ उपाश्रय भवन में अपने नियमित चातुर्मासिक प्रवचन की श्रृंखला में श्रेयांश मुनि ने कहा कि ज्यादातर गलतफहमी हमारी सोच और सुनी सुनाई बातों की वजह से होती है। हम सामने वाले की गलत तस्वीर मन में बना लेते हैं। किसी भी तथ्य को जाने बिना और जांचे बिना हम निष्कर्ष निकाल लेते हैं, यही गलतफहमी उत्पन्न होने का मुख्य कारण है। गलतफहमी की 99 प्रतिशत घटनाएं हमारी कल्पनाओं की वजह से होती है। मुनि श्री श्रेयांशप्रभ जी फरमाया कि हमारे व्यवहार का असर हमारे मन में होता है। हम सामने वाले के प्रति अपने मन में जल्दी ही भाव बना लेते हैं। यहां तक कि किसी दूसरे के व्यवहार को देखकर हम तीसरे के लिए भी विचार कर लेते हैं और यहीं से गलतफहमी उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि गलतफहमी की वजह से मन में हलचल मच जाती है।गलतफहमी हुई है तो



सामने वाले से बात कर इसका इलाज करें और अपनी गलती के लिए क्षमा मांगे।अपनी गलती के लिए क्षमा मांगना भी बड़ी बात है। श्रेयांशप्रभ जी ने कहा कि गलतफहमी दूर होने से मन साफ होता है, नहीं तो सारा जीवन हम गलतफहमी ही पाले रहते हैं।गलतफहमी को कभी मन में मत रहने दो। विचारों को विराम दो और सामने वालों के बारे में सोचना छोड़ दो। सामने वाले का विचार करते-करते हम खुद को भी खो देते हैं और सामने वाले को भी खो देते हैं। मन का कषाय जब तक दूर नहीं होगा तब तक हम आगे नहीं बढ़ पाएंगे, इसलिए गलतफहमी को दूर करो। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी ।

## तिल्दा से शुरू हुआ पांच दिवसीय 'विश्व बंधुत्व रक्तदान महाअभियान'

■ तरुण छत्तीसगढ़

**तिल्दा-नेवरा,22 अगस्त।** राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 19वीं पुण्यतिथि के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा संचालित राष्ट्रव्यापी 'विश्व बंधुत्व रक्तदान महाअभियान' के तहत तिल्दा स्थित ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेंद्र में पांच दिवसीय अभियान का शुभारंभ रक्तदान शिविर से हुआ। कार्यक्रम में बीएमओ डॉ. आशीष सिन्हा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, वरिष्ठ सीएचसी चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमा पैंकरा, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं पार्षद रानी सौरभ जैन, शासकीय शिक्षक सतीश वर्मा, रेडक्रॉस रायपुर प्रभारी डॉ. प्रभु नारायण, सुना अस्पताल की संचालिका डॉ. अलका सुना एवं सेवाकेंद्र प्रभारी बीके प्रियंका सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।शिविर में शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 23 लोगों को रक्तदान के लिए योग्य पाए जाने पर कुल 23 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। बीके प्रियंका ने कहा कि रक्तदान निस्वार्थ सेवा का माध्यम है और इससे जरूरतमंद व्यक्ति को जीवनदान मिल सकता है। रक्तदान समाज में सहयोग और विश्व बंधुत्व की



भावना को मजबूत करता है।शिविर का संचालन रेडक्रॉस रायपुर की टीम ने किया। कार्यक्रम में रक्तदान के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। पार्षद रानी सौरभ जैन ने रक्तदाताओं को पौधे सहित गमले भेंट किए। संस्था एवं रेडक्रॉस की ओर से रक्तदाताओं को 'हीरो ऑफ ह्यूमैनिटी' और 'प्राउड ब्लड डोनर' बैज लगाकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि पांच दिवसीय अभियान के दौरान अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं रायपुरवासियों ने मनाया संजय श्रीवास्तव का जन्मदिवस

**रायपुर, 22 अगस्त।** छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव का जन्मदिवस शुक्रवार को उनके निवास न्यू शांति नगर, रायपुर में उत्साह, आत्मीयता और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा के प्रमुख नेताओं, जनप्रतिनिधियों, समर्थक कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में रायपुरवासियों ने उनके निवास पहुंचकर श्रीवास्तव को जन्मदिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। संजय श्रीवास्तव के जन्मदिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी तथा पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी ने दूरभाष पर उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं और उनके स्वस्थ, सुखी एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। वहीं, उनके निवास पर दिनभर शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा। भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने श्रीवास्तव के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी।

इस अवसर पर श्री संजय श्रीवास्तव ने सभी आगंतुकों, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं रायपुरवासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जन्मदिवस के अवसर पर आप सभी का स्नेह, आशीर्वाद और शुभकामनाएं मेरे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आप सभी ने अपना बहुमूल्य समय निकालकर जिस आत्मीयता और अपनत्व के साथ मुझे शुभकामनाएं दीं, उसके लिए मैं हृदय से आभारी हूं। आपका स्नेह और विश्वास मुझे निरंतर जनसेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

## सेन समाज ने सीमा पर तैनात फौजी भाइयों के लिए भेजी राखियां

**रायपुर,22 अगस्त** ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ सेन समाज के राजधानी रायपुर के पदाधिकारी ने एवं अति पिछड़ा वर्ग उत्थान समिति द्वारा महिला प्रकोष्ठ के बहनों ने अपने-अपने घर से सीमा पर तैनात फौजी भाइयों एवं नक्सली क्षेत्र में तैनात सैनिक भाइयों के लिए रक्षाबंधन के त्योहार पर उनकी लंबी उम्र एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं करते हुए रक्षा सूत्र भेजा गया, जिसमें जिला अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर के नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ के बहनों के द्वारा राखियां भेजी गई ,,जिसमें जिला के संरक्षक नारायण प्रसाद सेन, राजू श्रीवास, छल्लू राम ठाकुर श्रीमती श्यामा सेन, श्रीमती लता श्रीवास, श्रीमती शांता भारत लाल सेन, कमलेश श्रीवास, विजेंद्र सेन , मथुरा नोहर लाल,,रमेश श्रीवास, सुशील सरेठे, अशोक सेन, जीवन लाल,अनुज सेन, नरेंद्र ठाकुर, पवन कुमार, अनिल ठाकुर , सुशील कौशिक, राज श्रीवास, सुशील श्रीवास ,श्री राधेश्याम श्रीवास, दिलीप सेन, श्रीमती इंद्राणी ठाकुर, कु. डॉ महक, प्रणव कुमार व्यास नारायण ठाकुर राजा गिरधर सेन ,सरोज ईसवर प्रसाद सेन, श्रीमती अंजलि सेन ,श्रीमती राणु संतोष ठाकुर ,अंकुश निखिल,हेमलाल सेन, फेकू राम ठाकुर, श्रीमती संतोषी नारायण सेन ,दीपा




रवि सेन ,कविता रूद्र सेन ,बंटी ठाकुर ,झरना नरेंद्र सेन, कुमारी बाई, सोंन बाई,दुलारी सेन,सभी ने अपने-अपने निवास एवं घर से फौजी तथा सैनिक भाइयों के लिए उनके जीवन की मंगल कामना करते हुए रक्षा सूत्र भेजो,उक्त जानकारी जिला के अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर एवं संरक्षक श्री नारायण सेन संयुक्त रूप से दी/

## गाय का दूध 60 और भैंस का 70 प्रति लीटर करने की मांग, तहसीलदार व थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**तिल्दा-नेवरा।** पशु आहार एवं अन्य सामग्री की बढ़ती कीमतों को देखते हुए तिल्दा-नेवरा के दूध विक्रेता संघ ने दूध के दाम बढ़ाने की मांग को लेकर हड़ताल का ऐलान किया है। संघ ने साथ दूध के रेट पर सहमति नहीं बनती, तब तक तिल्दा-नेवरा शहर में दूध विक्रेता संघ द्वारा दूध का वितरण नहीं किया जाएगा।संघ ने यह भी चेतावनी दी है कि हड़ताल के दौरान यदि कोई



तहसीलदार तिल्दा-नेवरा एवं थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांग से अवगत कराया।ज्ञापन में कहा गया है कि गाय के दूध का भाव 60 रुपये प्रति लीटर और भैंस के दूध का भाव 70 रुपये प्रति लीटर निर्धारित करने का प्रस्ताव रखा गया है, लेकिन डेयरी संचालकों की ओर से इस पर सहमति नहीं बनी है। संघ ने स्पष्ट किया है कि जब तक डेयरी संचालकों के दूध विक्रेता संघ के निर्णय के विपरीत दूध का वितरण करता है तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। संघ ने प्रशासन से हड़ताल में सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया है।इस निर्णय से तिल्दा-नेवरा में दूध की आपूर्ति प्रभावित होने की संभावना है, जिससे आम उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

## नकटी 'ब्लू वाटर' हादसा: 72 घंटे बाद भी युवक का सुराग नहीं

### इदरीस गांधी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर रेस्क्यू व्यवस्था पर उठाए गंभीर सवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर, 22 अगस्त।** नवा रायपुर के नकटी स्थित 'ब्लू वाटर' खदान में युवक मो. आदिल खान के डूबने की घटना को 72 घंटे बीत चुके हैं, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीस गांधी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। गांधी ने कहा कि उपलब्ध जानकारी



के अनुसार खदान की गहराई 200 से 400 फीट तक है, जबकि मौके पर मौजूद रेस्क्यू टीम की क्षमता करीब 60 फीट तक ही बताई जा रही है। इतनी गहराई वाले क्षेत्र में खोज के लिए विशेषज्ञ तकनीकी संसाधनों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि तीन दिन बीतने के बाद भी गहराई के अनुरूप संसाधन उपलब्ध नहीं होना जिला प्रशासन की तैयारियों और तत्परता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। ऐसे में अब स्थानीय संसाधनों तक सीमित रहने के बजाय विशेषज्ञ एजेंसियों की सहायता लेना जरूरी है। मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि भारतीय नौसेना के प्रशिक्षित डीप डाइवर्स अथवा केंद्रीय विशेषज्ञ टीम को तत्काल मौके पर बुलाया जाए तथा Underwater ROV, SONAR और हाई-डेप्थ कैमरा जैसे उपकरण उपलब्ध कराए जाएं, ताकि गहराई में वैज्ञानिक तरीके से सर्च ऑपरेशन चलाया जा सके। इदरीस गांधी ने कहा कि रायपुर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। राजधानी से लगे क्षेत्र में किसी गंभीर जल-हादसे के दौरान अत्याधुनिक रेस्क्यू क्षमता की तत्काल उपलब्धता सुनिश्चित होना जरूरी है। ऐसी घटनाएं रायपुर के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की आपदा-प्रबंधन व्यवस्था और प्रशासनिक क्षमता की छवि से भी जुड़ी हैं।

# फिर ऐसी पीड़ा न हो किसी को कौन सोचता है......

रोज हादसे होते रहते हैं,रोज हर उमर के लोग मरते रहते हैं,कोई अपनी गलती से मरता है तो कोई दूसरों की गलती से मरता है कोई चाहे अपनी गलती से मरे या किसी दूसरे की गलती से मरे,किसी न किसी को पीड़ा तो होती है।ज्यादातर लोग ऐसे होते हैं जो दूसरे की पीड़ा को महसूस नहीं करते है और सोचते है अपनी गलती के कारण उसे ऐसी पीड़ा हुई है,कुछ लोग होते हैं कि थोड़ी देर के पीड़ा महसूस करते हैं और सांत्वना देने तक ही सीमित रहते हैं।बहुत ही कम लोग ऐसे होते हैं जो अपनी या दूसरों की पीड़ा को इतनी गहराई से महसूस करते हैं कि वह सोचते है कि जैसी पीड़ा मुझे हुई है, वैसी पीड़ा किसी दूसरे को न हो।पीड़ा को बहुत गहराई से महसूस करने के कारण वह ऐसा कुछ करते भी हैं कि जैसी पीड़ा उनको किसी कारण से हुई है, वैसी पीड़ा दूसरों को न हो।ऐसे लोग मनुष्य समाज के लिए अनमोल होते हैं। ऐसे लोग ही समाज को पीड़ा से बचाने वाले होते हैं।राजनीतिक दल के नेता व पार्षद तो इसी बात पर राजनीति करते रह जाते हैं कि किसी को पीड़ा हुई है तो उसके लिए सरकार,शहर सरकार कितनी जिम्मेदार है। वह पीड़ा को लेकर हल्ला तो बहुत करते हैं लेकिन ऐसा कुछ नहीं करते हैं कि फिर वैसी पीड़ा किसी को न हो। बहुत सारे ऐसे छोटे छोटे काम होते हैं जो नहीं किए जाते है तो किसी एक परिवार को उससे तकलीफ होती है, किसी बस्ती के लोगों को तकलीफ होती है। ये छोटे छोटे काम तो कोई भी कर सकता है लेकिन ज्यादातर लोग सोचते हैं कि यह काम तो निगम का है या सरकार का है इसलिए वे किए नहीं जाते हैं और हादसे के बाद हादसे होते रहते हैं,कई परिवारों को तकलीफ होती है पर कोई सबक नहीं लेता है कहीं पर नाले को नहीं ढंके जाने पर किसी के घर के बच्चे की बहकर मौत हो जाती है,किसी गहरे खदान डूबकर युवकों की मौत हो जाती है,कहीं पर आंगनबाड़ी जाते बच्चे की गड्ढे में डूबकर मौत हो जाती है।इन तमाम लोगों को मरने के बाद हो हल्ला तो बहुत होता है। कोई निगम,कोई सरकार को और कोई प्रशासन को कोसता है। कुछ दिन जमकर राजनीति होती है,राजनीति करने वाले कुछ दिन राजनीति करके चुप हो जाते है। कोई यह नहीं सोचता है कि यह छोटा सा काम है यह काम तो हम शहर व मोहल्ले के कुछ लोग मिलकर सकते हैं।

अक्सर काम करने को कोई नहीं सोचता है क्योंकि जो घटनाएं होती है, उसकी पीड़ा को कोई गहराई से महसूस नहीं करता है। वह यह सोच ही नहीं पाता है कि हम मिलकर भी बहुत कुछ कर सकते है,हम सरकार या निगम के भरोसे क्यों रहे इस छोटे से काम के लिए।किसी मोहल्ले के घरों के पास नाला खुला हुआ है तो उस ढकने के लिए कोई लाखों रुपए नहीं लगने है, सौ पचास फर्शी पत्थर लाकर अस्थायी तौर पर नाले को ढका तो जा सकता है। सब बैठे रहे कि यह काम निगम करेगा और एक बच्चे की मौत हो गई।नकटी गांव के पास ब्लू वाटर खदान में फिर एक युवक की डूबने से मौत हो गई।वहां चेतावनी का बोर्ड लगे होने के बाद युवक नहाने पहुंच जाते हैं और उनमें कुछ अभागे लोगों की डूबने से मौत हो जाती है। सबको मालूम है कि यहां नहाने में खतरा है इसके बाद भी नहाने पहुंच जाते हैं क्योंकि इस ब्लू वाटर खदान के आसपास ऐसी व्यवस्था दस साल में नहीं की जा सकी है कि कोई गहरे खदान में नहाने के लिए जा नहीं सके। दस साल में दस लोगों की इस खदान में डूबने से मौत हो चुकी है। किसी की मौत हो जाने के बाद कुछ दिनों तक शोरशराबा होता है।फिर सब किसी की मौत का इंतजार करते रहते हैं।नकटी गांव में पंचायत है वह भी ऐसी कोई व्यवस्था कर सकती है कि लोग उस खदान तक न जा सकें। उसका कहना है कि उसने तो कई बार प्रशासन से मांग की यहां कंटीले तार लगाए जाएं लेकिन नहीं लगाए गए।दस साल ऐसे ही गुजर गए सब मांग करते रहे कि खदान के आसपास कंटीले तार लगा दिए जाएं,जिला प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया और दस साल में दस लोगों की मौत हो गई पंचायत को लगा कि कम से कम यहां चेतावनी बोर्ड लगा देना चाहिए तो उसने यह काम कर दिया। चेतावनी बोर्ड लगे होने के बाद भी मौत का सिलसिला नहीं रुका है।२०१७ से शुरू हुआ मौत का सिलसिला अब तक जारी है।एक मौत २०१७ में हुए,दूसरी २०१९ में हुई,४ लोगों की मौत २०२३ में हुई,२०२५ में दो लोगों की मौत हुई और अब २०२६ में एक युवक की मौत हुई है।

जिले के लोगों ने एक युवक की मौत से सबक लिए हुए होते, एक युवक की मौत की पीड़ा को किसी ने गहराई से महसूस किया होता तो कंटीले तार लगाने का काम कराया जा सकता था,कैसे भी कराया जा सकता था, इसके लिए दान मांगा जा सकता था, इसके लिए क्राउड फंडिंग हो सकती थी, इसके लिए जिले की लोकसेवा का काम करने वाली संस्थाओं को सहयोग करने को कहा जा सकता था।सोशन मीडिया का उपयोग कर लोगों से पैसा मांगा जा सकता था, लोग लाखों रुपए लोगों की सेवा के लिए हर साल खर्च करते हैं,समाज के काम में खर्च करते हैं लेकिन अफसोस दस साल में ब्लू वाटर खदान असुरक्षित का असुरक्षित रहा। एक एक कर दस परिवारों ने अपनों को खोया, इस खदान के कारण दस परिवारों को पीड़ा हुई लेकिन उस पीड़ा जिले की पीडा नहीं बन सकी। सबकी पीड़ा न बन सकी।अब भी मौका है जिले की जनसेवा करने वाली संस्थाओं का सामने आना चाहिए और ब्लू वाटर खदान को कंटीले तारों से घेरना जरूरी है तो यह काम उनको करवाना चाहिए।

## सू- दोकू क्र.137

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.136का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |

## शब्द सामर्थ्य -137

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| | ■ | 5 | | | | ■ | 6 | |
| 7 | 8 | | ■ | ■ | 9 | | ■ | ■ |
| ■ | 10 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 11 | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | ■ | 14 | | | ■ |
| | ■ | 15 | | 16 | | ■ | 17 | 18 |
| | ■ | | ■ | 19 | | 20 | ■ | |
| 21 | 22 | | 23 | | ■ | | ■ | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 136 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | ■ | ■ | प | यो | द | ■ |
| न | ■ | ह | क | दा | र | ■ | ल | य |
| ह | वा | ला | त | ■ | च | ■ | द | म |
| गा | ■ | ■ | रा | ज | म | ह | ल | ■ |
| र | ई | स | ■ | ग | ■ | स | ■ | अ |
| ■ | मा | ■ | प | त | वा | र | ■ | ल |
| ख | न | क | ना | ■ | ह | त | ■ | बे |
| स | दा | ■ | ह | ■ | वा | ■ | शो | ला |
| रा | र | ■ | ■ | ■ | ही | र | क | ■ |

**विश्लेषण**

# कश्मीर पर अमेरिकी सुर बदले: भारत का कद बढ़ा, पाक बेचैन

ललित गर्ग



अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर का 19 अगस्त 2026 को श्रीनगर में दिया गया यह बयान कि जम्मू-कश्मीर "भारत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा" है, सामान्य कूटनीतिक टिप्पणी मानकर नजरअंदाज करने योग्य नहीं है। यह ऐसे समय आया है जब कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान की धारणाओं के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार नए समीकरण बन रहे हैं। गोर ने जम्मू-कश्मीर की निरन्तर सुधर रही सुरक्षा स्थिति की बात कही और अमेरिकी यात्रा संबंधी परामर्श पर पुनर्विचार के संकेत भी दिए। पाकिस्तान ने इस बयान पर अमेरिका के शीर्ष राजनयिक को तलब कर तीखा विरोध दर्ज कराया। इस पूरे घटनाक्रम को केवल कश्मीर के संदर्भ में देखना पर्याप्त नहीं होगा। इसे भारत-अमेरिका संबंधों में आ रहे व्यापक परिवर्तन, दक्षिण एशिया की बदलती सामरिक संरचना और पाकिस्तान की घटती कूटनीतिक प्रभावशीलता के संदर्भ में समझना अधिक उचित होगा।

अमेरिका की कश्मीर नीति में लंबे समय से एक प्रकार की सावधानी रही है। वाशिंगटन सामान्यतः भारत और पाकिस्तान के बीच संवाद तथा शांतिपूर्ण समाधान की बात करता रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग की पूर्व घोषित नीति भी जम्मू-कश्मीर में सामान्य स्थिति और राजनीतिक-आर्थिक स्थिरता की वापसी का समर्थन करती रही है। इसलिए गोर का श्रीनगर में जाकर जम्मू-कश्मीर को भारत का "महत्वपूर्ण हिस्सा" कहना निश्चित रूप से भाषा के स्तर पर एक उल्लेखनीय परिवर्तन है। लेकिन इसे अमेरिका की पूरी कश्मीर नीति में तत्काल और औपचारिक परिवर्तन मानना भी जल्दबाजी होगी। किसी राजदूत का बयान और किसी सरकार की औपचारिक नीति में अंतर होता है। फिर भी कूटनीति में शब्दों का अपना महत्व होता है। विशेष रूप से तब, जब वही शब्द उस भूभाग में बोले जाएं जिसे पाकिस्तान दशकों से अंतरराष्ट्रीय विवाद के रूप में प्रस्तुत करता रहा है। इस दृष्टि से गोर का बयान भारत के लिए मनोवैज्ञानिक और कूटनीतिक दोनों स्तरों पर महत्वपूर्ण है।

इस बयान का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष जम्मू-कश्मीर की बदलती जमीन से जुड़ा है। गोर ने सुरक्षा व्यवस्था में सुधार का उल्लेख करते हुए यात्रा संबंधी अमेरिकी परामर्श में कमी लाने की संभावना जताई है। इसका अर्थ यह है कि वाशिंगटन अब कश्मीर को केवल सुरक्षा संकट या आतंकवाद की दृष्टि से देखने के बजाय पर्यटन, आर्थिक गतिविधियों और सामान्य जनजीवन की संभावनाओं वाले क्षेत्र के रूप में भी देख रहा है। यहीं से भारत-अमेरिका संबंधों की नई रोशनी दिखाई देती है। दोनों देशों के संबंध अब केवल व्यापार या रक्षा तक सीमित नहीं हैं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव, समुद्री सुरक्षा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, आपूर्ति-शृंखला और वैश्विक शक्ति-संतुलन जैसे विषयों ने भारत को अमेरिका के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बना दिया है। हालांकि दोनों देशों के बीच व्यापार और शुल्क जैसे मुद्दों पर मतभेद भी मौजूद हैं, फिर भी व्यापक सामरिक साझेदारी अपनी उपयोगिता बनाए हुए है। हाल में अमेरिकी विदेश मंत्री की भारत यात्रा का उद्देश्य भी तनावों के बीच संबंधों को सुदृढ़ करना और व्यापार तथा ऊर्जा सहयोग को आगे बढ़ाना था। इसलिए कश्मीर पर अमेरिकी भाषा को भारत-अमेरिका संबंधों के व्यापक पुनर्संतुलन का हिस्सा मानना अधिक तार्किक होगा। अमेरिका के लिए भारत अब केवल दक्षिण एशिया का एक बड़ा देश नहीं, बल्कि एशिया में शक्ति-संतुलन का प्रमुख आधार है। भारत के लिए भी अमेरिका महत्वपूर्ण है, लेकिन भारत ने अपनी विदेश नीति को किसी एक शक्ति के साथ पूर्ण निर्भरता के बजाय रणनीतिक स्वायत्तता पर आधारित रखा है।

यही कारण है कि भारत अमेरिका के साथ साझेदारी बढ़ाते हुए रूस, यूरोप, पश्चिम एशिया और अन्य शक्तियों के साथ भी अपने संबंध बनाए रखता है। कश्मीर के संदर्भ में यह घटनाक्रम पाकिस्तान के लिए निश्चित रूप से असहज करने वाला है। इस्लामाबाद ने गोर के बयान को अस्वीकार करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर एक विवादित क्षेत्र है और उसका अंतिम निर्धारण होना बाकी है। पाकिस्तान ने इसे अमेरिका की पूर्व स्थिति से विचलन बताते हुए औपचारिक विरोध दर्ज कराया।पाकिस्तान की समस्या यह है कि वह कश्मीर को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी विदेश नीति का केंद्रीय विषय बनाए रखना चाहता है, जबकि विश्व राजनीति की प्राथमिकताएं तेजी से बदल रही हैं। आतंकवाद, आर्थिक स्थिरता, चीन का बढ़ता प्रभाव, पश्चिम एशिया का संकट, समुद्री सुरक्षा और वैश्विक आपूर्ति-शृंखलाएं आज बड़ी शक्तियों की चिंता के केंद्र में हैं। ऐसे वातावरण में केवल कश्मीर के प्रश्न को बार-बार अंतरराष्ट्रीयकरण करने की पाकिस्तानी कोशिशों की प्रभावशीलता सीमित होती जा रही है। भारत ने दूसरी ओर लगातार यह रेखांकित किया है कि जम्मू-कश्मीर से जुड़े विषय भारत की संप्रभुता और द्विपक्षीय संबंधों के दायरे में आते हैं। गोर का श्रीनगर दौरा स्वयं इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि एक प्रमुख अमेरिकी राजनयिक ने जम्मू-कश्मीर की यात्रा की, वहां के निर्वाचित नेतृत्व से मुलाकात की और क्षेत्र की सुरक्षा तथा आर्थिक संभावनाओं पर सकारात्मक टिप्पणी की। यह पाकिस्तान की उस कोशिश के विपरीत है जिसमें वह कश्मीर को केवल विवाद और अस्थिरता के चश्मे से प्रस्तुत करना चाहता है।फिर भी भारत को इस बयान से अत्यधिक उत्साहित होकर यह मान लेने से बचना चाहिए कि अमेरिका ने कश्मीर पर अपनी संपूर्ण नीति बदल दी है। अमेरिका की विदेश नीति परिस्थितियों के अनुसार बदलती रहती है और वह भारत तथा पाकिस्तान दोनों के साथ अपने हितों को संतुलित करने की कोशिश करता है। आज भी वाशिंगटन के लिए पाकिस्तान आतंकवाद-रोध, क्षेत्रीय सुरक्षा और अफगानिस्तान सहित कुछ विषयों में उपयोगी साझेदार है। अतः भारत के लिए इस बयान का वास्तविक महत्व किसी औपचारिक अमेरिकी नीति-परिवर्तन से अधिक उस कूटनीतिक वातावरण में है, जिसमें भारत की स्थिति को पहले की तुलना में अधिक गंभीरता से लिया जा रहा है। यहां एक और महत्वपूर्ण बात है। कूटनीति में किसी देश का महत्व केवल इस बात से तय नहीं होता कि कितने देश उसके पक्ष में बयान दे रहे हैं, बल्कि इससे तय होता है कि वैश्विक शक्तियों के हित उसके साथ कितने गहरे जुड़े हैं। आज भारत की आर्थिक क्षमता, विशाल बाजार, तकनीकी सामर्थ्य, लोकतांत्रिक संस्थाएं, युवा शक्ति और सामरिक स्थिति उसे विश्व व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ बनाती हैं। इसी बदलती वास्तविकता का प्रभाव कश्मीर पर भी दिखाई देना स्वाभाविक है।

गोर का बयान इसलिए भारत के लिए एक उपलब्धि से अधिक एक संकेत है-संकेत इस बात का कि जम्मू-कश्मीर को लेकर अंतरराष्ट्रीय विमर्श धीरे-धीरे बदल रहा है। पाकिस्तान के लिए यह चेतावनी है कि केवल पुराने नारों और कूटनीतिक दबाव से वह कश्मीर को विश्व राजनीति के केंद्र में नहीं रख सकता और अमेरिका के लिए यह उसके बदलते हितों के अनुरूप संतुलन साधने की कोशिश है। अंततः कश्मीर की स्थायी शांति केवल अंतरराष्ट्रीय बयानों से नहीं, बल्कि लोकतंत्र, विकास, सुरक्षा, जनभागीदारी और सीमा-पार आतंकवाद के अंत से सुनिश्चित होगी। भारत को इस नए कूटनीतिक वातावरण का उपयोग आक्रामक प्रचार के बजाय जिम्मेदार और आत्मविश्वासी राष्ट्र की तरह करना चाहिए। सर्जियो गोर का बयान इस बदलती तस्वीर की एक महत्वपूर्ण झलक है-जहां कश्मीर को लेकर भारत की स्थिति पहले की अपेक्षा अधिक स्पष्ट अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता प्राप्त करती दिखाई दे रही है और पाकिस्तान की कूटनीतिक चुनौती पहले से अधिक कठिन होती जा रही है।

**समस्या**

# सोशल मीडिया पर प्यार दोस्ती में फंसा रहे हैं मवाली शिकारी

मनोज कुमार अग्रवाल



सोशल मीडिया का अत्यधिक और अनियंत्रित उपयोग कई किशोरियों और युवतियों के मानसिक स्वास्थ्य, आत्म-सम्मान और वास्तविक जीवन को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहा है, हालांकि इसे पूरी पीढ़ी की बर्बादी कहना अतिशयोक्ति हो सकता है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मिलने वाली कृत्रिम चमक और तुलना की संस्कृति गंभीर मानसिक दबाव पैदा कर रही है।सोशल मीडिया पर अजनबी लोगों से दोस्ती करने के बाद कई बार लड़कियां ऑनलाइन धोखाधड़ी, ब्लैकमेलिंग और साइबर अपराध का शिकार हो जाती हैं। लोग झूठी पहचान बनाकर भरोसा जीतते हैं और बाद में निजी जानकारी का गलत इस्तेमाल करते हैं। इससे मानसिक तनाव और सामाजिक नुकसान होता है।धोखेबाज असली नाम या तस्वीर छिपाकर गलत पहचान बनाते हैं। निजी तस्वीरें या वीडियो हासिल करके पैसों की मांग करना। महंगे उपहार या विदेश भेजने के नाम पर पैसे ऐंठना। प्यार और शादी का झूठा वादा करके भरोसा तोड़ना।

पिछले कुछ वर्षों के दौरान 'फेसबुक', 'इंस्टाग्राम' और 'स्नैपचैट' जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर चंद युवक-युवतियों द्वारा आपस में दोस्ती करने का रुझान बढ़ गया है जिसे 'ऑनलाइन फ्रैंडशिप' कहा जाता है।

इनके जरिए युवक दोस्ती के नाम पर अपनी ऑनलाइन फ्रैंड्स को धोखा देने, उनका यौन शोषण करने और ब्लैकमेल करके पैसे वसूलने में भी संकोच नहीं करते जिससे उनकी चाल में फंसने वाली युवतियों की जिंदगियां तबाह हो रही हैं। हाल ही में सुर्खियों में रही कुछ वारदातों का जायजा करिए

6 जनवरी को 'पालघर' (महाराष्ट्र) में एक 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को 'इंस्टाग्राम' पर प्रेम जाल में फंसा कर अगवा करने, महीनों तक उसका यौन शोषण करने तथा घटना का वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध केस दर्ज किया।12 जनवरी को 'पाली' (राजस्थान) की एक नाबालिगा से सोशल

मीडिया के जरिए दोस्ती करने के बाद एक युवक उसे दिल्ली ले आया और किराए के मकान में रखकर उसका कई बार शोषण किया। जब लड़की ने उससे शादी करने के लिए कहा तो उसे पीटा गया। पुलिस ने नाबालिगा की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध 'पोक्सो एक्ट' के तहत केस दर्ज किया।

5 मई को 'सीकर' (राजस्थान) में एक महिला ने अपने 'ऑनलाइन फ्रेंड' पर शादी का झूठा वादा कर उससे बलात्कार करने और उसे जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।20 जून को 'बेंगलुरु' (कर्नाटक) में पुलिस ने एक व्यक्ति को एक महिला से ऑनलाइन दोस्ती करके उसे किराए पर कमरा दिलाने के बहाने एक लॉज में ले जाकर उससे बलात्कार करने के आरोप में गिरफ्तार किया।23 जून को 'बुराड़ी' (दिल्ली) में एक महिला ने अपने 'ऑनलाइन फ्रेंड' के विरुद्ध रील बनाने के बहाने उसे एक होटल में बुला कर उससे बलात्कार करने और घटना का वीडियो बना कर उसे ब्लैकमेल करने के आरोप में पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई । 16 जुलाई को 'कोलकाता' (पश्चिम बंगाल) में एक महिला ने अपने 'ऑनलाइन फ्रेंड' पर उसे डरा-धमका कर उससे बलात्कार करने के आरोप में पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।

5 अगस्त को 'बुलंदशहर' (उत्तर प्रदेश) में एक युवती ने राजस्थान के एक युवक के विरुद्ध उसके साथ 'इंस्टाग्राम' के जरिए दोस्ती करने के बाद उसे नशीली पेस्ट्री खिलाकर बेहोश करके उसके साथ बलात्कार करने और घटना का अश्लील वीडियो बना कर ब्लैकमेल करके लाखों रुपए वसूलने के आरोप में पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।

6 अगस्त को 'नागपुर' (महाराष्ट्र) में 'इंस्टाग्राम' पर दोस्ती के बाद एक नाबालिगा को बंधक बना कर अपने पास रखने और उसका यौन उत्पीड़न करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया।

6 अगस्त को ही 'ग्वालियर' (मध्य प्रदेश) में एक युवती ने 'इंस्टाग्राम' पर बने दोस्त के विरुद्ध उसे नौकरी दिलाने के बहाने 'मुरैना' के एक होटल में ले जाकर उससे बलात्कार करने के आरोप में शिकायत दर्ज करवाई।

12 अगस्त को 'सूरत' (गुजरात) में पुलिस ने एक युवक को एक महिला से सोशल मीडिया पर दोस्ती करने के बाद डरा-धमका कर उससे कई बार बलात्कार करने और उसका वीडियो सार्वजनिक करने की धमकी देकर 36 तोले सोना व नकदी वसूल करने के आरोप में गिरफ्तार किया।

और अब 16 अगस्त को 'नई दिल्ली' में एक मेकअप आर्टिस्ट महिला को उसके 'ऑनलाइन फ्रेंड' द्वारा काम दिलाने और शादी का झांसा देकर नशीला पदार्थ पिलाकर बलात्कार करने का मामला सामने आया है।

उक्त घटनाओं से स्पष्ट है कि जवानी के जोश में सोशल मीडिया के जरिए युवकों से दोस्ती करना किस कदर खतरनाक हो सकता है। अतः महिलाओं को सावधानी बरतने की जरूरत है।सोशल मीडिया के जरिए ऑनलाइन रिश्तों में फंसकर कई युवतियां भावनात्मक, आर्थिक और शारीरिक शोषण का शिकार हो रही हैं। फर्जी पहचान, धोखेबाजी और ब्लैकमेलिंग के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है, जिससे कई बार पीड़िताओं की निजी जिंदगी और मानसिक स्थिति पूरी तरह तबाह हो जाती है।सोशल मीडिया पर किसी भी अजनबी की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें।व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखें: अपना फोन नंबर, पता या वित्तीय विवरण ऑनलाइन साझा न करें।अगर बात करें भी, तो सामने वाले की सच्चाई की पूरी जांच करें।तुरंत शिकायत करें: किसी भी तरह की धमकी मिलने पर तुरंत परिवार को बताएं और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें।

**पुराना लाल बस्ता** — **व्यंग्य**

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

तहसील के पटवारी दफ्तर के ऊँचे आले पर रखा वह पुराना लाल बस्ता पूरे कसबे के लिए कौतूहल और रहस्य का विषय बना हुआ था क्योंकि हमारे देश में फाइलों का वजन जितना बढ़ता है जनता की उम्मीदें उतनी ही पतली होती जाती हैं। उस बस्ते का कपड़ा धूप और धूल की मार से पूरी तरह मटमैला हो चुका था और उसकी सूती डोरियाँ घिसकर बिल्कुल पतली पड़ चुकी थीं जैसे ईमानदारी की सरकारी परिभाषा बार बार घिसने से पारदर्शी हो जाती है। दफ्तर का हर कर्मचारी उस तरफ एक अजीब सी झिझक और अचरज भरी निगाहों से देखता था क्योंकि भ्रष्टाचार के मंदिर में पुरानी फाइलें अक्सर भूत बनकर डराती हैं। उसी दफ्तर के मुख्य दरवाजे के पास बिछी लकड़ी की पुरानी बेंच पर हर सोमवार की भोर होते ही दीनानाथ काका आकर चुपचाप बैठ जाते थे क्योंकि भारत में न्याय की प्रतीक्षा करना ही सबसे बड़ा पुरुषार्थ घोषित कर दिया गया है। सफेद खद्दर की फटी धोती कुर्ता पहने और कांपते हाथों में लकड़ी की लाठी थामे काका दिन भर उस आले पर रखे लाल बस्ते को एकटक टकटकी लगाकर ताकते रहते थे जैसे कोई भक्त उस भगवान को देख रहा हो जो खुद रिश्वत के इंतजार में पत्थर का हो गया है। गाँव का कोई भी किसान जब अपने खेत का खसरा खतौनी या नामांतरण कराने दफ्तर आता तो काका को उसी निश्चल मुद्रा में बैठा पाता था क्योंकि दफ्तरों में मेजें खिसकती हैं कुर्सियाँ घूमती हैं पर आम आदमी का भाग्य वहीं जमा रहता है जहाँ पिछली सरकार छोड़ गई थी। दफ्तर का पुराना चपरासी रामू जब भी साहब की मेज पर पानी का जग रखकर बाहर निकलता तो काका उससे बड़े सहेज कर पूछते कि क्यों रे रामू आज उस आले वाले लाल बस्ते का मुआयना हुआ क्या क्योंकि इस लोकतंत्र में मुआयना केवल फाइलों का होता है इंसान तो बिना मुआयने के ही मर जाता है। रामू बस अपनी नजरें झुका लेता और एक लंबी ठंडी साँस भरकर चुपचाप अपने काम में लग जाता था क्योंकि सरकारी सेवा में सत्य बोलना अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। गाँव के नवयुवक अक्सर काका का मजाक उड़ाते हुए कहते थे कि काका इस ढलती उम्र में कौन सी ज़मीन का हिसाब जोड़ने के लिए दफ्तर के चक्कर काटते हैं पर वे नहीं जानते थे कि जवानी में लोग क्रांति करते हैं और बुढ़ापे में सरकारी दफ्तर की धूल फाँकना ही अंतिम संस्कार के समान है। दफ्तर में हाल ही में स्थानांतरित होकर आए नए पटवारी शैलेश जी बहुत ही व्यावहारिक और कायदे कानून के पक्के अफसर माने जाते थे और कानून की पक्की पकड़ का अर्थ है कि वह गरीब को ठीक उसी तरह जकड़ेगा जैसे सांप चूहे को जकड़ता है। शैलेश जी को दफ्तर के कामकाज में किसी भी प्रकार की शिथिलता या फालतू की भीड़ बिल्कुल पसंद नहीं थी क्योंकि साहबों का मानना है कि दफ्तर काम के लिए नहीं केवल आदेशों की जुगाली के लिए होते हैं। जब उन्होंने लगातार चार हफ्तों तक हर सोमवार को दीनानाथ काका को उसी बेंच पर खामोश जमा देखा तो उनका माथा ठनक गया क्योंकि व्यवस्था को मौन उतना ही खौफनाक लगता है जितना कि सच। शैलेश जी जब भी अपनी घूमती हुई चमचमाती कुर्सी पर बैठते तो उनकी नजरें अनायास ही खिड़की के पार बैठी काका की उस बेबस मूरत पर चली जाती थीं और कुर्सी का चरित्र ही ऐसा होता है कि उस पर बैठने वाला खुद को खुदा और सामने वाले को अर्जी समझने लगता है। एक दिन दोपहर के वक्त जब दफ्तर में फरियादियों की आवाजाही थोड़ी कम हुई तो शैलेश जी से रहा नहीं गया क्योंकि खाली दिमाग शैतान का और खाली पटवारी प्रशासन का घर होता है। उन्होंने चपरासी रामू को आवाज लगाकर बुलाया और कड़े प्रशासनिक लहजे में पूछा कि यह बुजुर्ग आदमी रोज सोमवार को यहाँ आकर क्यों जम जाता है क्योंकि बिना मतलब के बैठना भी अब राजद्रोह की श्रेणी में आने लगा है। रामू ने अपने गमछे से माथे का पसीना पोंछते हुए कहा कि साहब यह तो पिछले बीस सालों से इसी तरह हर हफ्ते आते हैं और बीस साल भारतीय न्याय प्रणाली में एक पलक झपकने जैसा समय है। शैलेश जी ने भवें सिकोड़कर कहा कि सरकारी दफ्तर कोई मुसाफिरखाना नहीं है जबकि असलियत यह है कि यहाँ केवल बिचौलियों का ही बिस्तर लगा रहता है। अगले सोमवार को जब सुबह नौ बजे दफ्तर का ताला खुला तो दीनानाथ काका नियम के पक्के अपनी उसी पुरानी जगह पर बैठे हुए मिले क्योंकि भारत में केवल गरीब और भिखारी ही समय के पाबंद होते हैं। शैलेश जी उस दिन कुछ ज्यादा ही प्रशासनिक मिजाज में थे इसलिए वे सीधे अपने केबिन से बाहर निकले और काका के पास जाकर तल्ख कदमों से खड़े हो गए जैसे कोई शेर किसी बकरी को नैतिकता का पाठ पढ़ाने आया हो। शैलेश जी ने अपनी कड़क आवाज में कहा कि काका आप रोज यहाँ आकर सरकारी दफ्तर का कीमती समय क्यों खराब करते हैं और सरकारी समय की कीमत केवल वही जानता है जो चाय पीने में दो घंटे लगाता है। दीनानाथ काका ने बहुत ही आदर से अपने दोनों कांपते हाथ जोड़े और बोले कि पटवारी साहब मैं तो बस इस आले में रखे लाल बस्ते की निगहबानी करने आता हूँ क्योंकि इस देश में रक्षक ही भक्षक हैं इसलिए बस्तों की भी सुरक्षा जरूरी है। शैलेश जी ने अचरज से उस आले की तरफ देखा और हँसते हुए बोले कि काका उस बस्ते में तो बरसों पुराने खारिज हो चुके सरकारी कागजात पड़े होंगे और प्रशासन में खारिज हुई चीजें केवल मंत्रियों के वादों जैसी होती हैं। काका ने अपनी लाठी के सहारे थोड़ा आगे होकर कहा कि साहब इस बस्ते में जो कागज बंद है वही इस गाँव के हर गरीब की जमीन का असली रक्षक है क्योंकि गरीब का रक्षक ईश्वर भी तभी बनता है जब पटवारी की जेब भर दी जाए। शैलेश जी के अंदर का अफसर इस बात को कतई मानने को तैयार नहीं था क्योंकि अफसर और वास्तविकता का रिश्ता वैसा ही जैसा ईमानदारी और राजनीति का होता है। शैलेश जी ने दफ्तर में मौजूद वकीलों मुंशियों और किसानों की तरफ देखते हुए कहा कि आज इस फालतू के तमाशे का अंत होना बेहद जरूरी है क्योंकि प्रशासन को तमाशे केवल वही पसंद हैं जो वह खुद करता है। पास खड़े पुराने किसान सुखदेव ने शैलेश जी को टोकते हुए कहा कि पटवारी साहब काका की बात का बुरा मत मानिए क्योंकि गाँव में लोग सरकारी कागजों को गंगाजल से भी ज्यादा पवित्र और खतरनाक मानते हैं। शैलेश जी ने उत्सुक होकर पूछा कि क्या इस बस्ते में कोई अदालत का स्टे आर्डर रखा है क्योंकि स्टे आर्डर ही वह जड़ी बूटी है जो अन्याय के हनुमान को हवा में लटकाए रखती है। सुखदेव ने अपनी आँखें मूँद लीं और बोला कि साहब हम तो बस इतना जानते हैं कि जब तक यह बस्ता यहाँ है तब तक गाँव पर कोई अपना हल नहीं चला सकता क्योंकि अंधविश्वास और व्यवस्था का गठबंधन ही इस देश का असली आधार है। शैलेश जी ने ठान लिया कि वे आज ही उस लाल बस्ते को खोलकर पूरे गाँव के सामने उसकी असलियत लाएँगे क्योंकि सत्य का उद्घाटन करना भी कभी कभी खतरनाक मनोरंजन बन जाता है। उन्होंने चपरासी रामू को तुरंत हुक्म दिया कि स्टूल लाकर आले से वह लाल बस्ता नीचे उतारे। रामू ने कांपते हाथों से उस भारी और धूल भरे लाल बस्ते को नीचे उतरा और शैलेश जी की मेज पर ला कर रख दिया जैसे किसी पापी के सामने उसका कच्चा चिट्ठा पेश कर दिया गया हो। दफ्तर के बाहर खड़े दर्जनों फरियादी और गाँव के बुजुर्ग कौतूहल से खिड़की के पास जमा हो गए क्योंकि दूसरों की तबाही का मंजर देखना भारतीय समाज का प्रिय खेल है। शैलेश जी ने मुस्कुराते हुए बस्ते की पुरानी डोरियों को खोला और उसके अंदर हाथ डालकर कागजात बाहर निकालने लगे जैसे कोई जादूगर टोपी से सफेद खरगोश निकालने वाला हो। बस्ते के अंदर जमीन का कोई खसरा नक्शा या अदालती स्टे आर्डर नहीं था बल्कि उसमें पीले पड़ चुके सैकड़ों कोरे सरकारी स्टाम्प पेपर रखे थे जिन पर नीचे केवल अंगूठे के नीले निशान लगे हुए थे और कोरे कागज पर अंगूठा लगवाना ही इस देश की सबसे बड़ी प्रशासनिक कलाकारी है। शैलेश जी ने उन स्टाम्प पेपरों को उलटना पलटना शुरू किया तो सबसे नीचे एक बहुत ही पुराना सरकारी बेदखली नोटिस निकला जो ठीक बीस साल पुराना था। शैलेश जी ने उस नोटिस को अपने हाथ में लिया और जैसे ही उसकी शुरुआती पंक्तियाँ पढ़ना शुरू किया उनके चेहरे की मुस्कान अचानक गायब हो गई क्योंकि सच जब अचानक सामने आता है तो अच्छे अच्छों का मेकअप उतर जाता है। शैलेश जी ने थरथराते हुए गले से उस नोटिस का कड़वा सच पढ़ा जिसमें लिखा था कि बीस साल पहले जब सरकार ने जमीन का अधिग्रहण किया था तब मुआवजा डकारने के लिए तत्कालीन चालाक पटवारी ने काका के सारे फर्जी अंगूठे इन कोरे कागजों पर लगवा लिए थे। भ्रष्टाचार की यह कितनी सुंदर मीनार थी जहाँ नींव में गरीब का अंगूठा लगा था और ऊपर साहब का बंगला बना था। उस भ्रष्ट पटवारी ने काका को ठगने के लिए इस खाली लाल बस्ते को आले पर टांग दिया था और झूठ कह दिया था कि जब तक यह बस्ता यहाँ रहेगा तब तक उनकी जमीन सुरक्षित रहेगी। प्रशासन की महानता देखिए कि उसने एक झूठ को बीस साल तक मंदिर बनाए रखा और भक्त हर सोमवार को प्रसाद की जगह आंसू चढ़ाता रहा। शैलेश जी की आँखों से आँसू छलक पड़े जब उन्हें समझ आया कि काका जिसे रक्षा का प्रतीक मान रहे थे वह असल में उनकी अपनी ही लूट का सबसे बड़ा सबूत था क्योंकि व्यवस्था जब लूटती है तो वह रसीद भी नहीं देती। काका ने अपनी धुंधली आँखों से रोते हुए पूछा कि पटवारी साहब बताओ न मेरा बस्ता ठीक तो है न क्योंकि गरीब के पास खोने के लिए केवल अपना भ्रम ही बचता है। शैलेश जी के पास उस मासूम सवाल का कोई जवाब नहीं था क्योंकि लोकतंत्र में सवालों के जवाब केवल चुनाव के समय ही मिलते हैं और पूरा दफ्तर उस अनपढ़ बुजुर्ग के निष्पाप विश्वास और व्यवस्था की क्रूरता पर बिलख बिलख कर रो पड़ा क्योंकि अंत में रोना ही एकमात्र ऐसा कृत्य है जिस पर अभी तक कोई टैक्स नहीं लगा है.



## एक नजर

### दो दिन से लापता 6 साल के बच्चे का नाले में मिला शव, इलाके में मचा हड़कंप

**जगदलपुर, 22 अगस्त।** घोटिया थाना क्षेत्र के सुधापाल नाला में आज सुबह 10 बजे एक 6 वर्षीय बच्चे का शव सुधापाल नाले में बरामद किया गया। बच्चे का शव मिलने की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। बच्चे की मौत की खबर का पता चलते ही परिजन मौके पर पहुंचे।जगदलपुर के घोटिया थाना क्षेत्र के सुधापाल गांव में उस वक्त मातम और सनसनी फैल गई, जब दो दिन से लापता 6 वर्षीय बच्चे का शव गांव के ही सुधापाल नाले से बरामद हुआ। शव मिलने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। घोटिया थाना प्रभारी वेदलाल नाग के मुताबिक, सुधापाल निवासी लखेश्वर मौर्य (6) 19 अगस्त की सुबह मोहल्ले के कुछ बच्चों के साथ खेलने के लिए घर से निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। काफी देर तक बच्चे के घर नहीं पहुंचने पर परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। रिश्तेदारों और ग्रामीणों के साथ आसपास के इलाकों में खोजबीन की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। जब दिनभर तलाश के बावजूद बच्चे का पता नहीं चला तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने गुमशुदा बच्चे की तलाश शुरू कर दी। पुलिस और ग्रामीणों की टीम आसपास के संभावित स्थानों पर बच्चे को खोजती रही गुरुवार सुबह गांव के कुछ लोग सुधापाल नाले की तरफ पहुंचे। इसी दौरान उनकी नजर नाले में पड़े एक बच्चे के शव पर गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। पहचान किए जाने पर शव लखेश्वर मौर्य का निकला।

### कोंडागांव के 4 श्रमिकों की उत्तराखंड में हुई मौत

**कोंडागांव, 22 अगस्त।** उत्तराखंड के चमोली पीपलकोटी में निर्माणाधीन सुरंग में पानी भरने की दुःखद घटना में कोंडागांव के चार श्रमिकों लखेश्वर पोयाम 24 वर्ष धनसूली, भुनेश्वर नाग 25 वर्ष मड़ानार, चेतन पोयाम धनसूली एवं देवनाथ बघेल 22 वर्ष दहिकोंगा की मौत हो गई है। इस हादसे में दो श्रमिक सुनील दीवान 20 वर्ष कोंडागांव एवं पेनसिंह 33 वर्ष कोंडागांव घायल भी हुए हैं। दिवंगत श्रमिकों के पार्थिव शरीर आज शुक्रवार को कोंडागांव लाया गया, जहां परिजनों की उपस्थिति में उनका अंतिम संस्कार किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उत्तराखंड के चमोली सुरंग हादसे में कोंडागांव जिले के मृत श्रमिकों के परिजनों को 5-5 लाख और हादसे में घायलों को 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। सीएम विष्णुदेव साय ने हादसे में गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ राज्य सरकार पूरी संवेदनशीलता की साथ खड़ी है।

### सड़क निर्माण पूर्ण, 16.50 लाख की लिमिट फिर भी 2 लाख भुगतान!

# 100% पेनाल्टी के पेंच में फंसा सड़क निर्माण का भुगतान, शिकायत का समाधान नहीं

राजकुमार कोण्डागुरला



**बीजापुर 22 अगस्त।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) में सड़क निर्माण और भुगतान को लेकर एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। L-068-L-048 रोड से पटेलपारा तक 2.10 किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने, विभागीय निरीक्षण में मौके पर सड़क बनी हुई पाए जाने और 16.50 लाख रुपये की लिमिट जारी होने के बाद भी ठेकेदार को भुगतान के नाम पर महज करीब 2 लाख रुपये मिलने की स्थिति सामने आई है। मामले में सबसे चौंकाने वाली बात विभागीय पेनल्टी से जुड़ी बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, 16.50 लाख रुपये की लिमिट में आवश्यक कटौतियों के बाद करीब 2 लाख रुपये का भुगतान निकल रहा है। उन्होंने बताया कि टेंडर अमाउंट की 10 प्रतिशत राशि पेनाल्टी के रूप में काटकर शेष राशि का भुगतान किए जाने के संबंध में उच्च कार्यालय से मार्गदर्शन मांगा गया है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब सड़क मौके पर बन चुकी है, विभागीय अधिकारियों ने निरीक्षण कर निर्माण कार्य पाया और भुगतान की लिमिट भी जारी हो चुकी है, तो आखिर ऐसी कौन-सी प्रक्रिया है जिसके चलते 16.50 लाख की स्वीकृत लिमिट में से करीब 2 लाख रुपये ही भुगतान योग्य रह गए 20-24 लाख के काम का ऐसा हिसाब, कैलकुलेटर भी हुआ बेहाल इस पूरे मामले ने विभागीय गणित पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। सड़क निर्माण कार्य को लेकर ठेकेदार पक्ष द्वारा करीब 24 लाख रुपये के कार्य का दावा किया जा रहा है, जबकि विभागीय स्तर पर 16.50 लाख रुपये की लिमिट जारी होने की बात कही गई है। इसके बाद कटौतियों और पेनाल्टी के चलते करीब 2 लाख रुपये भुगतान योग्य बताए जा रहे हैं। बिना मौके की वास्तविक स्थिति देखे निरस्तीकरण का आरोप ठेकेदार प्रतिनिधि का आरोप है कि बीजापुर जिले की करीब 45 सड़कों को निरस्तीकरण की कार्रवाई में शामिल किया गया था। इनमें रु068-रु048 रोड से पटेलपारा सड़क भी शामिल थी, जबकि मौके पर निर्माण कार्य पूरा हो चुका था। ठेकेदार पक्ष का कहना है कि यदि निरस्तीकरण से पहले प्रत्येक सड़क की वास्तविक भौतिक स्थिति का गंभीरता से सत्यापन किया जाता, तो निर्माण पूर्ण हो चुकी सड़क को लेकर ऐसी स्थिति पैदा नहीं होती।

### 5 जून के निरीक्षण में सड़क निर्माण पूर्ण मिलने का दावा

ठेकेदार प्रतिनिधि के अनुसार 5 जून 2026 को किए गए निरीक्षण में मौके पर सड़क निर्माण कार्य पूर्ण पाया गया। इसके बाद तत्कालीन प्रभारी कार्यपालन अभियंता नवीन तोंडे द्वारा बिल को भुगतान की प्रक्रिया में भेजे जाने की जानकारी दी गई।इसके बाद 17 जून को जगदलपुर सर्किल के अधीक्षण अभियंता स्तर से भी निरीक्षण किए जाने और मौके पर कार्य निर्मित पाए जाने का दावा किया गया। इसके बाद भुगतान की अनुमति की प्रक्रिया आगे बढ़ने की बात कही गई।

### 9 जुलाई को लिमिट जारी, फिर भुगतान में क्यों अड़ंगा?

बताया गया कि विभागीय प्रक्रिया के बाद 9 जुलाई 2026 को प्रमुख अभियंता स्तर से 16.50 लाख रुपये की लिमिट जारी की गई। लेकिन इसके बावजूद भुगतान की स्थिति अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है।

### चार स्तर के निरीक्षण के बाद भी भुगतान पर सवाल

ठेकेदार प्रतिनिधि श्रीनिवास झाड़ी ने आरोप लगाया कि सड़क का निरीक्षण उप अभियंता, सहायक अभियंता, कार्यपालन अभियंता और अधीक्षण अभियंता स्तर तक किया गया। इसके अलावा कलेक्टर की जांच टीम द्वारा भी रिपोर्ट तैयार किए जाने की बात कही गई है।ठेकेदार प्रतिनिधि का कहना है कि यदि इतने स्तरों पर निरीक्षण के बाद सड़क मौके पर निर्मित पाई गई है, तो भुगतान को लेकर उत्पन्न स्थिति का स्पष्ट समाधान विभाग को करना चाहिए।

### मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तक पहुंचा मामला

भुगतान और सड़क के निरस्तीकरण को लेकर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जिला कलेक्टर बीजापुर तथा छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण रायपुर के समक्ष शिकायत किए जाने की बात भी सामने आई है। शिकायत के बावजूद अब तक अपेक्षित समाधान नहीं होने का आरोप ठेकेदार पक्ष ने लगाया है।

### भुगतान अटका तो मजदूर से लेकर वाहन मालिक तक प्रभावित

ठेकेदार पक्ष का कहना है कि सड़क निर्माण में केवल ठेकेदार ही नहीं, बल्कि स्थानीय मजदूर, वाहन मालिक, मशीन संचालक, डीजल आपूर्तिकर्ता, निर्माण सामग्री से जुड़े कारोबारी और अन्य कई लोग जुड़े होते हैं।

# पीएमजीएसवाई बीजापुर का एक और कारनामा उजागर

- बिल का भुगतान मांगा तो मिला टेंडर निरस्ती का आदेश
- बिल भुगतान के लिए भेजा, लिमिट भी आई, फिर 8 दिन बाद तड़पोट-पटेलपारा सड़क का अनुबंध निरस्त

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बीजापुर 22 अगस्त।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत तड़पोट-पटेलपारा सड़क निर्माण कार्य को लेकर विभागीय कार्रवाई पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पूर्व में पदस्थ अधिकारी द्वारा किए गए विवादों और गलत कार्रवाई से विभाग पहले से ही चर्चा में रहा है। नए अधिकारियों की आने के बाद भी स्थिति निराशाजनक बनी हुई है।

मिली जानकारी के मुताबिक भैरमगढ़ ब्लॉक के एल068 एल 048 से पटेलपारा लंबाई 2.10 किमी स्वीकृत है। विभागीय अभियंताओं के निर्देश और मार्गदर्शन में 2.10 किमी अर्थवर्क 1.5 किमी जीएसबी कार्य पूर्ण किया गया है। दस्तावेजों और तिथियों के अनुसार, निर्माण कार्य का बिल भुगतान के लिए 5 जून को प्रेषित किया गया था। इसके बाद 9 जुलाई को भुगतान के लिए लिमिट भी प्राप्त हो गई, लेकिन इसके ठीक 8 दिनबाद 17 जुलाई को संबंधित सड़क निर्माण कार्य का अनुबंध/टेंडर निरस्त कर दिया गया।अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब निर्माण कार्य का बिल पहले ही भुगतान के लिए भेजा जा चुका था और भुगतान के लिए लिमिट भी प्राप्त हो चुकी थी, तो आखिर किस आधार पर बाद में अनुबंध निरस्त किया गया?तड़पोट-पटेलपारा सड़क निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदारों का कहना है कि कार्य पूर्ण होने के बाद भी उन्हें भुगतान नहीं किया जा रहा है। विभागीय कार्रवाई की टाइमलाइन ने मामले को और संदिग्ध बना दिया है। 5 जून को बिल प्रेषित होना, 9 जुलाई को भुगतान लिमिट मिलना और 17 जुलाई को अनुबंध निरस्त होना–इन तीनों घटनाक्रमों ने पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।ठेकेदारों और संबंधित पक्षों का आरोप है कि कहीं न कहीं अवैध वसूली करने के लिए भुगतान रोकने व निरस्तीकरण की कार्रवाई का सहारा तो नहीं लिया गया। हालांकि इस संबंध में विभागीय अधिकारियों का पक्ष सामने आना बाकी है।मामले में अब यह स्पष्ट होना जरूरी है कि भुगतान की लिमिट जारी होने के बाद अनुबंध निरस्त करने का निर्णय किस अधिकारी के निर्देश पर और किन नियमों के तहत लिया गया। साथ ही यह भी जांच का विषय है कि यदि कार्य पूर्ण हो चुका था और बिल भुगतान प्रक्रिया में पहुंच चुका था, तो ठेकेदार के लंबित भुगतान करने के बजाय निरस्तीकरण क्यों किया गया?ताड़पोट-पटेलपारा सड़क मामले की यह टाइमलाइन अब विभाग के लिए बड़े सवाल छोड़ रही है–क्या यह महज प्रशासनिक प्रक्रिया है या फिर इसके पीछे कोई और खेल?5 जून बिल भुगतान के लिए प्रेषित, 9 जुलाई भुगतान की लिमिट प्राप्त, 17 जुलाई-अनुबंध/टेंडर निरस्त। अब मांग उठ रही है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर भुगतान प्रक्रिया और अनुबंध निरस्तीकरण के पीछे की वास्तविक स्थिति सार्वजनिक की जाए। किस अधिकारी को बचाने के लिए यह खेल रचा गया है क्या जांच होगी, शासन इस पूरे मामले में क्या रुख अख्तियार करेगी यह चर्चा का विषय बना हुआ है?

## समाचार संक्षेप

### टीईटी मुक्ति को लेकर शालेय शिक्षक संघ की वर्चुअल बैठक, 25 अगस्त को प्रदेश भर में ज्ञापन कार्यक्रम

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 22 अगस्त।** शालेय शिक्षक संघ के जिला सचिव कैलाश रामटेके ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि टीईटी से मुक्ति और पुरानी पेंशन की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ की वर्चुअल बैठक प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों के पदाधिकारी शामिल हुए।बैठक में शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव एवं संचालक के साथ हुई चर्चाओं की जानकारी पदाधिकारियों को दी गई। संघ के अनुसार, शिक्षकों के लिए टीईटी से जुड़ी व्यवस्था को लेकर शिक्षक संवर्ग में चिंता बनी हुई है।प्रांतीय सचिव धर्मेश शर्मा ने सुझाव दिया कि सरकार अध्यादेश लाकर नियमों में संशोधन करे और शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने से पहले अथवा 17 अगस्त 2012 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त किया जाए।बैठक में शिक्षकों के पुराने आंदोलनों और एकजुटता से हासिल उपलब्धियों का भी उल्लेख किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि वर्ष 2017 में संघर्ष मोर्चा के बैनर तले शिक्षकों की एकजुटता के बाद कई मांगों पर सरकार ने निर्णय लिया था। अब एक बार फिर शिक्षक संगठनों ने संयुक्त रूप से आंदोलन की दिशा में कदम बढ़ाया है।छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के जिला सचिव कैलाश रामटेके ने बीजापुर जिले के सभी सहायक शिक्षक, शिक्षक और व्याख्याताओं से आंदोलन में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने बताया कि 25 अगस्त को शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले प्रदेशभर में ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।बैठक का संचालन प्रांतीय प्रवक्ता जितेंद्र शर्मा ने किया। संघ ने शिक्षकों से एकजुट होकर कार्यक्रम में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि एकता में ही शक्ति है।




### बढ़ते यातायात दबाव के बीच बाईपास रोड निर्माण की मांग तेज

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 22 अगस्त।** शहर में लगातार बढ़ते यातायात दबाव और नागरिकों की सुविधा को देखते हुए बाईपास रोड निर्माण की मांग तेज हो गई है। जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा ने कलेक्टर विश्वदीप को आवेदन सौंपकर बाईपास रोड निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने की मांग की। जानकी कोरसा ने कहा कि शहर में आवागमन लगातार बढ़ रहा है, जिसके कारण मुख्य मार्गों पर यातायात का दबाव बढ़ता जा रहा है। विशेष रूप से भारी वाहनों के शहर के भीतर से गुजरने के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है और आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है।उन्होंने कहा कि बाईपास रोड का निर्माण होने से भारी वाहनों को शहर के बाहर से गुजरने का वैकल्पिक मार्ग मिलेगा। इससे मुख्य सड़कों पर यातायात का दबाव कम होगा और शहरवासियों को जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। साथ ही स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और आम नागरिकों के लिए आवागमन अधिक सुरक्षित और सुगम हो सकेगा।जिला पंचायत अध्यक्ष ने कलेक्टर से जनहित को ध्यान में रखते हुए बाईपास रोड निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र शुरू कराने की मांग की है।इस दौरान जिला पंचायत सदस्य शंकरैया माड़वी, नगर पालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी, सुगंती चालकी और श्रीनिवास रेड्डी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### जगदलपुर में 24 अगस्त से 9 सितंबर तक प्रभावित रहेगी जलापूर्ति

**जगदलपुर, 22 अगस्त।** नगर पालिक निगम जगदलपुर क्षेत्र में नव-निर्मित जलशोधन संयंत्र में नई पाइपलाइन जोड़ने का तकनीकी कार्य किया जाना प्रस्तावित है। इस इंटरकनेक्शन कार्य के कारण शहर के विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में 24 अगस्त से 9 सितंबर के बीच निर्धारित तिथियों पर सुबह 10ः30 बजे से शाम 5 बजे तक पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। निगम प्रशासन के अनुसार कार्य की प्रगति को देखते हुए इस समयावधि में आवश्यकतानुसार कमी या वृद्धि की जा सकती है। आयुक्त नगर पालिक निगम जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार शटडाउन के पहले चरण में 24 और 25 अगस्त (सोमवार व मंगलवार) को तेतरकुटी, एल.आई.सी. एवं एस.टी./एस.सी. थाना टंकी से जुड़े क्षेत्रों में जलापूर्ति बंद रहेगी, जिसके तहत तेतरकुटी, गैरेज लाइन, अघनपुर, एम.पी.एम. रोड, परपा नाका पंचायत घेरा, धरमपुरा क्रमांक 1 व 2, कंगोली रोड, एल.आई.सी. रोड, महावीर नगर, तिलक नगर, गांधी नगर, गंगानगर और राजेन्द्र नगर की लाइनें प्रभावित होंगी। इसके बाद 29 और 30 अगस्त (शनिवार व रविवार) को इंडस्ट्रियल एरिया और बी.एस.एन.एल. टंकी से जुड़े क्षेत्रों जैसे मदर टेरेसा कॉलोनी, वर्धमान कॉलोनी, डॉ. रिजवी लाइन, साकेत कॉलोनी तथा दण्डकारण्य के आसपास के इलाकों में पानी की सप्लाई रोकी जाएगी। सितंबर माह की शुरुआत में कार्य को आगे बढ़ाते हुए 02 और 03 सितम्बर (बुधवार व गुरुवार) को शहीद पार्क एवं भंगाराम टंकी क्षेत्र के अंतर्गत लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड, निर्मल विद्यालय घेरा और वीर सावरकर वार्ड में शटडाउन रहेगा।

### बोतलों से प्रिंट रेट मिटाकर अधिक दाम में बिक्री का आरोप, शिकायत के बावजूद आबकारी विभाग मौन

# भैरमगढ़ शासकीय शराब दुकान में ओवर रेटिंग का आरोप

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भैरमगढ़/बीजापुर 22 अगस्त।** भैरमगढ़ स्थित शासकीय शराब दुकान में शराब की बिक्री को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि दुकान में शराब की बोतलों पर अंकित निर्धारित बिक्री मूल्य को मिटाकर अथवा काली स्याही से ढककर शराब को तय कीमत से अधिक दाम में बेचा जा रहा है। लगातार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार आबकारी अधिकारियों द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग तेज हो गई है।मिली जानकारी के अनुसार, दुकान में कई बोतलों पर अंकित प्रिंट रेट को मिटाने या छिपाने के बाद ग्राहकों से कथित तौर पर अतिरिक्त राशि वसूली जा रही है। आरोप है कि ग्राहक जब निर्धारित मूल्य से अधिक राशि लिए जाने पर सवाल करते हैं, तो उन्हें कथित रूप से यह कहकर टाल दिया जाता है कि शराब लेना है तो अधिक कीमत देनी होगी, नहीं तो दुकान से चले जाएं–क्योंकि ग्राहकों की लाइन लगी हुई है।




### सेल्स मैनेजर पर भी गंभीर आरोप

ग्रामीणों ने शासकीय शराब दुकान के सेल्स मैनेजर मिथिलेश यादव पर भी ओवररेटिंग की व्यवस्था में कथित भूमिका होने के आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि विरोध करने वाले ग्राहकों को कथित तौर पर दबावपूर्ण अंदाज में जवाब दिया जाता है।सबसे गंभीर आरोप यह है कि दुकान प्रबंधन से जुड़े व्यक्ति द्वारा कथित रूप से राजनीतिक संरक्षण का हवाला देते हुए शिकायतकर्ताओं को चुनौती दी जाती है। ग्रामीणों के मुताबिक, कथित तौर पर यह तक कहा जाता है कि ÷मेरे साथ दो-दो विधायक और मंत्री हैं, आपको जो करना है कर लो।÷ हालांकि इन कथित बयानों की स्वतंत्र पुष्टि होना बाकी है।

### शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं

भैरमगढ़ क्षेत्र राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है। ऐसे में यदि शासकीय शराब दुकान में वास्तव में राजनीतिक संरक्षण का हवाला देकर नियमों की अनदेखी की जा रही है, तो यह न केवल आबकारी विभाग बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था के लिए भी गंभीर सवाल है। ग्रामीणों का सवाल है कि यदि शराब दुकान में सब कुछ नियमानुसार संचालित हो रहा है तो बोतलों पर अंकित निर्धारित मूल्य को मिटाने अथवा छिपाने की जरूरत क्यों पड़ रही है? लगातार शिकायतों के बावजूद जांच और कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है?

### आबकारी विभाग की चुप्पी पर उठे सवाल

शराब बिक्री में निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूले जाने के आरोपों के बीच सबसे बड़ा सवाल आबकारी विभाग की निगरानी व्यवस्था पर खड़ा हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतें लगातार सामने आने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति की जांच करने और दोषियों पर कार्रवाई करने में कथित तौर पर नाकाम रहे हैं।यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह सरकारी शराब दुकान की बिक्री व्यवस्था और विभागीय निगरानी दोनों पर गंभीर सवाल खड़े करेगा।

### ग्रामीणों की मांग—बोतलों की जांच और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाएं

स्थानीय ग्रामीणों ने मांग की है कि भैरमगढ़ शासकीय शराब दुकान में तत्काल औचक निरीक्षण कराया जाए। दुकान में उपलब्ध शराब की बोतलों के प्रिंट रेट, बिक्री रजिस्टर, बिल/रसीद, स्टॉक रिकॉर्ड तथा पिछले दिनों की सीसीटीवी फुटेज की जांच की जाए। साथ ही निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूले जाने की शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।अब देखने वाली बात यह होगी कि आबकारी विभाग इन गंभीर आरोपों पर जांच बैठाता है या फिर भैरमगढ़ की शासकीय शराब दुकान में कथित ओवररेटिंग का खेल इसी तरह चलता रहेगा।

### प्रधान आरक्षक लापता

**भिलाई, 22 अगस्त।** उतई स्थित सीआईएसएफ आरटीसी में पदस्थ प्रधान आरक्षक रहस्यमय ढंग से लापता हो गया है। अपहरण की आशंका व्यक्त करते हुए उतई थाना में शिकायत दर्ज कराई है पुलिस मामले की जांच कर रही है उतई पुलिस ने बताया कि उतई में पदस्थ प्रधान आरक्षक आकाशदीप शर्मा 17 अगस्त से रहस्यमय ढंग से लापता हो गया है वह ड्यूटी पर उपस्थित होने के बाद बैरक से बिना बताए कहीं चला गया और अब तक उसका कोई पता नहीं चल पा रहा है।श उतई थाने पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 140 (3) के तहत अपराध दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है उतई पुलिस ने बताया कि सीआईएसफ आरटीसी के रिजर्व इंस्पेक्टर ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है कि प्रधान आरक्षक आकाशदीप शर्मा ( 29 साल ) उतई में पदस्थ था 17 अगस्त को आकाशदीप की सामान्य पारी में ड्यूटी थी लेकिन वह उपस्थित नहीं हुआ था वह बैरक से भी बिना किसी को बताए चला गया ड्यूटी पर नहीं पहुंचने के बाद आसपास तलाश की गई और रिश्तेदारों से भी संपर्क किया गया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया है किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा आकाशदीप को अपने पास रख लेने की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस जांच में जुटी है।

# सरकारी दुकानों में भी शराब की अवैध बिक्री कोचियों की बल्ले-बल्ले:जेसीसीजे

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 22 अगस्त।** बीजापुर जिले के अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों में कथित अवैध शराब बिक्री और सरकारी शराब दुकानों से ओवररेटिंग की शिकायतों को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जेसीसीजे) ने जिले में 300 से अधिक अवैध शराब बिक्री केंद्र संचालित होने के आरोप लगाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। जेसीसीजे का आरोप है कि सरकारी शराब दुकानों से कथित रूप से अवैध तरीके से शराब की बिक्री की जा रही है और कोचियों के माध्यम से अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों तक शराब पहुंचाई जा रही है। पार्टी ने इन गतिविधियों को लेकर जिला आबकारी अधिकारी, दो आबकारी निरीक्षकों तथा चार सरकारी शराब दुकानों के प्रबंधकों की कथित भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।जेसीसीजे ने जिला प्रशासन और आबकारी विभाग से जिले की सभी सरकारी शराब दुकानों की बिक्री, स्टॉक, बिलिंग और निर्धारित मूल्य पर बिक्री की जांच कराने की मांग की है। पार्टी का कहना है कि यदि ओवररेटिंग की शिकायतें जांच में सही पाई जाती हैं तो संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ आबकारी नियमों के तहत कार्रवाई की जानी चाहिए। जेसीसीजे ने कहा है कि मामले की जांच किसी स्वतंत्र वरिष्ठ अधिकारी अथवा विशेष जांच दल से कराई जानी चाहिए। साथ ही शिकायतों से संबंधित बिक्री रिकॉर्ड, स्टॉक रजिस्टर, बिलिंग विवरण और अन्य आवश्यक दस्तावेज सुरक्षित रखे जाएं, ताकि जांच के दौरान तथ्यों की निष्पक्षता से पड़ताल हो सके। जिला अध्यक्ष विजय झाड़ी ने आरोप लगाते हुए कहा कि आबकारी विभाग की निगरानी व्यवस्था और अधिकारियों की जवाबदेही भी जांच के दायरे में आने की बात कही है।

### जनता के हित में निष्पक्ष जांच जरूरी:-विजय झाड़ी

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जेसीसीजे) जिला अध्यक्ष विजय झाड़ी ने कहा कि पार्टी इस पूरे मामले में जनता के हित में निष्पक्ष जांच और पारदर्शी कार्रवाई की मांग करती रहेगी। उन्होंने कहा कि यदि शिकायतों में तथ्य पाए जाते हैं तो जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय होनी चाहिए और आम जनता को निर्धारित मूल्य पर शराब उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए।जेसीसीजे ने जिला प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और आबकारी व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है।



# तिल्दा-सिमगा मार्ग पर फिर हादसा, तेज रफ्तार ट्रेलर ने स्कॉर्पियो को मारी टक्कर

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 22 अगस्त।** तिल्दा-सिमगा मार्ग पर सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन सड़क की स्थिति और क्षमता में अपेक्षित सुधार नहीं होने से दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। इसी क्रम में शनिवार सुबह ससाहोली क्षेत्र में एक बड़ा सड़क हादसा हो गया।जानकारी के अनुसार, सिमगा की ओर से तिल्दा-नेवरा आ रही स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक छ्त्र04क्त्र3811 को ससाहोली के पास तेज रफ्तार ट्रेलर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि वाहन में सवार लोगों को गंभीर चोटें नहीं आईं और वे मामूली चोटों के साथ सुरक्षित बताए जा रहे हैं।प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार हादसे के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर तिल्दा-नेवरा पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेते हुए जांच शुरू की।

सड़क पर बेधड़क दौड़ रहे भारी वाहनस्थानीय लोगों का कहना है कि तिल्दा-सिमगा मार्ग पर दिन-रात बड़ी संख्या में ट्रेलर और अन्य भारी वाहन दौड़ते हैं। कई वाहन तेज रफ्तार से चलते हैं, जिससे इस मार्ग पर दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है। लोगों का कहना है कि सड़क पर यातायात का दबाव बढ़ता जा रहा है, लेकिन सड़क की चौड़ाई और व्यवस्था पहले जैसी ही है।स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से भारी वाहनों की गति पर नियंत्रण, यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने तथा दुर्घटना संभावित स्थानों पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था किए जाने की मांग की है।फिलहाल पुलिस हादसे के कारणों और दुर्घटना में शामिल वाहन व चालक के संबंध में जांच कर रही है। जनहानि नहीं होने से लोगों ने राहत की सांस ली।

## एक नजर

### शत-प्रतिशत एवं त्रुटिरहित ई-गिरदावरी के लिए कलेक्टर ने किया खरसिया के गांवों का मैदानी निरीक्षण



**रायगढ़, 22 अगस्त।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज शुक्रवार को खरसिया विकासखंड के विभिन्न ग्रामों एवं सेवा सहकारी समितियों का भ्रमण कर ई-गिरदावरी (डीसीएस-डिजिटल क्रॉप सर्वे) कार्य का मैदानी निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम डोमनारा, तहसील खरसिया में पहुंचकर खेतों में चल रहे डिजिटल फसल सर्वे की स्थिति का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों एवं सर्वेयरों से सर्वे कार्य की प्रगति, प्रक्रिया और मैदानी स्तर पर आ रही समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान सहायक कलेक्टर श्री गोकुल आर.के., खरसिया एसडीएम श्री प्रवीण भगत, तहसीलदार एवं राजस्व अमला उपस्थित रहा। कलेक्टर ने चपले स्थित सेवा सहकारी समिति में आयोजित बकेट क्लेम पंजीयन शिविर का भी निरीक्षण किया। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी निर्देशों तथा आयुक्त, भू-अभिलेख छत्तीसगढ़, नवा रायपुर अटल नगर के दिशा-निर्देशों के तहत जिले में शत-प्रतिशत एवं त्रुटिरहित ई-गिरदावरी का कार्य कराया जा रहा है। शासन द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में फसल गिरदावरी कार्य में विशेष सावधानी एवं पारदर्शिता बरतने के निर्देश हैं।

### नशीली व नकली दवाओं के खिलाफ सघन अभियान, चार मेडिकल प्रतिष्ठानों की जांच

**रायगढ़, 22 अगस्त।** नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार नशीली एवं नकली दवाओं के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए रायगढ़ शहर में राज्यव्यापी विशेष सघन प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सीएण्डएफ एजेंट, सुपर स्टॉकिस्ट, थोक औषधि विक्रेताओं सहित संदिग्ध प्रतिष्ठानों को चिन्हांकित कर उनके यहां दवाओं के क्रय-विक्रय, स्टॉक एवं संबंधित अभिलेखों की गहन जांच की जा रही है। इसी क्रम में 21 अगस्त को खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने रायगढ़ शहर में सुमित फार्मा, श्रीराम मेडिकल स्टोर, ओम मेडिकल स्टोर एवं अनुराग मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। अधिकारियों द्वारा प्रतिष्ठानों में उपलब्ध औषधियों के स्टॉक, क्रय-विक्रय संबंधी दस्तावेजों तथा अभिलेखों की नियमानुसार जांच की गई।खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जांच के दौरान यदि किसी प्रतिष्ठान में औषधि नियमों का उल्लंघन अथवा अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। आवश्यक होने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने की कार्रवाई भी की जाएगी। अभियान का उद्देश्य नशीली, नकली एवं संदिग्ध दवाओं के अवैध कारोबार पर रोक लगाना तथा आम नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण औषधियां उपलब्ध कराना है।

### दवाइयों और पोषण की चिंता हुई कम, प्रेमलता ने कहा- मोर विष्णु भैया ला धन्यवाद

**कांकेर 22 अगस्त ।** जिले के अघन नगर निवासी श्रीमती प्रेमलता शर्मा के लिए महतारी वंदन योजना की राशि केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि उनके जीवन में बुढ़ापे का सहारा बनकर सामने आई है। उन्हें अब तक योजना की 29 किश्तें प्राप्त हो चुकी हैं, जिसका उपयोग वे अपने पोषण और दवाइयों की जरूरतों को पूरा करने में करती हैं। श्रीमती प्रेमलता शर्मा ने बताया कि उनके परिवार में चार सदस्य हैं। उनके बड़े बेटे ज्योतिष का कार्य करते हैं, जबकि छोटे बेटे मैकेनिक का काम करते हैं। उनके पति घर पर रहते हैं। ऐसे में महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली नियमित आर्थिक सहायता उनके लिए काफी उपयोगी साबित हो रही है।उन्होंने कहा कि योजना से मिलने वाली राशि से वे अपनी जरूरी दवाइयां और पोषण संबंधी जरूरतें पूरी कर पाती हैं। यह राशि उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने के साथ-साथ अपने दैनिक जीवन की आवश्यकताओं को पूरा करने में संबल देती है। महतारी वंदन योजना शुरू करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए श्रीमती प्रेमलता शर्मा ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को स्नेहपूर्वक ÷मोर विष्णु भैया÷ ला बहुत-बहुत धन्यवाद। उन्होंने कहा कि सरकार की इस योजना से उन्हें आर्थिक मजबूती मिली है और बुढ़ापे में अपने छोटे-छोटे खर्चों के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। प्रेमलता शर्मा जैसी अन्य माताओं के लिए महतारी वंदन योजना आर्थिक सहायता से बढ़कर सम्मान, आत्मनिर्भरता और भरोसे का संबल बन रही है।

### सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजनों को सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर 22 अगस्त।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पखांजूर द्वारा सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के सात प्रकरण में मृतक के परिजनों के लिए 25-25 हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया है। कोयलीबेड़ा तहसील अंतर्गत ग्राम जिरामतरई निवासी संतलाल पोटाई की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण के उनकी पत्नी श्रीमती मनाय बाई पोटाई के लिए 25 हजार रूपए, ग्राम सुलंगी निवासी दीपक कुमार की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण उनके निकटतम परिजन गजरत उसेण्डी के लिए 25 हजार रूपए, ग्राम जिरामतराई निवासी गुलशन उसेण्डी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर पत्नी श्रीमती दिव्या उसेण्डी के लिए 25 हजार रूपए तथा जिरामतरई निवासी मनाउ राम की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी श्रीमती राशिका आंचला के लिए 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह पखांजूर तहसील अंतर्गत ग्राम पीव्ही. 67 सत्यनगर निवासी बिट्टु सरकार की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर पिता श्री जगदीश सरकार के लिए 25 हजार रूपए, ग्राम पीव्ही. 12 सुभाषनगर निवासी प्रेम साना की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में उनके पिता श्री प्रभाष साना हेतु 25 हजार रूपए तथा ग्राम शुभपल्ली पखांजूर निवासी शिवप्रसाद कड़ियाम की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण उनकी पत्नी श्रीमती ज्योति कड़ियाम के लिए 25 हजार रूपए की सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

### घर-घर संपर्क कर उपभोक्ताओं से भरवाए जाएंगे फॉर्म, आगामी दिनों में बिजली कार्यालय का घेराव

# बिजली बिलों में बढ़ोतरी और स्मार्ट मीटर के खिलाफ कांग्रेस ने शुरू किया एक माह का आंदोलन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 22 अगस्त।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरा द्वारा बिजली बिलों में बढ़ोतरी एवं स्मार्ट मीटर के विरोध में स्थानीय विश्राम गृह छुरा में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में गरियाबंद जिला कांग्रेस के प्रभारी एवं पूर्व संसदीय सचिव व पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा, ब्लॉक प्रभारी पवन सोनकर एवं सह-सचिव सुनील तिवारी की विशेष उपस्थिति रही। बैठक में बिजली बिलों में कथित बेतहाशा बढ़ोतरी तथा स्मार्ट मीटर के विरोध में आगामी एक माह तक चलाए जाने वाले आंदोलन की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई मुख्य अतिथि विनोद चंद्राकर ने कहा कि आंदोलन के तहत कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक घर-घर पहुंचकर बिजली उपभोक्ताओं से



संपर्क करेंगे। स्मार्ट मीटर हटाकर पूर्व की व्यवस्था के अनुसार पुराने मीटर लगाए जाने की मांग को लेकर उपभोक्ताओं से फॉर्म भरवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आंदोलन के अगले चरण में ब्लॉक मुख्यालय स्थित बिजली कार्यालय का घेराव कर सरकार एवं विद्युत विभाग के समक्ष जनता की समस्याओं को मजबूती से रखा जाएगा।जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि प्रदेश में पर्याप्त बिजली उत्पादन होने के बावजूद आम उपभोक्ताओं को लगातार अधिक बिजली बिल प्राप्त होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाएगी।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वरी शाह ने सभी मंडल अध्यक्षों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि कार्यकर्ता प्रत्येक घर तक पहुंचें और बिजली उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं के संबंध में जानकारी देते हुए स्मार्ट मीटर हटाने की मांग के लिए अधिक से अधिक फॉर्म भरवाएं। उन्होंने आंदोलन को जन-आंदोलन का रूप देने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से सक्रिय भागीदारी की अपील की।

### भाजपा के चार कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

बैठक के दौरान भाजपा की नीतियों एवं स्थानीय स्तर पर कथित कुशासन से परेशान होकर भाजपा के अनुसूचित जाति मंडल संयोजक नारायण आगरे, युवा कार्यकर्ता राजेंद्र ओगरे, भाजपा कार्यकर्ता संतराम एवं बूथ अध्यक्ष हेमेन्द्र नागेश ने कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति एवं विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस नेताओं एवं पदाधिकारियों ने नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं का गमछा एवं फूल-माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया तथा पार्टी में उनका सम्मानपूर्वक प्रवेश कराया।कार्यक्रम का सफल संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री हरीश यादव ने किया। वहीं सलीम मेमन कोषाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, मंडल, सेक्टर एवं बूथ स्तर के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि बिजली बिलों में बढ़ोतरी और स्मार्ट मीटर के मुद्दे को लेकर आगामी एक माह तक चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा तथा उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर पार्टी व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाएगी।

### गांव की जरूरतों और विकास कार्यों को लेकर विधायक से विस्तृत चर्चा

# दादरगांव के विकास की आवाज लेकर विधायक रोहित साहू के दरबार पहुंचे पंचायत प्रतिनिधि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा,22 अगस्त।** ग्राम पंचायत दादरगांव के विकास को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को राजिम विधायक रोहित साहू से मुलाकात कर गांव की विभिन्न आवश्यकताओं और विकास कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की। पंचायत प्रतिनिधि विधायक निवास पहुंचे, जहां उन्होंने विधायक रोहित साहू को गुलदस्ता भेंट कर सौजन्य मुलाकात की और ग्राम पंचायत की विकास संबंधी जरूरतों से अवगत कराया।

मुलाकात के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने दादरगांव में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार, विकास कार्यों की आवश्यकता तथा ग्रामीणों की अपेक्षाओं को लेकर विधायक के समक्ष अपनी बात रखी। प्रतिनिधियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए जनप्रतिनिधियों के सहयोग और मार्गदर्शन की आवश्यकता है। पंचायत स्तर पर जिन कार्यों की



आवश्यकता महसूस की जा रही है, उन्हें प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने को लेकर भी चर्चा की गई।

#### ग्रामीण विकास को लेकर विधायक ने दिया सहयोग का भरोसा

विधायक रोहित साहू ने पंचायत प्रतिनिधियों से गांव की स्थिति और वहां की आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुना तथा क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक सहयोग का भरोसा दिलाया। विधायक ने कहा कि गांवों का विकास सरकार की प्राथमिकता है और ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा बताई गई समस्याओं और आवश्यकताओं को संबंधित स्तर पर आगे बढ़ाने की दिशा में प्रयास किया जाएगा।

#### विकास कार्यों को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों में दिखा उत्साह

विधायक से मुलाकात के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने दादरगांव के विकास को लेकर अपनी अपेक्षाएं रखीं। प्रतिनिधियों ने कहा कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर गांव में विकास कार्यों को गति देने का प्रयास किया जाएगा। विधायक के साथ हुई चर्चा को पंचायत प्रतिनिधियों ने सकारात्मक और महत्वपूर्ण बताया।इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक रोहित साहू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गांव के विकास से जुड़े मुद्दों को लेकर विधायक से हुई चर्चा से क्षेत्र के विकास कार्यों को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।मुलाकात के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों के साथ अन्य ग्रामीणजन भी मौजूद रहे। सभी ने दादरगांव के विकास, ग्रामीण सुविधाओं के विस्तार और क्षेत्र में आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

## समाचार संक्षेप

### एग्रीस्टैक के लंबित 'अनक्लेम्ड बकेट' प्रकरणों के निराकरण के लिए 15 सितम्बर तक चलेगा विशेष अभियान

**रायगढ़, 22 अगस्त।** किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ सहजता से उपलब्ध कराने और एग्रीस्टैक से संबंधित लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रायगढ़ जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए 15 सितंबर 2026 तक एग्रीस्टैक के सभी लंबित 'अनक्लेम्ड बकेट' प्रकरणों के शत-प्रतिशत निराकरण के निर्देश दिए हैं। जिले समस्त किसानों से अपने अपने जमीन का फॉर्मर रजिस्ट्री कराने के लिया अपील की गई है। इसके लिए किसानों से संबंधित बीएलई, सीएससी सेंटर, समिति प्रबंधक कार्यालय और क्षेत्र के संबंधित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों से संपर्क करने के लिए कहा गया। अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रतिदिन निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने कहा गया है।वर्तमान फॉर्मर रजिस्ट्री (बकेट दावा) रिपोर्ट के अनुसार जिले में कुल 3 लाख 5 हजार 717 बकेट प्रकरण दर्ज हैं। इनमें से 1 लाख 33 हजार 873 बकेट पर दावा किया जा चुका है, जबकि 1 लाख 71 हजार 844 बकेट अभी दावा किए जाने के लिए लंबित हैं। इन लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रतिदिन 8 हजार 183 प्रकरणों के निराकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए प्रत्येक अनुविभाग, तहसील एवं धान उपार्जन समिति के निर्धारित दैनिक लक्ष्य के अनुरूप कार्य किया जाए। किसी भी स्तर पर प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहना चाहिए।

**गांव-पारा-मोहल्लों में लगेंगे विशेष शिविर**-अभियान के तहत जिले की सभी धान उपार्जन समितियों के साथ-साथ ग्राम, पारा एवं मोहल्ला स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से लंबित प्रकरणों से संबंधित किसानों को सूचना दी जाएगी और उनसे आवश्यक दस्तावेज एवं दावा प्राप्त कर एग्रीस्टैक पोर्टल पर प्रकरणों के निराकरण की कार्रवाई की जाएगी। जिन किसानों ने अभी तक दावा प्रस्तुत नहीं किया है अथवा दस्तावेजों के अभाव में जिनके प्रकरण लंबित हैं, उनसे संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने तथा नियमानुसार दावा दर्ज कराने की प्रक्रिया शिविरों में पूरी की जाएगी। इससे किसानों को अपने लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने से भी राहत मिलेगी।

### महतारी वंदन योजना की राशि से बदली वृंदावती की जिंदगी

**रायगढ़, 22 अगस्त।** महतारी वंदन योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार की एक ऐसी पहल बनकर सामने आई है, जिसने प्रदेश की लाखों माताओं-बहनों को अपने छोटे-बड़े घरेलू खर्चों के लिए आर्थिक सहारा दिया है। योजना के तहत मिलने वाली नियमित सहायता राशि महिलाओं के लिए केवल आर्थिक मदद नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और सम्मान का आधार भी बन रही है। ऐसी ही कहानी वृंदावती सिदार की है, जिनके परिवार की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में महतारी वंदन योजना की राशि महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।रायगढ़ की वृंदावती सिदार बताती हैं कि महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने मिलने वाली राशि से उन्हें घर के जरूरी खर्चों को संभालने में काफी मदद मिलती है। कभी बच्चों की पढ़ाई से जुड़ी जरूरतें पूरी करनी हों, कभी दवाई खरीदनी हो या घर-गृहस्थी की छोटी-छोटी आवश्यकताओं का खर्च उठाना हो, योजना की राशि उनके लिए उपयोगी साबित हो रही है। इससे उन्हें हर माह के खर्चों को व्यवस्थित करने में आर्थिक राहत मिलती है।



**30वीं किस्त बनी रक्षाबंधन की खुशी का आधार**-वृंदावती के लिए इस बार महतारी वंदन योजना की 30वीं किस्त विशेष खुशी लेकर आई। उन्होंने इस राशि से राखी खरीदी है। रक्षाबंधन के अवसर पर जब वह अपने भाइयों की कलाइयों पर राखी बांधेंगी, तो उस स्नेह के धागे में आत्मनिर्भरता और आर्थिक सम्मान की भावना भी जुड़ी होगी। उनके लिए यह राशि केवल एक आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि अपने परिवार और रिश्तों के प्रति जिम्मेदारी निभाने का माध्यम भी बनी है। वृंदावती कहती हैं कि पहले घर की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी परिवार के बजट को देखकर खर्च करना पड़ता था। अब हर महीने मिलने वाली राशि से उन्हें अपने स्तर पर कई आवश्यक खर्च पूरे करने में सुविधा होती है। बच्चों की पढ़ाई, दवाइयों और घरेलू जरूरतों में यह राशि उनके लिए लगातार सहारा बनी हुई है।

# कुलसचिव बीपी भोल ने विद्यार्थियों को शांति एवं मानवता का संदेश दिया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 22 अगस्त।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग विभाग द्वारा दिनांक 21 अगस्त 2026 को आतंकवाद के पीड़ितों की स्मृति एवं श्रद्धांजलि का अंतर्राष्ट्रीय दिवस÷ के अवसर पर विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन गरिमापूर्ण एवं भावपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आतंकवाद के कारण अपनी जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करना तथा विद्यार्थियों में शांति, एकता, भाईचारे और मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बी. पी. भोल, संयुक्त कुलसचिव डॉ. रानी झा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. ओमप्रकाश साहू एवं विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. पी. विश्वनाथन की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए आतंकवाद के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शांति, मानवता और सामाजिक सद्भाव के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रुप मे. कुलसचिव डॉ. बी. पी. भोल ने अपने संबोधन में आतंकवाद के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आतंकवाद केवल व्यक्तियों या परिवारों को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र की शांति एवं विकास को प्रभावित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से शांति, सद्भावना, मानवता और राष्ट्रीय एकता के मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। तत्पश्चात संयुक्त कुलसचिव डॉ. रानी झा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को सामाजिक सद्भाव, आपसी भाईचारे और मानवीय मूल्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।कार्यक्रम के अगले वक्ता के रुप मे डॉ. ओमप्रकाश साहू ने आतंकवाद के विरुद्ध जागरूकता एवं शांति के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंसा, घृणा एवं भेदभाव से दूर रहकर मानवता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। वही डॉ. पी. वी. विश्वनाथन सर, डीन, फैकल्टी ऑफ साइंसेज ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए शिक्षा, जागरूकता और सकारात्मक सोच के माध्यम से शांतिपूर्ण एवं प्रगतिशील समाज के निर्माण पर बल दिया। कार्यक्रम में प्रतिभागी के रुप मे शामिल विद्यार्थियों ने अपने विचार एवं भाषण प्रस्तुत किए गए, जिसमें आतंकवाद के दुष्प्रभाव, शांति, राष्ट्रीय एकता एवं मानवता के महत्व पर प्रकाश डाला गया। साथ ही अपने वक्तव्यों के माध्यम से आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट होकर शांति एवं सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। इसके अलावा विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत भी प्रस्तुत किया गया। देशभक्ति गीत ने पूरे वातावरण को राष्ट्रप्रेम, भावनात्मक एकता एवं देशभक्ति की भावना से भर दिया। उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने प्रस्तुति की सराहना की।

अंत में कार्यक्रम के संयोजक सहायक प्राध्यापक श्री दुष्यंत यादव (इंजीनियरिंग विभाग) द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करने वाले रजिस्ट्रार महोदय, ज्वाइंट रजिस्ट्रार महोदया, डीएसडब्ल्यू सर, डीन ऑफ साइंसेस सर, इंजीनियरिंग विभाग के समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं संचालन में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि सभी के सामूहिक सहयोग एवं सहभागिता से ही कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।कार्यक्रम का समापन आतंकवाद के पीड़ितों को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए शांति, मानवता, भाईचारे, राष्ट्रीय एकता एवं सद्भावना को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ हुआ।

### नवपदस्थ कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्र में भ्रमण कर समस्याओं की ली जानकारी

**कांकेर 22 अगस्त ।** जिले के नवपदस्थ कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने आज सुबह नगरपालिका परिषद कांकेर के अंतर्गत विभिन्न समस्याओं को लेकर दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शहर में वन्य प्राणी (भालू) के किसी भी समय विचरण की समस्या को लेकर गोविन्दपुर क्षेत्र का स्थल निरीक्षण कर वन एवं अन्य विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने बागोड़ एनीकट के समीप दशपुर इनटेक प्लांट का भ्रमण कर वहां की रिटेनिंग वॉल के टूट जाने से शहर में पेयजल की समस्या दूर करने तथा शहर के बस स्टैण्ड व पुराना बस स्टैण्ड के पास डेली मार्केट में पसरी गंदगी को तत्काल दुरूस्त कराने के निर्देश मुख्य नगरपालिका अधिकारी को दिए।शहर के निरीक्षण के दौरान आज तड़के कलेक्टर श्री कुंदन कुमार आज सुबह 7.30 बजे गोविन्दपुर स्थित ऑक्सीवन पहुंचे। वन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि आसपास पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण भोजन की तलाश में भालू शहर का रूख करते हैं। ज्यादातर तेल और मीठे की खुशबू से वे नगर के रिहायशी इलाकों तक पहुंच जाते हैं। इस पर कलेक्टर ने कहा कि शहर में भालू व अन्य जंगली प्राणी की आमदरफ्त होने से किसी भी अप्रिय स्थिति या अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता। भविष्य में जान-माल की क्षति न हो, इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए। उन्होंने एसडीओ फॉरेस्ट को निर्देशित किया।

# युवाओं में नेतृत्व और राष्ट्रसेवा का भाव जागृत करता है स्काउट-गाइड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 22 अगस्त।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के जिला संघ बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा माँवली माता मंदिर के पावन परिसर, सिंगारपुर (भाटापारा) में आयोजित पाँच दिवसीय तृतीय सोपान / निपुण स्काउट / गाइड, रोवर / रेंजर जाँच शिविर के विशाल शिविर ज्वाल कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही उत्साह, अनुशासन और देशभक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा सम्मिलित हुए। शिविर स्थल पर पहुँचने पर स्काउट-गाइड के बच्चों द्वारा बैंड और स्काउट परम्परा के अनुसार उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात स्काउट बच्चों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना, ध्वज गीत और मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

#### तैयार रहो ही जीवन का मूलमंत्र : शिवरतन शर्मा

सभा को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा



ने कहा कि भारत स्काउट्स एंड गाइड्स विश्व का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन है, जो एक राष्ट्रीय संस्था के रूप में बच्चों और युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मनिर्भरता, सहयोग और निस्वार्थ सेवा भाव का विकास करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। शर्मा ने आगे कहा कि स्काउट-गाइड का प्रशिक्षण बच्चों को केवल शिविर तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उन्हें जीवन जीने की कला सिखाता है। यहाँ बच्चा शारीरिक रूप से मजबूत, मानसिक रूप से दृढ़, बौद्धिक रूप से कुशल और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनता है। यही बच्चे आगे चलकर समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। शिवरतन शर्मा ने कहा कि स्काउट्स का आदर्श वाक्य तैयार रहो केवल एक नारा नहीं, बल्कि जीवन का मंत्र है। यह हमें हर परिस्थिति, हर चुनौती और राष्ट्र व समाज की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा देता है। आज के इस मोबाइल और नशे के दौर में जब युवा दिग्भ्रमित हो रहा है, तब स्काउट-गाइड जैसा संगठन उन्हें अनुशासन, संस्कार और देशभक्ति की मुख्यधारा से जोड़ने का पुनीत कार्य कर रहा है। शर्मा ने इस प्रकार के शिविर के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण अंचल के बच्चों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। अंत में शिवरतन शर्मा ने पाँच दिनों तक कठोर अनुशासन में रहकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी स्काउट्स, गाइड्स, रोवर-रेंजर्स, स्काउट गाइड प्रभारी शिक्षकों, जिला आयुक्त, जिला सचिव, जिला संगठन आयुक्त एवं समस्त शिविर संचालक मंडल को सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।इस अवसर पर जिला संघ के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, स्काउट प्रभारी, बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं स्काउट-गाइड के सैकड़ों बच्चे उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़, 22 अगस्त ।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ ग्रामीण अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र भगवानपुर क्रमांक 2 वार्ड क्रमांक 45 नगर पालिका निगम क्षेत्र रायगढ़ में कार्यरत आंगनबाड़ी सहायिका के त्यागपत्र दिए जाने से रिक्त आंगनबाड़ी सहायिका के पद की पूर्ति हेतु 24 अगस्त से 8 सितम्बर 2026 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इस संबंध में आवेदन महिला एवं बाल विकास विभाग के पोर्टल aww.e-bharti.in के माध्यम से ऑनलाईन किया जा सकेगा। इच्छुक आवेदिका आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति से संबंधित विस्तृत निर्देश व नियम शर्तो की जानकारी के लिए परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकती है।

### जिले में 800 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़, 22 अगस्त।** रायगढ़ जिले में 21 अगस्त तक 800 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 2.3 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 943.5 मिली मीटर, पुसौर में 782.8, खरसिया में 682.4, घरघोड़ा में 624.2, तमनार में 1096.5, लैलूंगा में 667.4, मुकडेगा में 628.3, धरमजयगढ़ में 527.9, छाल में 973.5 एवं कापू में 1073.3 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# नोटों की माला और डायपर लेकर एनएसयूआई का प्रदर्शन, पेपर लीक मामले में विश्वविद्यालय घेरा

**रायपुर, 22 अगस्त।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में Pest Management in Crop and Stored Grains-I (Course CodeÑ AENT221) का प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले WhatsApp के माध्यम से वायरल होने और परीक्षा में वही प्रश्नपत्र आने के मामले को लेकर विद्यार्थियों में भारी आक्रोश है। मामले को लेकर एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय के नेतृत्व में विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने नोटों की माला और डायपर लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि परीक्षा व्यवस्था में लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाएं विद्यार्थियों के भविष्य और विश्वविद्यालय की परीक्षा प्रणाली की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं।

एनएसयूआई का आरोप है कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में पेपर लीक का यह कोई पहला मामला नहीं है। वर्ष 2022 और 2024 में भी प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं और अब तीसरी बार परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र WhatsApp के माध्यम से वायरल होने तथा परीक्षा में वही प्रश्नपत्र आने का मामला सामने आया है। एनएसयूआई ने कहा कि बार-बार ऐसी घटनाएं सामने आना परीक्षा व्यवस्था की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है।

एनएसयूआई ने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले किस माध्यम से वायरल हुआ इसकी जांच की जाए तथा इसमें शामिल जिम्मेदार लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही विद्यार्थियों के हित में परीक्षा को लेकर उचित निर्णय लिया जाए, ताकि किसी भी विद्यार्थी के भविष्य के साथ अन्याय न हो।



प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे ने कहा कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में बार-बार पेपर लीक की घटनाएं सामने आना बेहद गंभीर और चिंताजनक है। वर्ष 2022 और 2024 के बाद अब तीसरी बार परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र WhatsApp पर वायरल होने और वही प्रश्नपत्र परीक्षा में आने की बात सामने आई है। यह केवल एक परीक्षा का मामला नहीं, बल्कि हजारों विद्यार्थियों के भविष्य और परीक्षा की विश्वसनीयता से जुड़ा विषय है। विश्वविद्यालय प्रशासन को पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। विद्यार्थियों के भविष्य के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ एनएसयूआई बर्दाश्त नहीं करेगी।

जिला अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी ने कहा कि विद्यार्थी मेहनत करके परीक्षा की तैयारी करते हैं, लेकिन यदि परीक्षा से पहले ही प्रश्नपत्र वायरल हो जाए और वही प्रश्नपत्र परीक्षा में आ जाए तो यह मेहनत करने वाले विद्यार्थियों के साथ सीधा अन्याय है। एनएसयूआई की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच हो, दोषियों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए परीक्षा व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाए। एनएसयूआई ने चेतावनी दी कि यदि 72 घंटों में मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई और विद्यार्थियों के हित में उचित निर्णय नहीं लिया गया, तो संगठन विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफआंदोलन को और तेज किया जाएगा।

प्रदर्शन में एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय, जिला अध्यक्ष रायपुर प्रशांत गोस्वामी, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय अध्यक्ष हरिओम तिवारी, प्रदेश सचिव विशाल कुकरेजा, महताब हुसैन, जिला उपाध्यक्ष वैभव मुजेवार, यूटीडी अध्यक्ष पुनेश्वर लहरे, आशीष तिवारी, अनुज सिंह, दिव्यांश श्रीवास्तव, आलोक सिंह, प्रतीक ध्रुव, सौरभ नाग, कृष सहारे, सुमित शुक्ला, प्रियांशु सिंह, लोमेश साहू, उत्कर्ष खिलारी, एवं सैकड़ों हस्द्ध कार्यकर्ता प्रदर्शन में मौजूद थे।

## समाचार संक्षेप

# सतीश देवांगन बने शिवसेना यूबीटी सिमगा नगर अध्यक्ष



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**■ नगर में शिवसेना यूबीटी का संगठन विस्तार करने का सतीश देवांगन को मिली जिम्मेदारीः रोहित देवांगन**

**सिमगा, 22 अगस्त।** शिवसेना प्रदेश अध्यक्ष माननीय आनंद मल्होत्रा जी एवं प्रदेश सचिव मनहरण साहू के निर्देशन पर शिवसेना जिला उपाध्यक्ष रोहित देवांगन के नेतृत्व में सिमगा नगर में संगठन विस्तार करने के लिए वार्ड क्र 5 निवासी सतीश देवांगन को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाते हुए नगर में संगठन विस्तार की जवाबदारी के रूप में नगर अध्यक्ष का पद दिया गया, एवं जल्दी सिमगा नगर की संगठन बॉडी निर्माण करने का निर्देशन दिया गया उक्त बैठक में जिला महासचिव एवं तिल्दा ब्लॉक प्रभारी बद्री प्रसाद वर्मा एवं कामगार सेना जिला अध्यक्ष दीपक वर्मा की अध्यक्षता में सिमगा नगर के देवांगन भवन शीतला पारा में बैठक संपन्न हुआ बैठक को संबोधित करते हुए बद्री प्रसाद वर्मा ने कहा कि नगर के जनता की समस्याओं का आवाज बुलंद कर मूलभूत समस्याओं से निजात दिलाने के लिए जनता का हर संभव मदद करें और पार्टी की संगठन विस्तार करें, सतीश देवांगन की नियुक्ति पर उसके समर्थकों का भारी उत्साह रहा है, बैठक में मुख्य रूप से सुनील देवांगन, सनत यदु, तिलक यादव, मनीष पांडे, राजा यदु, विष्णु देवांगन, हेमंत देवांगन, शिवा भट्ट, तोरण राव आदि शिव सैनिक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### विवाद के बाद ट्रैक्टर चालक ने सफाईकर्मियों पर किया टंगिया से हमला

**डौंडी, 22 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर पंचायत डौंडी में शनिवार सुबह सफाई कार्य के दौरान कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर ट्रैक्टर चालक गिरवर देवहारी द्वारा कथित रूप से दो सफाई कर्मचारियों पर टंगिया से हमला किए जाने की घटना सामने आई है। हमले में रम्हू भुआर्य और प्रेमलाल भुआर्य घायल हो गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना शनिवार सुबह करीब 7 बजे डौंडी थाना अंतर्गत बाजार चौक की है। सफाई कार्य के दौरान कर्मचारियों के बीच किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते बढ़ गया। इसी दौरान ट्रैक्टर चालक गिरवर देवहारी ने कथित तौर पर टंगिया से दोनों सफाईकर्मियों पर हमला कर दिया।घटना के बाद घायल रम्हू भुआर्य और प्रेमलाल भुआर्य को उपचार के लिए डौंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां दोनों का उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी गिरवर देवहारी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।फिलहाल विवाद के पीछे की वास्तविक वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद घटना के संबंध में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वृद्धाश्रम संचालन के लिए 31 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार, 21 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** समाज कल्याण विभाग, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा एकाकी जीवन व्यतीत कर रहे 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानजनक आश्रय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रामसागर तालाब के पीछे स्थित श्री वाटिका वृद्धाश्रम बलौदाबाजार के आगामी संचालन के 31 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त अशासकीय स्वैच्छिक संस्थाओं, जिन्हें न्यूनतम तीन वर्ष का वृद्धाश्रम संचालन का अनुभव हो, तथा त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं एवं नगरीय निकाय कार्यालय उप संचालक, समाज कल्याण विभाग, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

### एकलव्य विद्यालय में कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 29 तक

**बलौदाबाजार, 21 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सोनाखान की कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए गूगल फॉर्म के माध्यम से 23 अगस्त से 29 अगस्त 2026 तक आवेदन मंगाये गये है। आवेदन करने हेतु गूगल फॉर्म की लिंक http://forms.gle/3LXPjJNT5c62L9R48 कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सोनाखान की वेबसाइट https://www.emrssonakhan.in/ में जाकर देख सकते है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश के लिए कक्षा 11वीं के लिए 12 बालक एवं 07 बालिका कुल 19 सीट निर्धारित किया गया हैं।

### राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा 8 से

**बलौदाबाजार, 21 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन 8 सितम्बर से 11 सितम्बर 2026 तक आयाजित की जायेगी।यह खेल स्पर्धा इंडोर स्टेडियम हॉल, कॉलेज रोड कसडोल में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में गतका एवं फैंसिग के लिए आयु वर्ग 17, व 19 वर्ष बालक एवं बालिका तथा रग्बी आयु वर्ग 19 वर्ष बालक एवं बालिका प्रतियोगिता सम्पन्न होगी। इस खेल प्रतियोगिता में राज्य के पांच संभाग के 520 बालक एवं बालिका एवं 120 ऑफिशियल कुल 640 प्रतिभागी शामिल होंगे।

# आंध्र प्रदेश मेडटेक जोन 'आत्मनिर्भर भारत' व 'मेक इन इंडिया' का उत्कृष्ट उदाहरणः बृजमोहन अग्रवाल

**छग में भी मेडिकल डिवाइस और मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में अपार संभावनाएं, प्रदेश को मेडिकल हब बनाने की दिशा में होंगे प्रयासः सांसद**

**रायपुर/विशाखापत्तनम, 22 अगस्त।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपने विशाखापत्तनम प्रवास के दौरान देश के पहले और अनूठे मेडिकल टेक्नोलॉजी पार्क आंध्र प्रदेश मेडटेक जोन का विस्तृत भ्रमण कर वहां चल रहे विनिर्माण, शोध एवं नवाचार कार्यों का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि AMTZ आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' के विजन को धरातल पर साकार करने वाला एक अत्यंत प्रभावी मॉडल है। उन्होंने कहा, एक समय था जब भारत को गंभीर बीमारियों के इलाज और जांच से जुड़ी अत्याधुनिक मेडिकल मशीनों के लिए पूरी तरह विदेशों पर निर्भर रहना पड़ता था। आज गर्व का विषय है कि AMTZ जैसे आधुनिक मेडटेक पार्क के माध्यम से देश में ही विश्वस्तरीय मेडिकल उपकरणों का अनुसंधान और निर्माण एक ही छत के नीचे हो रहा है।



**वैश्विक हब बनकर उभरेगा भारत**

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि जिस गति और गुणवत्ता के साथ भारत में मेडिकल टेक्नोलॉजी का विकास हो रहा है, आने वाले समय में देश न केवल स्वास्थ्य तकनीक के क्षेत्र में पूरी तरह आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए एक बड़ा मैन्युफैक्चरिंग एवं इनोवेशन हब बनकर उभरेगा।

**छग में मेडिकल मैन्युफैक्चरिंग की अपार संभावनाएं**

सांसद अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्राकृतिक संसाधनों, कुशल मानव संसाधन और बेहतर कनेक्टिविटी के चलते मेडिकल डिवाइस व फार्मा मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में असीम संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि AMTZ के सफल मॉडल से प्रेरणा लेते हुए छत्तीसगढ़ में भी इस प्रकार के अत्याधुनिक मेडिकल टेक्नोलॉजी और उपकरण निर्माण क्लस्टर स्थापित करने के अवसरों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा, जिससे प्रदेश में निवेश, उच्चस्तरीय रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओं को नया विस्तार मिल सके।

# मूल पदस्थापन पर वापस नहीं लौटे शिक्षक, वेतन रोका गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 22 अगस्त।** सिमगा ब्लॉक में संलग्नीकरण समाप्ति के बाद भी स्कूलों में कार्यरत 21 शिक्षकों को उनके मूल पदस्थापन वाले स्कूलों में वापस जाकर कार्यभार ग्रहण करने के आदेश जारी किए गए थे। इनमें से 15 शिक्षकों ने अपने मूल स्कूलों में कार्यभार ग्रहण कर लिया, लेकिन अभी भी 6 शिक्षक अब तक अपने मूल पदस्थापन वाले स्कूलों में वापस नहीं लौटे हैं। इनमें प्रमिला भतपहवी, विपिन चंद्र भतपहवी एवं मनोज कुमार वर्मा शामिल हैं। समय पर मूल स्कूल में कार्यभार ग्रहण नहीं करने के कारण सिमगा बीईओ द्वारा इन तीनों शिक्षकों का वेतन रोक दिया गया है।

वहीं, संजय श्रीवास्तव, विमला बघेल एवं कुमारी योगिता पटेल के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा घोषित बताने वाले, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ढाल सिंघ ठाकुर ने बताया कि इनमें से दो शिक्षकों का वेतन नहीं रोका गया है। इससे शिक्षकों के मूल पदस्थापन पर कार्यभार ग्रहण करने और वेतन संबंधी प्रक्रिया को लेकर सवाल उठ रहे हैं। और जो शिक्षक मूल स्कूल लौट चौके हैं उनमें इस बात को लेकर नाराजगी भी है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि जो शिक्षक वापस मूल स्कूल नहीं गए है कही उन्हें किसी अधिकारी का संरक्षण प्राप्त है।

वही संलग्नीकरण समाप्ति के बाद इग्नाइट इंग्लिश मीडियम स्कूलों से शिक्षकों के वापस जाने के बाद वहां शिक्षकों की कमी भी बनी हुई है, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होने की बात सामने आ रही है। शिक्षा विभाग से अपेक्षा है कि मामले में स्पष्ट कार्रवाई करते हुए शिक्षकों की कमी दूर की जाए। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी की लड़ाई आपस में दो शिक्षकों के मध्य खुल कर चल रही है, जहाँ ढाल सिंघ ठाकुर अपने आप को, जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा घोषित बीईओ बताते है, वही संजय श्रीवास्तव अपने आप को कलेक्टर द्वारा घोषित बीईओ बताते हैं, जबकी संजय श्रीवास्तव का शासन द्वारा संलग्नीकरण समाप्ति सूची में मूल स्कूल दामाखेड़ा वापसी मे नाम है, प्रशासन को तुरन्त बीईओ संबंधित आदेश को निश्चित करना चाहिए ताकी ब्लॉक शिक्षा का कार्य सुचारू रूप से चल सके।

## ओबीसी महासभा ने जातिवार जनगणना को लेकर केंद्र सरकार को दी चेतावनी

**नगरी, 22 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ ओबीसी महासभा ने केंद्र सरकार से आगामी राष्ट्रीय जनगणना में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की जातिवार जनगणना कराए जाने की मांग की है। महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यदि केंद्र सरकार एसटी-एससी की तरह ओबीसी समाज की भी जातिवार जनगणना नहीं कराती है, तो देशभर में ओबीसी समाज इसके विरोध में आंदोलनात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होगा। आलोक सिन्हा ने कहा कि ओबीसी समाज लंबे समय से अपनी वास्तविक सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति के आंकड़े सामने लाने के लिए जातिवार जनगणना की मांग करता रहा है। उनका कहना है कि बिना सही आंकड़ों के ओबीसी समाज के लिए बनाई जाने वाली योजनाओं, आरक्षण और कल्याणकारी नीतियों का प्रभावी मूल्यांकन संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के 80 वर्ष बाद यदि पशु-पक्षियों, वन और पेड़-पौधों की गणना की जा सकती है, तो देश की बड़ी आबादी वाले ओबीसी समाज की जातिवार गणना क्यों नहीं की जा सकती। महासभा का कहना है कि जनगणना में ओबीसी की वास्तविक संख्या और सामाजिक-आर्थिक स्थिति का स्पष्ट आंकड़ा सामने आना जरूरी है। महासभा ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार पूरी जानकारी और पारदर्शिता के साथ ओबीसी की जातिवार जनगणना नहीं कराती है, तो ओबीसी समाज जनगणना के बहिष्कार सहित लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराने पर विचार करेगा। संगठन ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लगातार उपेक्षा किए जाने की स्थिति में आने वाले समय में राजनीतिक स्तर पर भी ओबीसी समाज अपने रुख पर पुनर्विचार करने के लिए बाध्य हो सकता है।



# हथबंद रेलवे स्टेशन पर बंदरों का आतंक 20 से अधिक यात्रियों को काटने का दावा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**वन विभाग से कई बार शिकायत के बावजूद नहीं हुई प्रभावी कार्रवाई, यात्रियों में भय**

**सिमगा, 22 अगस्त।** हथबंद रेलवे स्टेशन पर पिछले कुछ महीनों से दो-तीन लाल-मुँह वाले बंदरों के आतंक से यात्री परेशान हैं। स्टेशन की सीढ़ियों एवं आसपास आने-जाने वाले यात्रियों पर बंदरों द्वारा हमला किए जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार अब तक 20 से अधिक लोगों को बंदरों द्वारा काटे जाने की घटनाएँ सामने आ चुकी हैं। बंदरों के लगातार हमले से रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों, विशेषकर महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों में भय का वातावरण बना हुआ है। यात्रियों को स्टेशन की सीढ़ियों एवं आसपास के स्थानों से गुजरते समय बंदरों के अचानक हमला करने की आशंका बनी रहती है। जानकारी के अनुसार, इस समस्या को लेकर हथबंद रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर रविकांत वर्मा द्वारा वन विभाग को 3ङ्क4 बार आवेदन देकर बंदरों को रेस्क्यू करने एवं आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया जा चुका है। इसके बावजूद अभी तक समस्या का



स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

स्थानीय नागरिकों एवं यात्रियों द्वारा भी अपने स्तर पर संबंधित विभाग से संपर्क कर बंदरों को रेस्क्यू कराने का प्रयास किया गया है, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से समस्या जस की तस बनी हुई है।

इस मामले को लेकर वृद्धजन परिवार फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य डॉ. उत्तम कुमार हरेन्द्र ने जनहित एवं यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए वन विभाग एवं रेलवे प्रशासन को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देने तथा बंदरों को सुरक्षित रूप से रेस्क्यू कर उचित स्थान पर स्थानांतरित कराने की मांग की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बंदरों द्वारा किसी यात्री को गंभीर चोट पहुँचने अथवा कोई बड़ी दुर्घटना होने से पहले प्रशासन को इस मामले में तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

क्रमांक/905/तक./न.पा.परि./2026-27 दन्तेवाड़ा, दिनांकः 20/08/2026

**मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों/एजेंसी/कंपनी से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु नगरपालिका परिषद, दंतेवाड़ा द्वारा मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | अनु. लागत राशि (रूपये लाख में) | निविदा प्रपत्र आवेदन करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | जिला सत्र न्यायालय दन्तेवाड़ा में स्ट्रीट लाईट स्थापना केबज रिप्लेसमेंट एवं पोल मरम्मत कार्य | 2.79 | 31.08.2026 |
| 2 | 60 सीटर ट्रॉजिस्ट हॉस्टल में विद्युत मीटर कनेक्शन कार्य | 7.05 | |
| 3 | शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय भवन, बालक छात्रावास एवं बालिका छात्रवास भवन दन्तेवाड़ा में विद्युतीकरण कार्य | 2.99 | |
| 4 | शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय भवन दन्तेवाड़ा में केबल स्थापना एवं विद्युत पैनल स्थापना कार्य | 9.57 | |
| 5 | 100 सीटर बालिका छात्रवास भवन दन्तेवाड़ा में विद्युतीकरण कार्य | 6.03 | |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के तकनीकी शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट https://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् दन्तेवाड़ा
जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)


## छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने तहसीलदार के समक्ष पेश की दावा-आपत्ति

# 150 एकड़ से अधिक सरकारी जमीन का औद्योगिक आवंटन का विरोध

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 22 अगस्त।** ग्राम बिलाड़ी, प.ह.नं. 07 में 150 एकड़ से अधिक सरकारी भूमि को औद्योगिक प्रयोजन के लिए आवंटित किए जाने की प्रक्रिया को लेकर छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने कड़ी आपत्ति जताई है। संगठन ने तहसीलदार तिल्दा-नेवरा के समक्ष दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर प्रस्तावित आवंटन को निरस्त करने की मांग की है।




संगठन के अनुसार ग्राम बिलाड़ी स्थित खसरा नंबर 105/1, 2, 5, 6 एवं 94/2 की कुल भूमि 61.041 हेक्टेयर यानी करीब 151 एकड़ है। इस भूमि के औद्योगिक उपयोग के लिए आवंटन की प्रक्रिया सामने आने के बाद संगठन ने इसे जनहित और पर्यावरण से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताया है।

**ग्रामीणों के सामुदायिक उपयोग की भूमि होने का दावा :** छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना का कहना है कि उक्त भूमि स्थानीय ग्रामीणों के सामाजिक एवं पारंपरिक उपयोग से जुड़ी हुई है। ग्रामीण क्षेत्र में ऐसी सरकारी भूमि का उपयोग पशु चराई, खेलकूद और अन्य सामुदायिक आवश्यकताओं के लिए किया जाता है। संगठन का दावा है कि औद्योगिक गतिविधियां शुरू होने से भविष्य में क्षेत्र में वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण और पर्यावरणीय दबाव बढ़ सकता है।

**प्रशासन से आवंटन रोकने की मांगः** संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि ग्राम बिलाड़ी की उक्त सरकारी भूमि का औद्योगिक प्रयोजन के लिए आवंटन नहीं किया जाए और इसे स्थानीय जनहित, पर्यावरण संरक्षण तथा सामुदायिक उपयोग के लिए सुरक्षित रखा जाए।

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने कहा कि जल, जंगल और जमीन तथा छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए वह ग्रामीणों के हित में लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक स्तर पर अपनी आवाज उठाती रहेगी। अब इस मामले में प्रशासन द्वारा दावा-आपत्ति पर लिए जाने वाले निर्णय पर ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों की नजर है।


**कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामु. स्वा. केन्द्र तुमगांव विकासखण्ड व जिला-महासमुन्द (छ.ग.)**

मुख्य मार्ग महासमुन्द चौक तुमगाँव, वि.ख. महासमुन्द दुरभाष नं. 07723-223232, ईमेल आईडीः bmo_msmd@rediffmail.com

क्रमांक/स्थापना/2026/ महासमुन्द, दिनांक 20/08/2026

**//द्वितीय निविदा सूचना//**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमगांव वि.ख. जिला महासमुन्द में वर्ष 2026-27 हेतु विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधन ईकाई के अधिकारियों के दौरे हेतु व विकासखण्ड में चिरायु आदि कार्यक्रम संचालन हेतु 03 वाहन की आवश्यकता हेतु शासन द्वारा प्राप्त मार्गदर्शी नियमों के अनुसार उपरोक्त सभी वाहन निविदा के न्यूनतम दर पर नवीन कर प्रणाली GST अंतर्गत पंजीकृत निविदाकर्ता जिला महासमुन्द से एक वर्ष के अनुबंध हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है।

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय - 08.09.2026 सांय 4.00 बजे
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय - 09.09.2026 दोपहर 02.00 बजे
निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय - 09.09.2026 शाम 04.00 बजे

स्थान : कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमगांव, जिला व विकासखण्ड महासमुन्द छ.ग.

समय : निर्धारित तिथि को कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 11.00 बजे से संध्या 04.00 बजे तक आवेदन के साथ 1000/- रूपये नगद भुगतान कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किये जा सकते हैं।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमगांव
विकासखण्ड-महासमुन्द

जी- 262702899/5

## एक नजर

### मोबाइल फोन की कीमतों में बदलाव

**रायपुर, 22 अगस्त।** स्मार्टफोन की कीमत तय होने में सिर्फ फोन के फीचर्स ही नहीं, बल्कि उसे बनाने में इस्तेमाल होने वाले कंपोनेंट्स और दूसरी लागत भी बड़ी भूमिका निभाती है। पिछले कुछ समय से इन लागतों में बढ़ोतरी का असर अब स्मार्टफोन की कीमतों पर भी दिखाई दे रहा है। इसी के चलते एआई+ स्मार्टफोन ने अपने कुछ चुनिंदा डिवाइसेस की कीमतों में करीब 2, 000 रुपए तक का बदलाव किया है। नई कीमतें तुरंत लागू हो गई हैं। स्मार्टफोन इंडस्ट्री में मेमोरी जैसे जरूरी कंपोनेंट्स की कीमतों के साथ मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स और दूसरी लागत भी बढ़ी है। कंपनी के मुताबिक, ग्राहकों पर बढ़ी लागत का असर कम रखने के लिए उसने अब तक इसका बड़ा हिस्सा खुद वहन किया है। हालाँकि, लागत का दबाव लगातार बने रहने के कारण कुछ डिवाइसेस की कीमतों में बदलाव करना जरूरी हुआ है। एआई+ स्मार्टफोन के सीईओ और एनएक्सटीक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीस के फाउंडर, माधव शेठ ने कहा, कंपोनेंट्स की बढ़ती कीमतों के कारण पूरी इंडस्ट्री पर दबाव है। हमने इस बढ़ी हुई लागत का बड़ा हिस्सा खुद संभाला है।

### अमेज़न पे गिफ्ट कार्ड्स ने लॉन्च किया रक्षाबंधन ऑफर

**रायपुर, 22 अगस्त।** अमेज़न पे गिफ्ट कार्ड्स ने आज रक्षाबंधन के मौके पर त्योहारी ऑफर की घोषणा की, जिसमें फिजिकल गिफ्ट कार्ड्स के लिए प्रीमियम राखी गिफ्ट बॉक्स खास तौर पर लाए गए हैं, जो सेम-डे और नेक्स्ट-डे डिलीवरी के साथ मिलेंगे। इस त्योहारी लाइनअप में फिजिकल कार्ड पर 5% तक कैशबैक, ईगिफ्ट कार्ड पर 150 रुपये तक कैशबैक, जेन एआई से चलने वाले नए पर्सनलाइजेशन फीचर, और अमेज़न पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए फ्लैट 2% असीमित कैशबैक शामिल है। गिफ्ट कार्ड की शुरुआती कीमत सिर्फ 10 रुपये है, और इन्हें अमेज़न पर फैशन और इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर ग्रॉसरी और गेमिंग तक 15 करोड़ से ज्यादा प्रोडक्ट और 20, 000 से ज्यादा पार्टनर ऐप पर इस्तेमाल किया जा सकता है। जन्मदिन, शादी और दिवाली की तरह रक्षाबंधन भी भारत के सबसे बड़े गिफ्टिंग मौकों में गिना जाता है। अमेज़न पे द्वारा 13 भारतीय शहरों में कराए गए एक अध्ययन में पता चला कि हर उपहार के पीछे भावना ही सर्वोपरि होती है।

### एआई विज्ञापन की दुनिया को बदल रहा

**रायपुर, 22 अगस्त।** अमेज़न एड्स ने आज अपने एक नए अध्ययन के नतीजे पेश किए, जिससे पता चलता है कि एआई भारत के SMBs के लिए विज्ञापनों की दुनिया को कैसे बदल रहा है। अध्ययन के मुताबिक, एआई छोटेबिजनेस को महँगे खर्च, विज्ञापन की जटिलताओं और कम संसाधनों जैसी पुरानीदिक्कतों से निपटने में मदद कर रहा है। इसकी मदद से अब बेहतरीन और बड़ेस्तर के विज्ञापन करना बेहद आसान हो गया है। करीब 87% छोटे कारोबारियोंका कहना है कि एआई टूल्स की वजह से वे अब उन प्लेटफॉर्म्स, दर्शकों औरफॉर्मेट्स तक पहुँच पा रहे हैं जो पहले मुमकिन नहीं लगते थे, जैसे कि स्ट्रीमिंगटीवी पर वीडियो विज्ञापन चलाना। सिर्फपहुँच ही नहीं, बल्कि 75% कारोबारियोंका मानना है कि एआई विज्ञापनों से उनके बिजनेस की ग्रोथ बढ़ी है। इसकेअलावा, 68% लोगों का कहना है कि आसान एआई टूल्स मिलने से वे अपनेविज्ञापनों को और भी ज़्यादा क्रिएटिव बना पा रहे हैं।

### भारत में लॉन्च हुई नई बीएमडब्ल्यूएक्स1

**रायपुर, 22 अगस्त।** नई बीएमडब्ल्यूएक्स1 लॉन्ग व्हीलबेस को आज भारत में लॉन्च किया गया। बीएमडब्ल्यूएक्स1 देश की सबसे सफल लग्जरी स्पोर्ट्स एक्टिविटी व्हीकल है और अब इसका नया अवतार लॉन्ग व्हीलबेस पेश किया गया है, जिसमें मिलती है बेहतर प्रदर्शन के साथ कई डिजिटल अपग्रेड्स। नई बीएमडब्ल्यूएक्स1 लॉन्ग व्हीलबेस का पेट्रोल वेरिएंट BMW ग्रुप प्लांट चेन्नई में स्थानीय रूप से उत्पादित किया जाता है और आज से BMW डीलरशिप पर इसकी बुकिंग की जा सकती है। हरदीप सिंह बरार, प्रेसिडेंट और CEO, BMW ग्रुप इंडिया ने कहा, बीएमडब्ल्यूएक्स1 भारत में एक शानदार सफलता की कहानी रही है और लग्जरी स्क्र सेगमेंट में अपनी बढ़त बनाए हुए है। नई बीएमडब्ल्यूएक्स1 लॉन्ग व्हीलबेस एक दमदार नई पेशकश के साथ इस बढ़त को और आगे बढ़ाती है। ज्यादा जगह, ज्यादा आराम, ज्यादा टेक्नोलॉजी और ज्यादा शानदार मौजूदगी। अपने सेगमेंट की सबसे लंबी, सबसे ऊंची और सबसे चैड़ी कार होने के नाते, यह ऐसी जगह और पिछली सीट पर ऐसा आराम देती है।

### निवेशकों को वैल्यू और मोमेंटम का नया विकल्प

**रायपुर, 22 अगस्त।** निवेशक चाहते हैं कि उनका पैसा ऐसे शेयर्स में लगे, जिनमें आगे बढ़ने की अच्छी संभावना हो। साथ ही, वे ऐसा निवेश विकल्प भी चाहते हैं, जिसमें बाजार के बदलते रुझानों के साथ जरूरी बदलाव किए जा सकें। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफने बीएसई 500 मोमेंटम वैल्यू 50 इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह चुनिंदा यूलिप प्लान के जरिए ग्राहकों को वैल्यू और मोमेंटम पर आधारित लंबी अवधि के इक्विटी निवेश का मौका देगा। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफके मुख्य निवेश अधिकारी मनीष कुमार ने कहा, ÷यह फंड वैल्यू और मोमेंटम, दोनों को साथ लेकर चलता है। इसका उद्देश्य ऐसी कंपनियों को चुनना है, जिनकी कीमत आकर्षक हो और जिनके शेयर में अच्छा रुझान दिख रहा हो। इससे ग्राहकों को सोच-समझकर निवेश करने का एक आसान और व्यवस्थित तरीका मिलता है। पोर्टफोलियो की हर तीन महीने में समीक्षा होगी। इससे बाजार में कंपनियों की कीमत और उनके प्रदर्शन में बदलाव के हिसाब से निवेश में जरूरी बदलाव किए जा सकेंगे।

# अब बीओटी मॉडल पर बनेंगी राज्य की सड़कें

## छत्तीसगढ़ में इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण में बड़ा बदलाव, हाउसिंग बोर्ड को मिली कमान

**रायपुर, 22 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को नई गति देने के लिए राज्य सरकार ने एक बड़ा नीतिगत फैसला लिया है। प्रदेश में अब सड़कों के निर्माण के लिए बीओटी (बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर) मॉडल लागू होने जा रहा है। विशेष रूप से माइनिंग और इंडस्ट्रियल क्षेत्रों की सड़कों का कायाकल्प इसी मॉडल के तहत किया जाएगा। इस पूरी योजना के क्रियान्वयन और देखरेख के लिए छत्तीसगढ़ हाउसिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बोर्ड को नोडल एजेंसी बनाया गया है।

### निजी कंपनियां करेंगी निवेश टोल से होगी भरपाई

बीओटी मॉडल की व्यवस्था के तहत निजी कंपनियां सड़कों के निर्माण में अपना पैसा लगाएंगी। सड़क निर्माण पूरा होने के बाद, कंपनियां अपनी लागत और मुनाफा वसूलने के लिए कमर्शियल और पब्लिक वाहनों से तय सीमा तक टोल टैक्स वसूल सकेंगी। एक निश्चित समय अवधि पूरी होने के बाद सड़क का मालिकाना हक और रखरखाव पूरी तरह से राज्य सरकार को हस्तांतरित कर दिया जाएगा।



### अंडा से बालोद तक बनेगी पहली 45 किमी लंबी बीओटी सड़क

इस नई नीति के तहत सबसे पहला पायलट प्रोजेक्ट अंडा से बालोद मार्ग चुना गया है। इस 45 किमी लंबी सड़क का निर्माण बीओटी मॉडल पर किया जाएगा। औद्योगिक और माइनिंग गतिविधियों के कारण इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है, जिससे बीओटी मॉडल को यहां लागू करना बेहद व्यावहारिक माना जा रहा है।

### सरकार और जनता को होगा ये फायदा

- » **सरकारी खजाने पर शून्य बोझ:** सरकार को बिना अपना फंड अटकाए विश्वस्तरीय सड़कें मिलेंगी।
- » **सड़कों की गुणवत्ता में सुधार:** निजी कंपनियों पर रखरखाव की जिम्मेदारी होने से सड़कों की लाइफऔर क्वालिटी बेहतर होगी।
- » **समय पर निर्माण:** वित्तीय हित जुड़े होने के कारण कंपनियां परियोजना को तय समय-सीमा के भीतर पूरा करेंगी।
- » **राज्य सरकार के** इस कदम से छत्तीसगढ़ के औद्योगिक और माइनिंग इलाकों में लॉजिस्टिक्स और कनेक्टिविटी का परिदृश्य पूरी तरह बदलने की उम्मीद है।

# धर्मांतरण के आरोप में तीन महिलाएं गिरफ्तार

## भनपुरी में चल रही थी प्रार्थना सभा

**रायपुर, 22 अगस्त।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के भनपुरी इलाके में कथित तौर पर धर्मांतरण कराने के आरोप में पुलिस ने तीन महिलाओं लक्ष्मी निषाद, सुरेखा और सुषमा कौशिक को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए हंगामे और विरोध प्रदर्शन के बाद हुई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, भनपुरी स्थित एक निजी मकान में अवैध रूप से प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा था। आरोप है कि इस सभा में लोगों को बीमारी ठीक होने का झांसा देकर और प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराया जा रहा था। इसके अलावा, प्रार्थना सभा के दौरान हिंदू देवी-देवताओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां करने का भी आरोप लगा है।

### बजरंग दल ने किया हंगामा

घटना की सूचना मिलते ही छत्तीसगढ़ बजरंग दल के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने वहां चल रही गतिविधियों को तत्काल रोकने की मांग की और पुलिस को



मामले की जानकारी दी।

### मामला दर्ज, पुलिस जांच जारी

मौके पर पहुंची खमतराई/भनपुरी पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और शिकायत के आधार पर तीनों महिलाओं के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस फिलहाल मामले की विस्तृत जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस प्रार्थना सभा का आयोजन कब से और किस उद्देश्य से किया जा रहा था।

# दिनेश मिश्र को लाइफटाइम एचीवमेंट अवार्ड



**रायपुर, 22 अगस्त।** प्रदेश के वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ दिनेश मिश्र को राजधानी में आयोजित समारोह में चिकित्सा एवं समाजसेवा में दीर्घ कालीन योगदान के लिए लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया . पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने डॉ. दिनेश मिश्र को एवार्ड देकर सम्मानित किया. कार्यक्रम में बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर, राजेश मूणत पूर्व मंत्री एवं विधायक रायपुर, पुरन्दर मिश्रा, विधायक, मोतीलाल साहू विधायक, मीनल चौबे महापौर रायपुर, डॉ विद्याकांत त्रिवेदी, डॉ उपेन्द त्रिवेदी, डॉ . उत्कर्ष त्रिवेदी उपस्थित रहे.

डॉ दिनेश मिश्र सन् 1995 से प्रदेश में सामाजिक अंधविश्वास एवं कुरीतियों के खिलाफ जनजागरण अभियान चला रहे हैं डॉ मिश्र के प्रयासों से प्रदेश में टोनही प्रताड़ना के विरोध में कानून बना .वे प्रताड़ित महिलाओं के कल्याण, पुनर्वास के लिए भी प्रयत्नशील हैं साथ ही सामाजिक बहिष्कार से पीड़ित परिवारों के लिए कार्य कर रहे है साथ ही इस संबंध में कानून बनाने किए संघर्षरत हैं. साथ ही एक वरिष्ठ चिकित्सक के रूप में 300 से निशुल्क शिविरों में सेवा प्रदान कर चुके हैं तथा दिवाली और होली में पिछले 35 वर्षों में निःशुल्क 70 शिविर आयोजित कर चुके हैं.

### उरकुरा गेट पर नई रेलवे लाइन बिछाने के कार्य के लिए सड़क यातायात रहेगा बंद

**रायपुर, 22 अगस्त।** रायपुर रेल मंडल द्वारा समपार क्रमांक 414, उरकुरा गेट, किमी 823/10-08 पर नई रेलवे लाइन बिछाने का कार्य किया जाना है। इस कार्य के सुचारु एवं सुरक्षित निष्पादन हेतु दिनांक 26 अगस्त 2026 को शाम 06:00 बजे से आगामी आदेश तक, सामान्यतः 27 अगस्त 2026 की सुबह 06:00 बजे तक, संबंधित समपार सड़क मार्ग पर आवागमन बंद रहेगा। यह समपार मांढरक्कउरकुरा रेलखंड में स्थित है। कार्यस्थल का मार्ग डब्ल्यू.आर.एस.- उरकुरा पहुंच मार्ग, रेलवे परिसर, समपार क्रमांक 414, उरकुरा मेन गेट है। रेलवे द्वारा आम नागरिकों एवं वाहन चालकों से अनुरोध किया गया है कि उक्त अवधि में उरकुरा गेट से आवागमन न करें तथा वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों, स्थानीय नागरिकों एवं वाहन चालकों से अपील की है कि कार्य अवधि के दौरान सहयोग प्रदान करें, ताकि रेलवे का कार्य सुरक्षित एवं निर्धारित समय में पूरा किया जा सके।

# आजादी की लड़ाई के समय से ही वंदे मातरम के दो पैराग्राफ गायन की परंपरा : कांग्रेस

**रायपुर, 22 अगस्त।** अंग्रेजों की चाटुकारिता करने वाले कांग्रेस को वंदे मातरम का पाठ पढ़ा रहे। प्रदेश कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि पिछले तीन दिनों से भारतीय जनता पार्टी का हर छोटा-बड़ा नेता, कांग्रेस को वंदे मातरम के सम्मान का पाठ पढ़ा रहा। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता आदरणीय सोनिया गांधी जी के बारे में अनर्गल और झूठी बाते कर रहे, जबकि कांग्रेस मुख्यालय में पूरा वंदे मातरम गायन हुआ था। आजादी के बाद से कांग्रेस कार्यक्रमों वंदे मातरम के दो ही पैराग्राफगायन किया जाता था तथा संविधान सभा में भी यही अंगीकार हुआ था।



प्रदेश कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि जो भाजपा आजादी के लड़ाई के समय अंग्रेजों की चाटुकारिता करती थी, तब कांग्रेस के नेता वंदे मातरम गाकर अंग्रेजों का विरोध करते थे। उस समय भाजपाई अंग्रेजों का साथ देते थे। भाजपा, कांग्रेस को वंदे मातरम देशभक्ति न सिखाये।

प्रदेश कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि कांग्रेस तो हर कार्यक्रम में वंदे मातरम गाते है, आरएसएस भाजपा को चुनौती है अपने कार्यालय में वंदे मातरम गाने का एक वीडियो जारी करे। जो लोग 52 सालों तक तिरंगा नहीं फहराये, अब वंदे मातरम पर प्रलाप कर रहे है।

प्रदेश कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि वंदे मातरम के लिए कांग्रेस को भाजपा से सीख लेने की जरूरत नहीं। कांग्रेस तो आजादी की लड़ाई के समय से भारत के जनजागरण के हथियार के रूप में वंदे मातरम का उपयोग करती रही है। आजादी की लड़ाई में जब कांग्रेस ने वंदे मातरम का गायन किया, तब भाजपा उसका विरोध करती थी। प्रधानमंत्री मोदी से लेकर भाजपा का हर छोटा-बड़ा नेता खुद को बड़ा देशभक्त साबित करने वंदे मातरम पर बयान दे रहा, लेकिन यह सिर्फ भाजपाईयों का दिखावा है।

### शक्कर व्यापारियों के साथ स्टॉक सीमा को लेकर प्रशासन की बैठक



**रायपुर, 22 अगस्त।** कैट के नेशनल वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन सुरिन्दर सिंह, जीवत बजाज, प्रदेश महामंत्री अवनीत सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, वासु माखीजा, राम मंधान, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि माननीय कलेक्टर, जिला रायपुर के निर्देश पर अपर कलेक्टर कीर्तिमान राठौर की अध्यक्षता में कलेक्टर खाद्य शाखा, रायपुर में जिले के शक्कर व्यापारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स के नेशनल वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी ने बताया कि बैठक में खाद्य नियंत्रक, जिला रायपुर भूपेन्द्र मिश्रा, सहायक खाद्य अधिकारी बिंदु प्रधान एवं खाद्य निरीक्षक विवेक मिश्रा सहित कैट छत्तीसगढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष राम मन्धान के नेतृत्व में डूमरतराई व्यापारी कल्याण महासंघ के अध्यक्ष प्रेम पाहुजा एवं बड़ी संख्या में शक्कर व्यापारी उपस्थित रहे।

# राजधानी को निखारने क्रेडाई का अभियान

**रायपुर, 22 अगस्त।** शहर की सुंदरता, संस्कृति और समाज को सम्मानित करने के उद्देश्य से क्रेडाई ने 'क्रेडाई सेलेब्रेट्स रायपुर' नामक एक विशेष अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत क्रेडाई के सदस्यों ने शहर के विभिन्न वर्गों, संस्थाओं और प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात कर शहर के विकास और भलाई में अपना योगदान दिया।

**दिव्यांग बच्चों के साथ शुभ शुरुआत :** अभियान की शुरुआत 'दिव्यांग अर्पण पब्लिक स्कूल' से हुई। सदस्यों ने इन विशेष बच्चों के साथ समय बिताया और उनके चेहरों पर मुस्कान लाने के लिए उन्हें स्कूल बैग्स भी वितरित किए।

**बेसहारा पशुओं की सेवा :** इसके बाद क्रेडाई की टीम 'एनिमल वाटिका' पहुंची, जहां उन्होंने बेसहारा जानवरों के साथ समय बिताया। टीम ने संस्था के कल्याण कार्यों में अपना सहयोग



प्रदान किया और इस नेक काम के लिए आर्थिक सहायता भी की। सामाजिक कार्यों के अलावा, क्रेडाई सदस्यों ने रायपुर की महापौर मीनल चौबे से भी मुलाकात की और उन्हें इस अभियान के लिए तैयार किया गया विशेष गीत ÷आओ चलो दोस्तों, तुम्हें रायपुर दिखाता हूँ÷ प्रस्तुत किया। टीम ने महापौर से उनकी 'रायपुर की कहानी' साझा करने का निवेदन किया और शहर के उज्ज्वल भविष्य के लिए क्रेडाई के विजन से उन्हें अवगत कराया।

**नगर निगम का मिला पूर्ण समर्थन :** अंत में, टीम ने नगर निगम कमिश्नरेट में भी अपना गीत और अभियान का उद्देश्य प्रस्तुत किया। नगर निगम के अधिकारियों ने क्रेडाई की इस पहल की सराहना की और सुझाव दिया कि इस अभियान के माध्यम से शहर में कचरा न फैलाने और अन्य नागरिक कर्तव्यों के प्रति भी जागरूकता फैलाई जाए। क्रेडाई ने इस सामाजिक जिम्मेदारी को निभाने पर पूर्ण सहमति जताते हुए अभियान को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### बिन्नीबाई सोनकर स्कूल के विद्यार्थियों का सम्मान



**रायपुर, 22 अगस्त।** छात्र-छात्राओं से संवाद कार्यक्रम के तहत रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी आज 22 अगस्त को नगर माता बिन्नी बाई सोनकर स्कूल भाठागांव पहुंचे और 85 प्रतिशत से अंक प्राप्त करने वाले दसवीं एवं बारहवीं के 31 विद्यार्थियों को उत्कृष्ठता प्रमाण पत्र के साथ 5000-5000 रूप्ये का चेक प्रदान किया। अभी तक रायपुर दक्षिण विधानसभा अंतर्गत लगभग 200 विद्यार्थी चयनित किए गए हैं, जिन्हें सम्मानित किया जा रहा है। स्कूलों में ऐसे विद्यार्थियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और जिनके नाम छूट गए हैं, विधायक सोनी ने उन्हें प्रमाण पत्र के साथ-साथ नकद 5000 रूपये की राषि देकर सम्मानित कर रहे हैं। इससे विद्यार्थियों में अत्यंत उत्साह है। कक्षा दसवीं के पुष्पेन्द्र सोनकर, खोमेष सिन्हा, विशेष वर्मा, नीता टेमरे, तुषार रात्रे, अक्षरा कोतु, श्रद्धा हरिनखेड़े, साक्षी साहू, तृप्ति साहू, गरिमा बाग, ईशांत माली, संध्या वर्मा, अभिनय गवांडे, भूमि तारक, रितिक परिहार, छायन रावत, अंकिता चैहान, निलिम नेताम, लीना साहू, चंचल गौतम तथा बारहवी के गौरव यादव, भूपेन्द्र साहू, निशा शर्मा, श्रेया धनगर शामिल हैं, जिन्हें उत्कृष्ठता प्रमाण पत्र और 5 हजार का चेक प्रदान किया गया।

### मौलिक लेखन पुरस्कार योजना के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित

**रायपुर, 22 अगस्त।** रेल मंत्रालय, रेलवे बोर्ड द्वारा रेलों के सेवारत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों के साथ-साथ आम भारतीय नागरिकों में तकनीकी रेल विषयों पर हिंदी में मौलिक पुस्तक लेखन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'लाल बहादुर शास्त्री तकनीकी मौलिक लेखन पुरस्कार योजना-2025' लागू की गई है। योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट मौलिक पुस्तकों का चयन कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। योजना के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार 20,000/-, द्वितीय पुरस्कार 10,000/- तथा तृतीय पुरस्कार 7,000/- एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा। योजना का उद्देश्य तकनीकी रेल विषयों पर हिंदी में अधिकाधिक मौलिक साहित्य उपलब्ध कराने तथा लेखकों की साहित्यिक एवं तकनीकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है।

### नगरीय निकायों को एल्डरमैन निधि के 9.44 करोड़ जारी

**रायपुर, 22 अगस्त।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगरीय निकायों हेतु कुल 9 करोड़ 44 लाख 25 हजार रुपए की एल्डरमैन निधि जारी की है। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत एल्डरमैन निधि की प्रथम किस्त की 50 प्रतिशत राशि विभाग द्वारा जारी की गई है। इस मद से मनोनीत पार्षदों (एल्डरमैन) की अनुशंसा पर विकास कार्य किए जाते हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने नगरीय निकायों को ये राशि जारी कर दी है। साव ने नगरीय निकायों को इस निधि का सदुपयोग करते हुए राज्य की शहरी आबादी तक योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा राज्य के 10 नगर निगमों में एल्डरमैन निधि के कुल 2 करोड़ 7 लाख रुपए जारी किए गए हैं। 53 नगर पालिकाओं में कुल 3 करोड़ 93 लाख रुपए और 102 नगर पंचायतों में कुल 3 करोड़ 44 लाख 25 हजार रुपए की एल्डरमैन निधि विभाग द्वारा जारी की गई है।

# पीएम आवास योजना (शहरी) के क्रियान्वयन में छग की सराहना

**रायपुर, 22 अगस्त।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव सोनमणि बोरा ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव सत्येन्द्र सिंह से मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान केन्द्रीय सचिव को राज्य के नगरीय निकायों में भारत सरकार की योजनाओं के क्रियान्यवन की जानकारी दी। बोरा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी 2.0) की प्रगति से अवगत कराए जाने पर आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य में इसके प्रभावी क्रियान्वयन की सराहना की। बोरा ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 1.0 के कार्यों को विस्तायरित कार्यावधि के भीतर पूर्ण कराने के लिए राज्य शासन द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना की जानकारी दी। राज्यू शहरी विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन



अधिकारी सुमीत अग्रवाल भी इस दौरान मौजूद थे।

प्रमुख सचिव बोरा ने सिंह से नई दिल्ली के 'संकल्प भवन' में हुई मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ में विभिन्नि केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं अरबन चैलेंज फण्डक, मिशन अमृत और स्व च्छन भारत मिशन (शहरी) की प्रगति की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने राज्यर की ओर से समयबध्द् तरीके से इन योजनाओं के क्रियान्व यन के प्रति प्रतिबध्द ता जताई। बोरा ने केन्द्र सरकार के सचिव को बताया कि अरबन चैलेंज फण्ड? के अंतर्गत छत्ती सगढ़ को 6000 करोड़ रुपए के केन्द्रीनय एलोकेशन में से 1500 करोड़ रुपए की राशि आबंटन के लिए प्रावधानित की गई है। अरबन चैलेंज फण्ड् के तहत रायपुर में गंज मण्डी, टर्शरी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांगट, नवीन मार्केट रिडेव्हडल्पहमेंट, पुरानी म्यूतनिसिपल बिल्डिंग के पुनर्विकास एवं भिलाई-दुर्ग क्लहस्ट, र में हाइब्रिड मॉडल में वेस्ट-टू-एनर्जी प्लां ट का चिन्हांकन किया गया है। इसके लिए राज्य स्तसर पर हुडको से वित्ती य सहायता एवं क्षमता विकास के लिए कार्ययोजना पर द्रुतगति से कार्य किया जा रहा है। प्रमुख सचिव ने अरबन चैलेंज फण्डप अंतर्गत समय-सीमा के भीतर भारत सरकार को प्रस्तामव प्रेषित करने की प्रतिबध्दडता व्यपक्तय की।

# रेडियो श्रोता अश्लील एवं द्विअर्थी गानों के खिलाफ जनजागरण करें : बजाज

**रायपुर, 22 अगस्त।** छत्तीसगढ़ रेडियो श्रोता संघ के संयोजक अशोक बजाज ने रेडियो अथवा अन्य संचार माध्यमों से प्रसारित होने वाले अश्लील एवं द्विअर्थी गानों पर आपत्ति प्रकट करते हुए कहा कि यह पाश्चात्य संस्कृति की देन है, इससे समाज में विकृति बढ़ रही है. भारतीय सभ्यता पर आधारित पुराने फ़िल्मी गीत भावपूर्ण, कर्णप्रिय, प्रेरक एवं सदाबहार हैं. इसमें हृदय को छू लेने वाले संगीत और गहरे अर्थ वाले शब्दों का अद्भुत मेल होता है। उक्त उदगार उन्होंनें रेडियो श्रोता दिवस के अवसर पर भिलाई में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय रेडियो श्रोता सम्मेलन के उदघाटन सत्र में व्यक्त किये। उन्होंने रेडियो श्रोताओं से अश्लील गानों से परहेज करने तथा इसके खिलाफदेश भर में जन-जागरण करने की अपील करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को फूहड़ गानों के दुष्प्रभाव से बचाना हम सबका दायित्व है.

बजाज जो कि भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य भी हैं, ने आकाशवाणी एवं विविध भारती के कार्यक्रमों से गुणवत्तायुक्त हिंदी सीखने व



बोलने में मदद मिलती है। हिंदी के प्रचार प्रसार में रेडियो श्रोताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर रेडियो श्रोता संघों का फेडरेशन बनाया जाएगा। फेडरेशन रेडियो को जीवंत बनाये रखने तथा उनके कार्यक्रमों की गुणवत्ता सुधारने में प्रभावी भूमिका अदा करेगा। बजाज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम के लिए रेडियो को माध्यम बनाए जाने देश में रेडियो की महत्व बड़ी है।

अखिल भारतीय रेडियो श्रोता सम्मेलन में

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26